रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 14 अक्टूबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-59 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### प्रदेशवासियों को सीएम ने दी शरद पूर्णिमा की बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने ट्वीटर एकाउंट पर बधाई संदेश पोस्ट करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा-आज शरद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा सम्पूर्ण सोलह कलाओं से युक्त होकर अमृत वर्षा करता है। शरद पूर्णिमा का चांद सबसे सुंदर होता है। आज की अमृत वर्षा हम सबके जीवन को सुख और समृद्धि से भरेगी, ऐसी मैं आशा करता हूं।



### इंस्टाग्राम पर 3 करोड़ हुई पीएम मोदी के फॉलोअर्स की संख्या, दुनिया में नंबर 1

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। इसी क्रम में पीएम ने एक और मील का पत्थर पार कर लिया, जब इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 3 करोड़ को पार कर गई। वह दुनिया में सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले लीडर्स में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। इंस्टाग्राम पर अब पीएम मोदी से पीछे इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो हैं जिनके 25.6 मिलियन फॉलोअर्स हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के 24.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 39,221 | -28 |
| चांदी | 49,100 | -500 |

## इनसाइड स्टोरी

**राजशाही दशहरा देखने आसपास के अंचल से पहुंचे...**

पेज-04

### मोदी ने वाल्मीकि जयंती पर दी बधाई

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महर्षि वाल्मीकि को सामाजिक न्याय का प्रकाश स्तंभ बताया और वाल्मीकि जयंती पर रविवार को लोगों को बधाई दी। श्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि वाल्मीकि जयंती की बहुत-बहुत बधाई। महर्षि वाल्मीकि के महान विचार हमारी ऐतिहासिक यात्रा के बीज तत्व हैं, जिस पर हमारी परंपरा और संस्कृति पुष्पित-पल्लवित होती रही है। सामाजिक न्याय के प्रकाश-स्तंभ रहे उनके संदेश हमेशा हम सबको प्रेरित करते रहेंगे।

### मंजू को रजत, भारत ने जीते चार पदक

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** युवा मुक्केबाज मंजू रानी ने रूस के उलान उदे में आईबा महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में रविवार को रजत पदक जीता जबकि भारत को इस प्रतियोगिता में एक रजत और तीन कांस्य सहित कुल चार पदक मिले। पहली बार विश्व चैंपियनशिप में भाग ले रही छठी वरीयता प्राप्त मंजू ने अपनी पहली ही विश्व प्रतियोगिता में पदक जीत कर नया इतिहास रचा। मंजू को 48 किग्रा भारवर्ग के फाइनल में मेजबान रूस की दूसरी वरीयता प्राप्त रूस की एकाटेरिना पाल्त्सेवा के हाथों 1-4 से हार का सामना करना प?ा। पांच जजों ने मेजबान रूस की मुक्केबाज के पक्ष में 29-28, 29-28, 30-27, 30-27, 28-29 से फैसला सुनाया।

---

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महाराष्ट्र के जलगांव से प्रचार अभियान शुरू**

# कश्मीर हमारा मस्तक

## हिम्मत है तो विपक्षी दल अनुच्छेद 370 को वापस लाने का वादा करें : मोदी

एजेंसी ◀ मुंबई
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव से विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने अनुच्छेद 370 हटाने और तीन तलाक खत्म करने के विरोध पर विपक्ष को आड़े हाथों लिया। रैली में मोदी ने कहा कि कश्मीर हमारा मस्तक है, नापाक पड़ोसी वहां अशांति फैलाने की कोशिश में जुटा है। अनुच्छेद 370 पर अटल फैसला कुछ नेताओं को मंजूर नहीं है।

मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि दम है तो अपने घोषणापत्र में लिखें- हम 370 को वापस लाएंगे। मोदी इसके बाद भंडारा में भी रैली करेंगे। प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री की राज्य में चार दिन में 9 रैलियां होंगी। मोदी ने कहा कि जनता ने लोकसभा चुनाव में जाति और सम्प्रदाय को भूलकर एक निर्णायक जनादेश दिया। उसने भारत की छवि को चार चांद लगा दिए। आपके इसी जनादेश का परिणाम है कि आज भारत की आवाज दुनिया मजबूती से सुन रही है। विश्व का हर देश, हर क्षेत्र भारत के साथ खड़ा दिखता है। भारत के साथ मिलकर आगे बढ़ने के लिए उत्साहित है।

**मुंबई में 18 अक्टूबर को मोदी की अंतिम रैली-** प्रधानमंत्री बुधवार और गुरुवार को तीन रैलियां करेंगे। इस दौरान वे अकोला, ऐरोली (नवी मुंबई), पर्टूर, पुणे, सतारा और परली जाएंगे।



### विपक्षी कश्मीर-लद्दाख पर घड़ियाली आंसू बहा रहे

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं विरोधियों (कांग्रेस-राकांपा) को चुनौती देता हूं कि आपमें हिम्मत है तो इस चुनाव में फर्म स्टैंड लेकर सामने आएं। अगर दम है तो इस चुनाव में और आने वाले चुनावों में जम्मू कश्मीर और लद्दाख के विषय में अनाप शनाप बातें करने वाले लोग घोषणापत्र में ऐलान करें कि अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे। दावा करें कि 5 अगस्त के निर्णय को पलट देंगे, मैं चुनौती देता हूं। इनमें से किसी में यह दम है क्या? क्या हिंदुस्तान ऐसा किसी को करने देगा। आपका राजनीतिक भविष्य तक नहीं बचेगा। विपक्षियों को पता है उनकी चलने वाली नहीं इसलिए घड़ियाली आंसू बहाने में जुटे हैं। कश्मीर में हालात सामान्य होने में चार महीने भी नहीं लगेंगे।

## मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को खत्म कर दिया, चांद पर रॉकेट भेजने से युवाओं के पेट में भोजन नहीं जाएगा : राहुल गांधी

**लातूर (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के लातूर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के भारत दौरे के बहाने पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने यहां पीएम पर सवाल दागते हुए कहा कि मोदी ने चिनफिंग से पूछा कि डोकलाम में क्या हुआ? उन्होंने कहा कि पीएम मोदी मेक इन इंडिया को मेक इन चाइना में बदलना चाहते हैं। राहुल यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि चांद पर रॉकेट भेजने से युवाओं का पेट नहीं भरने वाला है।



### चीन की सारी कंपनियां भारत में

राहुल गांधी ने कहा कि सारी की सारी चीन की कंपनियां हिंदुस्तान में हैं। कोई भी सामान खरीदो, उस पर मेड इन चाइना लिखा है। भारत की फैक्ट्रियां बंद हो रही हैं और चीन के युवाओं को रोजगार मिल रहा है। गांधी ने मीडिया पर भी हमला बोलते हुए कहा कि मीडिया में किसी ने बंद होती फैक्ट्रियों के बारे में सवाल नहीं पूछा।

### चैन से सोते हैं मेहुल-नीरव जैसे लोग

कांग्रेस नेता ने उद्योगपतियों का कर्ज माफ करने पर भी केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि किसान रात भर जागता है, डरता है कि कर्ज कैसे लौटाऊं और मेहुल चौकसी-नीरव मोदी अच्छी नींद लेते हैं। इसके अलावा गांधी ने जीएसटी और नोटबंदी को लेकर भी केंद्र सरकार की आलोचना की।

---

## अर्थव्यवस्था पर रविशंकर ने अपना बयान वापस लिया

### प्रियंका गांधी ने कहा- *मंत्री जी फिल्मी दुनिया से बाहर निकलिए*

एजेंसी ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने अर्थव्यवस्था पर अपना बयान वापस ले लिया है। शनिवार को मुंबई में प्रसाद ने कहा था कि देश में आर्थिक मंदी नहीं है। उन्होंने तर्क दिया था कि पिछले दिनों तीन फिल्मों ने मिलकर एक दिन में 120 करोड़ रुपए की कमाई की। इससे साबित होता है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत है। अब उन्होंने प्रेस रिलीज जारी करके कहा है कि उनका बयान आंकड़ों के आधार पर सही था, लेकिन इसका गलत मतलब निकलने पर उन्हे खेद है।

प्रसाद ने अपने लिखित बयान में कहा, मैने अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार की तरफ से उठाए गए कदमों का विस्तृत ब्यौरा दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार



हमेशा आम आदमी के प्रति संवेदनशील रही है। मेरा पूरा बयान सोशल मीडिया पर मौजूद है। मुझे अपने बयान से गलत संदेश जाने का दुख है। मैं एक संवेदनशील व्यक्ति होने के नाते अपने बयान को वापस लेता हूं।

प्रसाद ने ये भी कहा कि मुंबई में होने की वजह से उन्होंने फिल्म उद्योग का हवाला दिया था। फिल्मों से देश को टैक्स के तौर पर बड़ा योगदान तो मिलता ही है, साथ ही लाखों लोगों को रोजगार भी मिलता है।

### फिल्मों की कमाई आर्थिक मजबूती का सबूत : प्रसाद

प्रसाद ने कहा था कि 2 अक्टूबर को तीन फिल्में रिलीज हुई थीं। फिल्म उद्योग के विश्लेषक कोमल नाथ का हवाला देते हुए उन्होंने कमाई का आंकड़ा रिकॉर्ड 120 करोड़ रुपए पहुंचने की बात कही थी। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार करने मुंबई पहुंचे प्रसाद ने कहा था, 'मैं अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में सूचना एवं प्रसारण मंत्री था। मुझे फिल्में देखना पसंद है। फिल्मों के जरिए बड़ा व्यापार होता रहा है।

### प्रियंका का तंज- मंत्री जी, हकीकत से मुंह मत चुराइए

इधर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रसाद पर तंज कसते हुए उन्हें फिल्मी दुनिया से बाहर निकलने की सलाह दी है। प्रियंका ने ट्वीट करके कहा, 'ये दुख की बात है कि जब देश में लाखों लोग नौकरियां खो रहे हैं, उनके पैसे पर बैंक कुंडली मारकर बैठे हैं, सरकार को जनता के दुख की फिक्र नहीं है। उन्हें फिल्मों के मुनाफे की परवाह है। मंत्री जी फिल्मी दुनिया से बाहर निकलिये। हकीकत से मुंह मत चुराइये।'

---

## हरियाणा और महाराष्ट्र में प्रचार के लिए रमन सिंह भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची से बाहर

- केन्द्रीय नेतृत्व ने पूर्व मुख्यमंत्री का घटाया कद
- छत्तीसगढ़ से केवल सरोज पांडे का नाम

संजय पांडेय ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के तीन बार मुख्यमंत्री रहे रमन सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने स्टार प्रचारकों की सूची से बाहर कर दिया है। प्रदेश से केवल राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का नाम हरियाणा और महाराष्ट्र राज्य के लिए जारी स्टार प्रचारकों की सूची में है। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का नाम केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा हटाए जाने से दिल्ली में उनका कद कमजोर होने से भी आंका जा रहा है। एक रोज पहले जारी हुई स्टार प्रचारकों की सूची देखने से सरोज पांडेय का कद भारतीय जनता पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष उंचा



दिखाई दे रहा है। उन्हें हरियाणा और महाराष्ट्र दोनों राज्यों में प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है।

**प्रदेश में हुआ भाजपा का बुरा हाल-** गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव में लगातार बुरी तरह पराजय होने के बाद भारतीय जनता पार्टी की हालत छत्तीसगढ़ में बेहद खराब बनी हुई है। दंतेवाड़ा उपचुनाव बुरी तरह ➢शेष पेज 8 पर

### केवल नाम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

वैसे तो पूर्व सीएम भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी है मगर इसी पद पर बैठे मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को जहां कई प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है वही रमन सिंह केवल नाम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रह गए है। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के इस कदम से विरोधियों को एक बार फिर से चुटकी लेने का मौका मिल गया है।

### घोटाले के आरोप से गिरी इमेज

मुख्यमंत्री डाक्टर रमन सिंह की केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष इमेज गिरने के पीछे उनका और परिवार वालों का नाम लगातार घोटालों में आना बताया जा रहा है। रमन सिंह का नाम नागरिक आपूर्ति निगम घोटाले में सामने आया है। उनकी पत्नी वीणा सिंह पर भी नान घोटाला मामले में संलिप्तता का आरोप है। वही दामाद पुनीत गुप्ता पर डीकेएस सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में करोड़ों रुपए घोटाले का आरोप है। इसे देखते हुए केन्द्रीय नेतृत्व ने रमन सिंह को अनदेखा करते हुए उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची से बाहर कर दिया है।

---

## चित्रकोट उपचुनाव हारने के बाद भाजपा कहेगी नक्सलियों ने कांग्रेस को चुनाव जितवाया : कवासी लखमा

### बस्तर से होगा भाजपा का सफाया

**रायपुर।** चित्रकोट उपचुनाव जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है भाजपा व कांग्रेस के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज होता जा रहा है। भाजपा कांग्रेस दोनों पार्टियों के नेता जनता को क्षेत्र के विकास का विश्वास दिलाने में लगे है। रविवार को आबकारी मंत्री कवासी लखमा ने दावा किया कि बस्तर से भाजपा का सफाया हो जायेगा। दंतेवाड़ा के बाद अब चित्रकोट का चुनाव भी वे हार रहे हैं। कवासी लखमा ने यह भी कहा चित्रकोट का चुनाव हारते ही भाजपा नेताओं का बयान आयेगा नक्सलियों ने कांग्रेस को चुनाव जितवा दिया। आबकारी मंत्री ने कहा



भाजपा नेता नारायण चंदेल केदार कश्यप व महेश गागड़ा मुख्य रुप से यहां प्रचार करके आदिवासियों को रिझाने में लगे हैं। जो काम 15 साल में भाजपा सरकार ने किया वही तो यहां दिख रहा है कांग्रेस ने क्या किया है आदिवासी जानते हैं। झूठ का सहारा लेकर वे चुनाव सत्ता के बल पर जीतने की सारी कोशिशें कर रहे हैं। लेकिन बस्तर की जनता भाजपा को बहुत अच्छे से समझ गई है अब बस्तर की जनता ने बस्तर से भाजपा को मिटाने का फैसला कर लिया है।

---

## सलमान खुर्शीद का यूटर्न अब कहा- राहुल गांधी बने रहे पार्टी अध्यक्ष

एजेंसी ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी को पार्टी अध्यक्ष के रूप में वापस आ जाना चाहिए। उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में पार्टी हार का आत्मविश्लेषण भी नहीं कर पाई। क्योंकि उनके नेता चुनाव के बाद अध्यक्ष पद छोड़कर कहीं चले गए थे। इस पर पार्टी नेता पवन खेड़ा ने कहा कि खुर्शीद को इस तरह की टिप्पणी करने से बचना चाहिए। खेड़ा ने चुनाव के



बाद राहुल गांधी के अध्यक्ष पद से हटने की बात को खारिज किया। उन्होंने कहा कि खुर्शीद को ऐसी टिप्पणी करने के बजाय भाजपा सरकार की गुंडागर्दी को उजागर करने की दिशा में काम करना चाहिए। शुक्रवार को खुर्शीद ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, ''मैं काफी हैरान हूं कि मुझे ऐसे लोग ज्ञान दे रहे हैं, जो विश्वसनीयता और सियासी रणनीति के बारे में कुछ नहीं जानते। मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि विश्वास और निष्ठा ➢शेष पेज 8 पर

### 'कांग्रेस को भाजपा की तरह नहीं होना चाहिए'

कांग्रेस के अपने साथियों को संबोधित करते हुए खुर्शीद ने कहा, ''मैं गांधी परिवार का समर्थन करता हूं, क्योंकि निजी कृतज्ञता और भारतीय लोकतंत्र के बारे में मेरी निजी समझ ऐसा करने को कहती है। कठिन समय में रणनीतिक चुप्पी समझदारी है, लेकिन साझा भविष्य के लिए भी बोलना भी उतना ही जरूरी है। पानी के ऊपर केवल मरी हुई मछलियां ही तैरती हैं। कांग्रेस भाजपा की तरह नहीं है और उसे होना भी नहीं चाहिए।''

---

**तीन टेस्ट की सीरीज का आखिरी मैच 19 अक्टूबर से रांची में होगा**

# भारत की द. अफ्रीका पर सबसे बड़ी जीत, पारी और 137 रन से हराया, कोहली मैन ऑफ द मैच

एजेंसी ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने पुणे में खेले गए तीन टेस्ट की सीरीज के दूसरे मैच में दक्षिण अफ्रीका को पारी और 137 रन से हरा दिया। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। पारी के लिहाज से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह सबसे बड़ी जीत है। भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पिछली बार 2010 में पारी और 57 रन से हराया था। साथ ही टीम इंडिया की घरेलू मैदान पर ये लगातार 11वीं सीरीज जीत है। पिछली बार उसे 2012 में इंग्लैंड ने हराया था। पहली पारी में नाबाद 254 रन बनाने वाले भारतीय कप्तान विराट कोहली को मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया।

मैच में भारत ने पहली पारी में 5 विकेट पर 601 रन बनाकर पारी घोषित की थी। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 275 पर ऑलआउट हुई। फॉलोऑन खेलते हुए दूसरी पारी में अफ्रीकी टीम 189 रन ही बना सकी। दोनों टीमों के बीच सीरीज का आखिरी मैच 19 अक्टूबर से रांची में होगा। पहला टेस्ट भारत 203 रन से जीता था।

**भारत ने पहली पारी में 601/5 रन बनाए थे, दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 275 और दूसरी पारी में 189 रन बनाए**



| | |
|---|---|
| विराट कोहली | 254 |
| मयंक अग्रवाल | 108 |
| जडेजा | 91 |
| रहाणे | 59 |

### कोहली ने अजहर की बराबरी की

कोहली की कप्तानी भारत की पारी से ये आठवीं जीत हैं। इस मामले में उन्होंने मोहम्मद अजहरुद्दीन की बराबरी कर ली। उनसे आगे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी (9) हैं। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका की टीम फरवरी 2010 के बाद पहली बार भारत के खिलाफ पारी से हारी।

---

**राजनाथ का कांग्रेस को जवाब**

## क्या हम घर पर 'ऊँ' नहीं लिखते, ऐसे बयान पाक को ताकत देते हैं

एजेंसी ◀ करनाल (हरियाणा)
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राफेल विमान मिलने के बाद, शस्त्र पूजा की आलोचना करने पर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, ऐसे बयानों से पाकिस्तान को ताकत मिलती है।

राजनाथ सिंह ने कहा कि हमें एक नया विमान मिला है, जो बेहद ताकतवर है। इसे इस्तेमाल करने से पहले हमें शस्त्र पूजा करनी थी, इसलिए मैने लड़ाकू विमान पर ऊँ लिखा और उसे रक्षा सूत्र बांधा। कांग्रेस नेताओं ने इस पर भी विवाद खड़ा कर दिया। क्या आप ऊँ शब्द पर आपत्ति जता रहे हैं। क्या हम अपने घर पर ऊँ नहीं लिखते हैं।



### राजनाथ ने दूसरे धर्मों का हवाला दिया

राजनाथ सिंह ने दूसरे धर्मों का हवाला देने के बाद कहा कि उन्हें भारत को राफेल मिलने का स्वागत करना चाहिए था। इसके बजाय, उन्होंने आलोचना शुरु कर दी। कांग्रेस नेताओं के बयान केवल पाकिस्तान को मजबूती देते हैं। राफेल के जरिए भारत में बैठकर आतंकी कैंप नष्ट कर सकते थे बालाकोट एयर स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा।

माताओं-बहनों ने की सुपोषण अभियान की सराहना : गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए बताया फायदेमंद

# लोकवाणी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दी प्रदेशवासियों को 'स्वास्थ्य तथा मातृशक्ति' पर योजनाओं की जानकारी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 'स्वास्थ्य एवं मातृशक्ति' पर आधारित मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी के तीसरे प्रसारण की शुरूआत दाई-बहिनी, सियान-जवान, लइका जम्मो मन ला जय जोहार से की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में इस सरल और सरस संबोधन के साथ पूरे वातावरण को सहज बना दिया। मुख्यमंत्री ने मासिक रेडियो वार्ता में छत्तीसगढ़ की संस्कृति में मातृशक्ति की पूजा की परम्परा का उल्लेख कर उनका नमन करते हुए अपनी बात की शुरुआत की। मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता 'लोकवाणी' का श्रोताओं से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस कार्यक्रम में श्रोताओं की लगातार बढ़ रही भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और अधिक उपयोगी बना दिया है। श्रोता सरकार की योजनाओं पर अच्छे फीडबैक के साथ महत्वपूर्ण सुझाव भी दे रहे हैं। लोकवाणी में माताओं-बहनों ने राज्य सरकार के सुपोषण अभियान की सराहना करते हुए इसे गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए फायदेमंद बताया। खैरागढ़ में एक श्रोता से स्वास्थ्य सेवाओं के हाल और पोषण पुनर्वास केन्द्र के संचालन पर मिले फीडबेक पर मुख्यमंत्री लोकवाणी में ही कहा कि खैरागढ़ में 50 बिस्तर का अस्पताल खुलेगा और खैरागढ़ सहित पूरे प्रदेश में 'पोषण पुनर्वास केन्द्रों' के सुचारु संचालन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

श्री बघेल ने लोकवाणी में कहा कि राज्य में हमारी सरकार आने के बाद यहां महिलाओं के हित तथा उत्थान पर विशेष ध्यान देते हुए पहली प्राथमिकता मातृशक्ति को दी गयी है। महिलाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में पहली बार तीजा तथा हरेली जैसे त्यौहारों में अवकाश घोषित किए गए। जिससे वे पूरे उत्साह तथा धूमधाम से पूरे परिवार के साथ खुशी-खुशी त्यौहार मनाएं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में त्यौहारों की एक समृद्ध श्रृंखला है। यहां हरेली, तीजा के बाद इसी माह क्वांर में नवरात्र पर्व भी उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश के चारों ओर दंतेश्वरी मैया, बम्लेश्वरी मैया, चन्द्रहासिनी दाई, महामाया दाई और गांव-गांव में शीतला मैया, देवी के नौ स्वरूपों की धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई। इसी तरह गांव-गांव में रामलीला और आदिवासी अंचल बस्तर में दशहरा पर्व की छटा सहित छत्तीसगढ़ की विविध लोक संस्कृति देश-दुनिया तक विख्यात है। मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में यह जानकारी भी दी कि आगामी 27, 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता होगी। चुने हुए नृत्य दल जिला तथा राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इससे ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। महोत्सव में पूरे देश से आए आदिवासी नृत्य दलों का प्रदर्शन भी होगा, जो छत्तीसगढ़ को सांस्कृतिक तौर पर पूरे देश और दुनिया से जोड़ेगा।

श्री बघेल ने कहा कि सुपोषण अभियान बच्चों में कुपोषण दूर करने सहित गर्भवती माताओं तथा शिशुवती माताओं के लिए बहुत फायदेमंद है। जच्चा और बच्चा का बेहतर स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता में है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 15 से 49 वर्ष की 47 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित है। अठारह साल से, कम से कम 35 साल तक की उम्र तक आमतौर पर गर्भवती माताओं के रूप में महिलाओं को बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। यदि 15 से 49 वर्ष तक की महिलाओं में खून की कमी होगी।




### गौठान दिवस के रूप में मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा

श्री बघेल ने बताया कि त्यौहारों की इस श्रृंखला में शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात में अमृत बरसेगा और यहां रामधुनी का कार्य म लोगों में उल्लास भरेगा। इसके बाद लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा, मातर, भाई-दूज आदि का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हमारे यहां गौरा-गौरी, गोवर्धन पूजा और मातर-भाईदूज के साथ पड़की-सुवा और राउत नाचा से दीवाली के रंग चटख होते हैं। इसलिए हमने गौरा-गौरी उत्सव और गोवर्धन पूजा को 'गौठान दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। त्यौहारों का पूरा सिलसिला हमारी समृद्ध संस्कृति के स्मरण और उत्थान तथा हमारी मातृशक्ति को जागृत करता है। इस मातृशक्ति के सम्मान तथा नारी के उत्थान के लिए हमारी सरकार द्वारा महात्मा गांधी 150वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2019 को छत्तीसगढ़ में 'सुपोषण अभियान' की शुरूआत की गई है।

# ऑनलाइन बस की टिकट बुक करने के दौरान 1 लाख 60 हजार खाते से पार

मोबाइल फोन पर आए लिंक को फार्वर्ड करते ही खाते से दो बार में 80-80 हजार कटे

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑन लाइन मोबाईल फोन से बस की टिकट बुक करने के दौरान युवक के खाते से 1 लाख 60 हजार रुपये ट्रांजेक्शन कर धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट गुढ़ियारी थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार नया मंगल बाजार गुढ़ियारी निवासी गोविंदा कुमार देवांगन 23 वर्ष पिता छोटे लाल देवांगन ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी का गुढियारी में विजय कम्प्युटर के नाम से कम्प्युटर सेंटर चलाता है11अक्टूबर को नितिन गुप्ता पिता किशन चंद गुप्ता पता श्याम सुन्दरं काम्प्लेक्शं महावीर स्कूल रोड थाना गुढियारी मोबाईल नं0 8770993087 से काल किया उसने काल करके कहा आन लाईन बस टिकट कांकेर रोडवेज टवेल्स् में भुनेश्वर से रायपुर बुक करना है।

तत पश्चात वह अपना काल करके कहा कि आप टिकट बुक मत किजिये आपको एक नम्बरं से काल आयेगा और उसमें से 20/- रूपये बीस रूपये कटेगा और टिकट बुक होने के बाद व्हाटसप कर दुगां कहा उसके बाद मेरे मो0नं0 83199830020 पर मोबाईल नं0 8927811281 से काल आया जिस पर सामने वाले ने कहा कि एक एस एम एस आयेगा उसको 9223011112 फारवड करने को कहा मैने उस एस एम एस जिसमें मैने 9212304242 में फारवर्ड किया। उसके बाद मेरे नम्बंर में 03-52 बजे पर लिंक आया आरोपी के कहने पर ओपन कर दिया। उसके बाद मोबाइल नंबर 8927811281 से काल कर लाईन में बने रहने को कह तुम्हारा टिकट बुक हो रहा है जिस पर कुछ मिनट इंतजार करने के बाद आरोपी पर शक होने पर काल काटकर अपना एकाउन्टं चेक किया तब पता चला की एकाउन्टं खाता नं0 50200026691996 बैंक एच डी एफ सी से 80,000/- अस्सी हजार रूपये तथा खाता नं0 33511147972 बैंक स्टेट बैंक आफ इंडिया से 80,000/- अस्सी हजार रूपये कुल 1 लाख 60 हजार रुपये खाते से निकाल लिया। आरोपी को काल करने पर उसका नंबर कवरेज क्षेत्र से बाहर बता रहा है उक्तं नितिन गुप्ता व उनके साथ जुडे हुए सभी नंबरो एवं एस एम एस से जुडे लोगो द्वारा साथ साइबर क्राईम के जरिए धोखाधड़ी किया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी नितिन गुप्ता के खिलाफ धारा 420 के तहत ठगी का मामला दर्ज कर लिया है।




### भाजपा इन्दिरा बैंक मामले के नार्को टेस्ट रिपोर्ट पर अपने नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के लिए रिपोर्ट दर्ज कराये : कन्हैया

रायपुर दक्षिण विधानसभा के छाया विधायक एवं इन्दिरा बैंक संघर्ष समिति के अध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने प्रदेश के उद्योग मंत्री कवासी लखमा के नार्को टेस्ट कराये जाने की भाजपाइयों की मांग पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा इन्दिरा बैंक घोटाले के मुख्य अभियुक्त उमेश सिन्हा के नार्को टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर पहले अपने तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत, रामविचार नेताम एवं अमर अग्रवाल के खिलाफतत्काल कार्रवाई करते हुए बैंक घोटाले के संरक्षणकर्ताओं के खिलाफअपराध पंजीबद्ध कराये और पार्टी से निकालने की कार्रवाई भी करे। प्रदेश सरकार से निवेदन है, कि बैंक घोटाला के अभियुक्त उमेश सिन्हा के नार्को टेस्ट की सी. डी. को न्यायालय में पेश कर आवश्यक कार्रवाई हेतु आदेश करे। उन्होने कहा कि नार्को टेस्ट की रिपोर्ट पर भरोसा रखने वाले भाजपा के नेताओं को इन्दिरा बैंक घोटाले की नार्को टेस्ट की रिपोर्ट के आधार पर अपने तत्कालीन मुख्यमंत्री और मंत्रियों से पूछना चाहिए कि घोटाले को दबाने के लिए उन्होने कितनी-कितनी राशि ली।

# सांसद सुनील सोनी ने शीतला बाजार में बांटे कपड़े के थैले

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर लोकसभा भाजपा सांसद सुनील सोनी ने रविवार को छुट्टी के दिन शहर के पुरानी बस्ती शीतला बाजार में जाकर कपड़े से बने थैलों का निःशुल्क वितरण किया।इस दौरान श्री सोनी ने कुछ मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की है। इसके तहत लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूक भी किया जा रहा है। श्री सोनी ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की दिशा में उनके द्वारा भी एक छोटा कपड़े से बने थैले बांटने का काम कर रहे है। इस कड़ी में आज उन्होंने शीतला बाजार पुरानी बस्ती में जाकर कपड़े के थैले निःशुल्क वितरित किए।

उन्होंने कहा कि आज इस बात की खुशी हुई कि जब वे थैले वितरण कर रहे थे तो बाजार पहुंचे अन्य लोग भी खरीददारी करने घर से कपड़ों के थैले निकलकर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि कहीं न कहीं लोग प्रधानमंत्री के अभियान से जुड़ रहे हैं और सहर्ष स्वीकार भी रहे हैं। श्री सोनी ने कहा कि वे लगातार अपने लोकसभा क्षेत्र में थैलों का वितरण करेंगे।

गांधी जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोकवाणी कार्यक्रम सुना गया

# पदयात्रा में लोगों को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

गांधी विचार यात्रा का ब्लॉक स्तरीय शुभारंभ किया जा चुंका है, इसके अगले चरण में यह यात्रा आज समस्त ब्लॉकों में निकाली गयी, शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गिरीश दुबे ने बताया कि यह यात्रा रधुपति राघव राजा राम के भजन के साथ राजधानी रायपुर के गली मोहल्लो में पहुंची। यात्रा में पहुंचे लोगो को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की सपथ दिलाई, और बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को दे सके। आज यह यात्रा सरदार वल्लभ भाई पटेल के समता कालोनी में विधायक विकास उपाध्याय, देवकुमार साहु, शहिद ब्रिगेडियर ब्लॉक, में राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, इंदरचंद धाडिवाल, रियाज अहमद, प्रवीण साहु, समीर अख्तर, सतनाम सिंह पनाग, देवेन्द्र यादव, सुमित दास, अमित दास, के संजय नगर, वीरांगना अवंती बाई वार्ड क्रं 13 में विधायक कुलदीप जुनेजा, शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, दौलत रोहड़ा, सुनिल भुवाल, अरूण जंघेल, संत कबीर दास ब्लॉक में सतनाम भवन चैंक से विधायक सत्यनारायण शर्मा, पंकज शर्मा, माधव साहु, महंत लक्ष्मी नारायण दास ब्लॉक में महापौर प्रमोद दुबे, एवं प्रभारी महामत्री गिरीश देवांगन, सुनिता शर्मा अरविंद दिक्षित ब्लॉक के वार्ड क्रं 57 में कन्हैया अग्रवाल, रमेश वर्ल्यानी, ब्लॉक अध्यक्ष नवीन चंद्राकर, पार्षद इंद्रजीत गहलोत, शहीद भगत सिंह ब्लॉक के गोल चैंक में विधायक विकास उपाध्याय, ज्ञानेश शर्मा, अशोक ठाकुर, गुरू घासीदास ब्लॉक के राजातलाब में संजय पाठक, कामरान अंसारी, डॉ. खुबचंद बघेल ब्लॉक के सुन्दर नगर हनुमान मंदिर में शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुभाष शर्मा, प्रशांत ठेंगड़ी, नेताजी कन्हैया लाल बजारी ब्लॉक में श्रीकुमार मेनन, दाउलाल साहु, संतमाता कर्मा ब्लॉक में पंकज शर्मा, सहदेव व्यवहार के नेतृत्व में निकाली गयी, यात्रा के विश्राम में गांधी जी की मुर्ती पर माल्यार्पण किया गया।



# छत्तीसगढ़ी भाषा की घोषणा, पर अब तक लागू नही, शीघ्र लागू करने की मांग

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साला प्रवेश कार्यक्रम में शिरकत करने बालोद पहुंचे थे। जहां उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियों को बहुत बड़ी सौगात दी थी। मुख्यमंत्री ने प्रदेस की राजभासा छत्तीसगढ़ी को स्कूल पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा की। लेकिन 3 महीना बीत जाने के बाद भी अब तक छत्तीसगढी भासा को लागू नही किया गया है।बता दे छत्तीसगढ़ की भासा छत्तीसगढी को 28 नवम्बर 2007 में राजभासा का दर्जा दे दिया गया था लेकिन अब तक इसे स्कूल और सरकारी काम काज में उपयोग नही किया जा रहा। सीएम के घोषणा के बाद भी इस भासा को अब तक भासाई स्थान नही मिल पाया है। छत्तीसगढ़ी भासा छात्र परिषद के अध्यक्ष रितुराज साहू ने तुरंत ही मुख्यमंत्री, सिक्छा मंत्री से मांग किया है कि इसे शीघ्र ही लागू किया जाए जिससे यहाँ की भासा को उचित मान सम्मान मिल सके।साथ ही छत्तीसगढ़ी छात्र विकास समिति के रितुराज साहू इसे पेट की भासा से भी जोड़ा जाना चाहिए और रोजगार की उपलब्धता मुहैया कराई जानी चाहिए जिससे छत्तीसगढी में एम ए कर चुके डिग्री धारियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।बता दे कि छत्तीसगढी में सिक्छा म ए में विगत छह वर्ष से दिया जा रहा पर अब तक स्कूली पाठयक्रम में नही होने से रोजगार की उचित व्यवस्था नही हो पाई है।

### फर्जी आईडी बनाकर इस्ट्राग्राम व फेसबुक पर आपत्तिजनक फोटो भेजा, मामला दर्ज

**रायपुर।** इस्ट्राग्राम, फेसबुक में फर्जी आईडी बनाकर आपत्तिजनक फोटो भेजने की शिकायत देवेंद्र नगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 1 देवेंद्र नगर निवासी मंदीर सिंग बग्गा 39 वर्ष पिता जोगेंदर सिंग बग्गा ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 19 सितंबर से 12 अक्टूबर के मध्य मोबाइल फोन क्रमांक 93405-95100 का धारक लक्ष्मी सलूजा ने प्रार्थी का फर्जी आईडी बनाकर इस्ट्राग्राम व फेसबुक पर अश्लील फोटो पोस्ट कर दिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईटी 67 बी के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

# डीडीनगर एवं स्वामी आत्मानंद वार्ड में कांग्रेस ने निकाली गांधी विचार पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय नगर और स्वामी आत्मानंद वार्ड में सुबह कांग्रेस ने गांधी विचार पदयात्रा निकाली। इसमें विधायक विकास उपाध्याय भी शामिल हुए।

श्री उपाध्याय ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस राष्ट्रपिता महात्मागांधी के विचारों पर चलते हुए लोगों को जोड़ने का काम करती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में 11 अक्टूबर से ब्लॉक स्तर पर गांधी विचार पदयात्रा व सभा का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के दीनदयाल उपाध्याय नगर एवं स्वामी आत्मानंद वार्ड में गांधी विचार पदयात्रा निकाली गई। इस पदयात्रा में क्षेत्र के विधायक विकास उपाध्याय के साथ ज्ञानेश शर्मा, अशोक ठाकुर,देवकुमार साहू, सौमित्र मिश्रा, धीरज बैस,रविशंकर दुबे, दीपक अग्रवाल,विकास अग्रवाल,शरद अग्रवाल,प्रदीप उपाध्याय,संगीता दुबे,आरती उपाध्याय,लक्ष्मी दुबे सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

पदयात्रा कार्यक्रम के पश्चात विकास उपाध्याय सहित कई कांग्रेसी नेता स्वामी आत्मानंद वार्ड एवं तात्यापारा-रामसागरपारा वार्ड में आप की बात-भूपेश बघेल के साथ लोकवाणी कार्यक्रम में शामिल हुए। लोकवाणी के तृतीय प्रसारण में यहां की जनता मुख्यमंत्री के विचार से अवगत हुए।



# इस दीपावली उत्सव, उमंग एवं उपहार हर्षित हार्मोनी में

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्सव उमंग उपहार इन तीन शब्दो में हर्षित हार्मोनी का सारा सार समाहित है। हर्षित हार्मोनी दे रहा है उत्सव मनाने का अवसर, वो भी स्वयं के मकान में वह भी सिर्फप्लाट के दाम में। जब से सिंघानिया बिल्डकॉन प्रा.लि. के द्वारा इस योजना की घोषणा की गई है। छ.ग. राज्य के सभी शहरो से सैकड़ो संभावित ग्राहको के फोन आ रहे है और अभी तक दर्जनो परिवार साइट पर विजिट करके अपने सपनो के घर, प्लाट, कमर्शियल शॉप एवं कमर्शियल प्लाट की बुकिंग करवा चुके है। सिंघानिया बिल्डकॉन न सिर्फदे रहा है स्वतंत्र मकान पाने का अवसर वो भी सिर्फ प्लाट के दाम में बल्कि साथ ही दे रहा है समस्त सुविधायें निःशुल्क जिसमें शामिल है - फ्री बिजली कनेक्शन, फ्री पानी कनेक्शन, फ्री मेंटनेंस एवं फ्री रजिस्ट्री शुल्क। इन सभी शुल्क रहित सुविधाओं के साथ इस दीवाली प्रत्येक कन्फर्म बुकिंग पर आप पा सकेंगे अपना मन पसंद फ्री होम इलेक्ट्रानिक का पैकेज जिसमें शामिल है - वाशिंग मशीन, 32 से 55 इंच का एलईडी टी.वी., रेफ्रीजर्रेटर, माइक्रोवेव, किचन चिमनी एवं बाइक भी। इसका चयन प्रत्येक ग्राहक अपने पसंद एवं अपने बुक की हुई प्रापर्टी के आधार पर करने के लिए स्वतंत्र होगा।

यदि ग्राहक चाहे तो वह दूसरा फ्री पैकेज को चुन सकता है जो है फ्री होम इंटीरियर एवं फर्निशिंग का पैकेज, जिसमें शामिल है- फाल्ससिलिंग एलईडी लाइट के साथ, वाल पेपर, सोफासेट, सेन्टर टेबल, डायनिंग टेबल, डबल बेड, साइड टेबल, वार्डरोप एवं ड्रेसिंग टेबल।

इसका अर्थ यह हुआ जो भी कीमत आपको प्लाट या मकान की बताई जाऐगी उसके अतिरिक्त कोई अन्य खर्च या शुल्क देय नही होगा और साथ में फ्री इलेक्ट्रानिक या फर्नीचर का पैकेज तो है ही। याने कि इस दीवाली पर सभी उमंगे और उपहार हर्षित हार्मोनी में सिंघानिया बिल्डकॉन के साथ।

यदि प्रोजेक्ट में उपलब्ध सुविधाओं की बात करें तो हर्षित हार्मोनी छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है जिसमें 6 एकड़ का ओपन सेन्ट्रल ऐवेन्यु है।



# रोलबोल काफी डेट में पहुचे कवि गौरव चौहान और गीतकार प्रियांशु गजेंद्र

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रोलबोल (रेस्ट ऑफ लाइफ-बेस्ट ऑफ लाइफ) द्वारा आयोजित कॉफ़ी डेट में राजधानी के 20 अनजान युवा एक साथ मिले। इस कॉफ़ी डेट का मक़सद युवाओ को आपस मे जोड़ना है, कि कैसे हम आपस मे जुड़कर जीवन को बेहतर बना सकते है, लाइफ स्किल्स (कौशल विनिमय) का आदान प्रदान कर एक मजबूत समाज बनाने का प्रयास है। रोलबोल के फाउंडर दर्शन साँखला का कहना है हम हर हफ्ते ऐसे कॉफ़ी डेट का आयोजन कर रहे है जिसका उद्देश्य एक मजबूत युवाओ का संगठन बनाने का है, और आगामी दिनों में जनवरी में रायपुर के अलावा दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर में भी रोलबोल क्लब के गठन करने का है।

आज की कॉफ़ी डेट में विशेष रूप से हिंदुस्तान के प्रख्यात कवि गौरव चौहान और प्रख्यात गीतकार-कवि प्रियांशु गजेंद्र ने अपनी उपस्तिथि दर्ज कराई। गौरव चौहान ने बताया कि उन्हें रोलबोल का कांसेप्ट बहुत पसंद आया और वो इससे जुड़ कर आगे इसके विस्तार में भी मदद करेंगे।

वही प्रियांशु ने युवाओ से अपनी मातृभाषा के सम्मान का संदेश दिया। दोनों कवियों की कविताओं से युवाओ में एक अलग जोश का संचार हुआ।



नशामुक्ति पर नुकड़ नाटक, नशा उन्मूलन पर वीडियो और व्याख्यान

# शराब की लत और नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

समाज कार्य विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक एवं राष्ट्रीय समाज रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में विश्विद्यालय के आस-पास के ग्रामीण समुदायों और स्कूली छात्रों में शराब की लत एवं नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा समाज के बीच नशामुक्ति पर विभिन्न कार्यक्रमों जैसे नशामुक्ति हेतु चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली, जैसे कई प्रकार कार्यक्रमों का आयोजन विभाग की नशामुक्ति टीम द्वारा किया गया और ग्रामीण समुदायों में विभाग की नशामुक्ति टीम द्वारा नशामुक्ति पर नुकड़ नाटक, नशा उन्मूलन पर वीडियो और व्यख्यान का आयोजन किया गया।

जिसमे समाज कार्य विभाग के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्रों पीएचडी शोधार्थियों और अध्यापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा नशामुक्ति हेतु नुकड़ नाटक की प्रस्तुतिकरण देकर एवं शोधार्थियों और अध्यापकों द्वारा नशामुक्ति के उन्मूलन पर अपने व्याख्यान के माध्यम से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन समाजकार्य विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. रमेश बी. द्वारा किया गया।

जिन्होंने नशा से कैसे छुटकारा पाने और नशा से होने वाले दुष्परिणाम पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला एवं इसी कड़ी में सहायक अध्यापिका कृष्णमणि भागवती द्वारा नशा से महिलाओं और बच्चों में होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताया एवं सहायक अध्यापक विक्रम मीणा द्वारा नवयुवकों में नशे की प्रवृति पर प्रकाश डालातथा विभाग के सहायक अध्यापिका दिव्या के. ने भी स्कूली छात्रों में मित्र सहपाठियों के माध्यम से नशा की प्रवृति पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. डी.वी. प्रसाद द्वारा नशे के दुष्प्रभाव और इसके रोकथाम हेतु उपायों पर विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया और नशे के विपरीत छात्रों के कैरियर पर मार्गदर्शन प्रदान किया। विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. नागालिंगम द्वारा छात्रो को कैरियर निर्माण मे इन मादक पदार्थो के सेवन से बचाने के उपायो के बारे जागरूक किया।



### ओगलापारा मुठभेड़ का फॉलोअप- बासमती चावल समेत कई सामान हुए थे सप्लाई

# महिलाओं के ब्राण्डेड अंतःवस्त्र और रेमण्ड के दो सौ मीटर कपड़े भी मिले

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com





जिले के मोदकपाल थाना क्षेत्र के ओगलापारा नुकनपाल में दो दिन पहले एनकाउण्टर के बाद जब सीआरपीएफके जवानों ने मौके की सर्चिंग की, तो वे दंग रह गए। वहां महिला नक्सलियों के महंगे, नए और ब्राण्डेड अण्डर गारमेंट के अलावा रेमण्ड कंपनी के दो सौ मीटर कपड़े भी मिले।
मुरकीनार से शुक्रवार की तड़के करीब पांच बजे सीआरपीएफकी 229 बटालियन की ई कंपनी के जवान सहायक कमाण्डेंट अमित कुमार की अगुवाई में निकले थे। उनके साथ इंस्पेक्टर रंजीत सिंह भी थे। जब वे ओगलापारा नुकनपाल पहुंचे, तो वहां नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी षुरू कर दी। जब फोर्स की ओर से जवाबी फायरिंग हुई तो नक्सली नाले की ओट लेते भाग गए।
मौके की सर्चिंग की गई तो वहां दो सौ मीटर रेमण्ड के काले कपड़े के चार थान मिले। अनुमान है कि इसे काली वर्दी सिलवाने के लिए हाल ही में लाया गया था। इसे नक्सलियों ने खोला भी नहीं था। इससे करीब पचपन वर्दी बनाई जा सकती है। इसी तरह बड़ी संख्या में महिला नक्सलियों के ब्राण्डेड और नए अंतःवस्त्र पाए गए। सूत्रों के मुताबिक वहां पुलिस को मोटोरोला कंपनी के चार नए और पैक चार्जर भी मिले। समझा जाता है कि ये सामान हाल ही में नक्सलियों को सप्लाई किए गए थे। इसके अलावा एवरीडे नेस्ले का दूध का पैकेट, बासमती चावल, दवा, तौलिए, चादर, बर्तन, प्लास्टिक का स्टूल इत्यादि सामान बरामद किए गए।

## वाहन उड़ाने के लिए काफी था प्रेशर आईईडी

सीआरपीएफकी 229 बटालियन के जवानों ने मौके से कूकर में रखा गया, प्रेषर आईईडी बरामद किया। इसमें पांच किलो विस्फोटक रखा था और ये एक वाहन को उड़ाने के लिए काफी था। इसे ऐसा पैक किया गया था कि इसमें नमी किसी भी दषा में ना जाए। कूकर होन के बावजूद इसे पॉलीथीन से लपेट दिया गया था।

## बड़े खतरनाक इरादे थे नक्सलियों के

ओगलापारा में नक्सली खतरनाक मंसूबों से जमा हुए थे और घात लगाए बैठे थे। नक्सलियों ने जवानों पर एके 47, एसएलआर, एलएमजी, थ्री नॉट थ्री इंसास आदि हथियारों से फायरिंग की। सबसे आष्चर्यजनक बात तो यह थी कि नक्सलियों ने ऑटो फॉल यानि एसएलआर के छोटे रूप का भी इस्तेमाल किया। इससे बर्स्ट फायर किया जाता है। अनुमान लगाया गया है कि यहां बड़े नक्सली भी मौजूद थे। तीस से पैंतीस नक्सली वर्दी में थे और बाकि सादे कपड़े में थे। इनमें महिलाओं की संख्या भी काफी थी। जब फोर्स भारी पड़ी तो नक्सली भागने लगे। यहां छह से सात नक्सलियों के मारे जाने या घायल होने का अनुमान है। खून के धब्बे और घसीटने के निषान नाले किनारे देखे गए।

# गौरव पथ निर्माण को लेकर आम जनता ने नेताओं को जगाने किया धरना प्रदर्शन

■ कुम्भकर्ण की नींद सो रहे जनप्रतिनिधि और नेतागण

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com





लौह नगरी किरंदुल में किरंदुल की आम जनता के बैनर तले चुनाव से ठीक 2 माह पूर्व कुम्भकर्ण की नींद सो रहे जनप्रतिनिधि और नेतागण के द्वारा नींद से जागकर बंद पड़ी हुई गौरव पथ निर्माण को लेकर आम जनता की अभाव और नेताओं की भाव मे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया । पिछले 4 सालों से नगर की बस स्टैंड परिसर से ग्राम पंचायत कोड़ेनार रिंग रोड नम्बर 04 तक कि मुख्य सड़क आज बड़े बड़े गड्ढे होकर मिनी तालाबो का रूप धारण कर लिया हैं पिछले 04 सालो से छोटे छोटे स्कूली बच्चे ,बुजुर्गो और सभी वर्ग के लोगो का आवागमन बना हुआ हैं लेकिन इस खस्ताहाल सड़क की ओर पिछले कई सालों किसी भी जनप्रतिनिधि और नेतागण का ध्यान बिल्कुल भी इस ओर नही गया ! इन खस्ताहाल सड़को के चलते आये दिन कुछ न कुछ सड़क दुर्घटनाओं की खबरे सुनने को मिलती हैं लेकिन किरंदुल की पत्रकारों द्वारा जब से सड़क निर्माण कार्य बंद हुई है तब से लेकर आज तक सड़क निर्माण की खबरों को प्रकाशित करते आ रहे है जिसका असर भी वर्तमान समय मे देखने को मिल रहा हैं !

रही सवाल इस बात की क्या चुनाव आते ही नेतागण और जनप्रतिनिधियों को नगर की विकास और मुद्दों की याद आती हैं और बाकी समय जब आम जनता परेशानियों को झेलती रहती हैं तब उसकी चिंता किसी को भी नही रहती हैं तो कही न कही एक मंच पर नगर की सारे नेताओं और जनप्रतिनिधियों का मिलना यह दर्शाता है की कही न कहीं दो माह शेष नगर पालिका चुनाव रह गई हैं जिसमे उन्हें सफ्लता हासिल करना हैं । इस विषय में नगर की प्रथम नागरिक अनिल राजी मोल का कहना है कि वर्तमान में बंद पड़ी हुई गौरव पथ निर्माण कार्य के सम्बंध मैंने 2016 से लेकर वर्तमान समय तक मैने लेटर जारी किया हैं और जिला प्रशासन के द्वारा इस ओर अनदेखा किया जा रहा हैं जिसकी खामियाजा वर्तमान मे आम जनता भुगत रही हैं और वाकई आज एक मंच पर सभी नेताओ का मिलना कही न कही राजनीति को दर्शाता हैं । इस विषय में एसकेएमएस भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी किरंदुल ईकाइ के सचिव के0साजी का कहना हैं कि हमारी यूनियन हमेशा से ही नगर की समस्याओं को लेकर लड़ते आई हैं और रही बात सड़क निर्माण को लेकर हमारी संघर्ष जारी रहेगी और वर्तमान सरकार सड़क निर्माण को लेकर काफी मुर्झा गई हैं और उसकी ही उदासीनता के कारण आज जिला प्रशासन इस ओर अवहेलना कर रहीं हैं । इस विषय में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह का कहना है कि गौरव पथ निर्माण जो वर्तमान में बंद पड़ी हुई है इसको नगर के पत्रकारों के द्वारा आए दिन अपनी अखबारों में प्रकाशित कर रहे है जिससे हम सभी भावुक होकर आज एक मंच पर उपस्थित हुए हैं और एक दिवसीय धरना का प्रदर्शन किये अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग पीडब्ल्यूडी विभाग के द्वारा गौरव पथ निर्माण कार्य कब तक चालू होगी और यदि चालू नहीं होती है तो आगे भी उग्र आंदोलन की जाएगी ।

## हथियार डाल चुके नक्सली हिंसा से दूर रहने का संदेश दे रहे

**जगदलपुर।** अपना जीवन नक्सली दलम में रहने के बाद हथियार डालकर सामान्य जीवन धारा में आने वाले नक्सली सदस्य अब लोगों को विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं को एक ही संदेश दे रहे हैं कि हिंसा से किसी का भला नहीं होता और हिंसा के बजाय अहिंसा से ही पूरे समाज व देश का भला हो सकता है। आत्मसमर्पित नक्सली आज पुलिस के बारे में बताते हुए कहते हैं कि नक्सली किस प्रकार से लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं और पुलिस के बारे में झुठे तथ्य बता कर जो दुष्प्रचार करते हैं उनसे दूर रहते हुए पुलिस ही सच्ची मित्र है जो लोगों को सुरक्षा प्रदान करती है।

## करंट से फसल बचाने की खतरनाक कोशिश

**जगदलपुर।** दक्षिण बस्तर के जंगलों से युक्त क्षेत्र में प्राप्त भूमि पर धान की फसल की सुरक्षा के लिए ग्रामीणों द्वारा अपने खेतों के चारों तरफ जंगलों से होकर जाने वाली बिजली के तारों से बिजली प्रवाह प्राप्त कर लकड़ी के खूंटों के माध्यम से बैंडिंग वायर का जाल बिछा इसमें बिजली का करंट छोड़ा जा रहा है। जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना क्षेत्र में घटित हो सकती है। अवैध रूप से किये गये इस सुरक्षानुमा खतरनाक उपाय से न केवल ग्रामीण इसकी चपेट में आ सकते हैं वरन पालतु जानवार सहित वन्य जन्तुओं का भी नुकसान हो सकता है। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा से कुआकोंडा के आसपास व श्यामगिरी से उदेला के बीच जंगलों से लगे गंजेनार, मोलसनार के जंगलों में भी कहीं-कहीं पर यही व्यवस्था दिखाई पड़ती है। इस सिलसिले में पिछले दिनों नकुलनार की एक ग्रामीण महिला, जो जंगल में लकड़ी लाने गई थी, उसने वहां इस प्रकार की व्यवस्था होने की भी जानकारी दी है। अब स्थिति यह है कि जंगल में करंट से मवेशी सहित ग्रामीण इसकी चपेट में आ कर कालकलवित हो सकते हैं। इससे क्षेत्र में कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है।

## ई ट्रेडिंग से इमली बिकने के कारण मंडी के हमाल हुए बेरोजगार

**जगदलपुर।** संभाग की प्रमुख मंडी के रूप में प्रसिद्ध बस्तर मुख्यालय की मंडी इस समय चहल पहल से रहित होकर हमालों तक को रोजगार नहीं दे पा रही है। इससे पंजीकृत हमाल रोजी-रोटी तलाशने अन्यंत्र स्थानों पर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। मंडी में पहले बारहों महीने जो चहल-पहल रहती थी वह ई-ट्रेडिंग से माल बिकने के कारण समाप्त हो गई है। जानकारी के अनुसार किसानों की ऊपज जब घर बैठे बिक रही है तो मंडी में ऊपज लाकर बेचने का कोई तात्पर्य ही नहीं रहता इसलिए मंडी में काम-काज ठप पड़ा हुआ है। यह भी इस संबंध में विशेष तथ्य है कि इमली की आवक मंडी में हमेशा थोड़ी बहुत होती थी और मंडी में चहल-पहल दिखाई पड़ती थी।

# पोषण - मातृत्व पर आधारित थी माननीय मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता

■ जिला कलेक्टर ने महिला स्वसहायता समुह के सदस्यो के साथ सुनी

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डगांव
www.dailypioneer.com




13 अक्टूबर को माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की रेडियो वार्ता ''लोकवाणी'' का श्रवण जिला मुख्यालय के सामुदायिक भवन मे जिला कलेक्टर नीलकण्ठ टीकाम एंव स्थानीय स्सहायता समूह की महिलाओ की उपस्थिति मे हुआ अपने रेडियो वार्ता मे माननीय मुख्यमंत्री ने सर्वप्रथम प्रदेश की आराध्य देवियो का स्मरण करते हुए छत्तीसगढ़ को मातृ शक्तियो की भूमि बताया। इसके साथ ही उन्होने सम्पूर्ण प्रदेश मे पोषण और मातृत्व के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ मे 15 से 49 वर्ष की महिलाये एनिमिया से पीड़ित है। चुकि 18 साल से कम से कम 35 साल की उम्र तक आम तौर पर गर्भवती माताओ को एक बड़ी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। इस तरह अगर माता ही कुपोषित हो तो इसका दुष्प्रभाव शिशुओ पर पड़ता है यही कारण है कि 5 वर्ष की कम आयु के 37.5 प्रतिशत बच्चे कुपोषित रह जाते है। इस तरह इस समस्या की बहुत बड़ी वजह परिवार, शासन, और समाज है। शासन ने इस स्थिति से निपटने के लिए और स्वंय की जिम्मेदारी को तय करते हुए पूरक पोषण आहार देने की व्यवस्था मे आमुलचूल बदलाव लाने की जरूरत पर बल दिया है।
इस तरह पूरे प्रदेश मे महात्मागांधी की 150 वीं जयंती पर सुपोषण अभियान को नया रूप दिया गया है।

# एनएमडीसी लिमिटेड 28 से 2 नवंबर तक जागरूकता सप्ताह मनायेगा

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com




केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा-निर्देशानुसार एनएमडीसी लिमिटेड, किरन्दुल परियोजना द्वारा 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जायेगा। तत्संबंध में जागरूकता हेतु शैक्षणिक संस्थाओं में विविध प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। वरिष्ठ प्रबंधक एल. विद्यासागर ने जानकारी दी कि इस वर्ष का थीम''integirty the way of life'' (ईमानदारी-जिंदगी का तरीका) है। और इसी विषय पर विविध प्रतियोगितायें आधारित होंगी। शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत चोलनार आश्रम के विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार एवं उसके उन्मूलन के संदर्भ में जानकारी प्रदान करते हुए उनके मध्य रोचक प्रतियोगितायें आयोजित की गई। इसी क्रम में डीएवी पब्लिक स्कूल किरंदुल में प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए ''दैनिक जीवन में ईमानदारी और नैतिक मूल्यों का महत्व'' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। कक्षा नवमी से बारहवी के विद्यार्थियों के लिए''भ्रष्टाचार मुक्त भारत'' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसे अच्छा प्रतिसाद मिला और विद्यार्थियों ने बढ चढ कर हिस्सा लिया और भ्रष्टाचार मुक्त देश निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का शपथ लिया। वरिष्ठ प्रबंधक (सतर्कता) एल.विद्यासागर ने जानकारी दी है कि https//pledge.cvc.nic.in वेबसाईट पर जाकर आम नागरिकों, समस्त अधिकारियों,कर्मचारियों को शपथ लिया जाना है। प्रबंधक(सतर्कता) ने दिया। 28 अक्टूबर से 2 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह में सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए भ्रष्टाचार मुक्त भारत निर्माण हेतु दृढ संकल्पित होकर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के सपनों को साकार करने की अपील की गई है।

## तम्बाखू को हतोत्साहित करने चलाया जाएगा अभियान

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी स्कूलों और पयर्टन स्थलों को तम्बाकू मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. देवेंद्र नाग की अध्यक्षता में आयोजित जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। जिसमें तय किया गया कि तम्बाकू और पान मसाला का उपयोग करने वालों को हतोत्साहित करने के लिए स्थानीय बोलियों में प्रचार-प्रसार किया जाएगा। सीएमएचओ ने कहा कि जिले में चित्रकोट और तीरथगढ़ पर्यटन स्थल की सीमा से 100 गज दूरी पर पीली लाईन खींचकर इसे तम्बाकू मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा।

## खेतों में मिंजाई और कटाई शुरू हुई

**जगदलपुर।** दिवाली से पहले ही जिले में खरीफ फसल की कटाई शुरू हो गई है। लोहांडीगुड़ा ब्लॉक के ग्राम मटनार में धान की कटाई की जा रही है। इतना ही नहीं जिले के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में मिंजाई भी शुरू हो गई है। वहीं दिवाली से पहले ही धान खरीदी भी शुरू हो जाएगी।



## क्विक न्यूज



### ग्राम पंचायत में विभिन्न कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

**धमतरी।** विधायक रजंना साहू ने अपने निधि से स्वीकृति प्राप्त विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया। जिसके अंतर्गत ग्राम पंचायत बरारी के सियार पारा में सीसी रोड ए ग्राम पंचायत मुड़पार में गौठान चबूतरा के पास शेड निर्माण ए अछोटा में सीण्सी रोड एवं लीलर में शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जनपद सदस्य उमेश साहू,अनीता यादव, सूर्य नेताम, भाजपा गंगरेल मंडल अध्यक्ष प्रकाश गोलछा,धरम साहू,ममता सिन्हा,बरारी सरपंच जे एस यादव, मुड़पार सरपंच मीना यादव,जोहन यादव, तामेश्वर साहू, खूबलाल ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि पंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अश्लील फोटो वीडियो पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** जिले के भखारा थाना क्षेत्र में एक युवती के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर अश्लील वीडियो फोटो अपलोड करने का मामला सामने आया है युवती की शिकायत पर भखारा पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है बताया जा रहा है कि 4 महीने पहले अभनपुर क्षेत्र के पचेड़ा गांव के रहने वाले युवक पिताम्बर ध्रुव ने फेसबुक पर एक युवती के नाम से फर्जी आईडी बनाया था और उस फेसबुक आईडी में लगातार अश्लील वीडियो और फोटो पोस्ट कर रहा था बता दे कि आरोपी युवक ने जिस युवती का फर्जी फेसबुक आईडी बनाया था वह भखारा थाना क्षेत्र की रहने वाली है जैसे ही युवती को इसकी जानकारी हुआ कि उनके नाम से फर्जी आईडी बनाकर कोई अश्लील फोटो वीडियो फेसबुक में अपलोड कर रहा है जिसके बाद युवती थाने पहुंच कर शिकायत किया मामला पंजीबद्ध कर पुलिस आरोपी की पतासाजी में जुटी हुई थी इसी दौरान पुलिस को जानकारी मिला कि फर्जी फेसबुक आईडी बनाने वाला युवक अभनपुर क्षेत्र का रहने वाला है जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर थाना लाया।

# राजशाही दशहरा देखने आसपास के अंचल से पहुंचे सैकड़ों लोग
# रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम जल्द बंद होने पर लोग हुए मायूस

## बस्तर दशहरा की तरह प्रसिद्ध है फिंगेश्वर का राजशाही दशहरा

पायनियर संवाददाता ᐸ गरियाबंद/फिंगेश्वर
www.dailypioneer.com

फिं गेश्वर का प्रसिद्ध राजशाही राजा दशहरा शुक्रवार को मनाया गया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रात्रि में लाउडस्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रो के प्रतिबंध होने की वजह से, रात्रि सभी सांस्कृतिक प्रोग्राम बंद हुआ, जिससे लोगो में थोड़ी मायूसी रही। लोग दूर दूर से फिंगेश्वर का राजशाही दशहरा देखने पहुँचे थे, हर साल की तरह दशहरा उत्सव की धूम तो थी पर सभी कार्यक्रम बंद होने से लोग थोड़े निराश भी हुए ।

9 दिनों की नवरात्र के बाद दशहरा तो सब जगह मनाया गया और फिं गेश्वर का राजशाही दशहरा 3 दिन बाद मनाया जाता है, जिसे देखने आस पास के अँचल सहित दूर दूर से लोग राजशाही दशहरा देखने आते है। सर्वप्रथम फिं गेश्वर राजघराने के राजा पूरे विधि विधान के साथ अपने इष्ट देवी देवताओं की पूजा आराधना किये, क्षेत्र की खुशहाली की कामना की और एक दूसरे को दशहरा उत्सव की बधाई भी दी।



**विधायक, पूर्व सांसद और पूर्व विधायक पहुंचे बधाई देने**

फिंगेश्वर राजशाही दशहरा उत्सव में शामिल होने क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण भी पहुँचे जिसमे विधायक अमितेष शुक्ल,पूर्व सांसद चंदूलाल साहू व पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने राजा महेंद्र बहादुर सिंग व युवराज निलेन्द्र बहादुर सिंग से सौजन्य भेंट कर फिंगेश्वर दशहरा उत्सव की बधाई दी। साथ ही अंचल के लोगों ने राज परिवार को बधाई देते नजर आए और बधाई का सिलसिला देर रात तक जारी रहा।

**पूजा करने के बाद निकले नगर भ्रमण में**

जिस तरह पुराने समय मे राजा महाराजा रथ में सवार होकर निकला करते थे उसी तरह राजशाही अंदाज में रथ से सवार होकर राजघराने के राजा अपने दल बल के साथ नगर भ्रमण के लिए निकले जिसे देखने लोग पहुँचे थे लोगों ने रथ में सवार व युवराज निलेन्द्र बहादुर सिंग का जोर सोर से स्वागत कियेए पर इस बार राजा महेंद्र बहादुर सिंग का स्वास्थ्य ठीक नहीं होने की वजह से वे नगर भ्रमण के लिए नहीं निकले, हालांकि पान सुपारी भेंट के दौरान राजा महेन्द्र बहादुर सिंग मौजूद थे फिंगेश्वर दशहरा में नहीं होता रावण का दहन आपने दशहरा में रावण दहन के बारे में सुना होगा देखा भी होगा पर फिंगेश्वर के राजशाही दशहरा में रावण दहन नहीं किया जाता बल्कि लोगो को एक संदेश दिया जाता है कि प्रतीकात्मक रावण को मारने से बुराई खत्म नहीं होती बल्कि समाज और देश में फैली बुराइयों, कुरीतियों, अपराधों को सही मायने में खत्म करना जरूरी है इस लिए यहाँ रावण दहन नही किया जाता। फिंगेश्वर दशहरा को लेकर आस पास के क्षेत्र और नगर में काफी उत्साह था पर सभी कार्यक्रम रात्रि में बंद हो जाने के कारण लोग थोड़े मायूस नजर आए पर राजशाही दशहरा वही शाही अंदाज में मनाया गया।




## बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है दशहरा : राय

- विधायक रायने गृह ग्राम के दशहरा उत्सव में शामिल हुए, दी शुभकामनाएं
- बालपुर में गढ़ तोड़कर मनाया गया दशहरा, सीसी रोड बनाने की घोषणा

**सरसीवां।** विजयादशमी पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है जिसे पूरे भारत देश मे मनाया जाता है। उक्त बातें क्षेत्रीय विधायक चन्द्रदेव राय ने अपने गृह ग्राम बालपुर में आयोजित दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में क्षेत्र वासियों को दशहरा पर्व की बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए कहा । कार्यक्रम की शुरुआत गढ़ तोड़कर मनाया गया।

जिसके विजेता गत विजेता सचिन बालपुर निवासी रहे जिन्हें विधायक राय द्वारा 2100 नगद एवं साल व श्रीफ ल देकर सम्मनित किया गया । ततपश्चात इस अवसर पर राय ने कहा कि हम प्रतिवर्ष यह दशहरा पर्व मनाते हैं और एक दूसरे को शुभकामनाएं देते हैं पर यह पर्व भगवान श्रीराम के लंका विजय पश्चात अयोध्या आने की खुशी में मनाते हैं।

लेकिन क्या हम भगवान श्रीराम के बताए मार्ग पर चलते हैए क्या स्वयं के बुराई, अधर्म व खराब आदतों को छोड़ते हैं नहीं । पर यह दशहरा पर्व इन्ही खराब आदतों को छोड़कर एक अच्छे नागरिक बनने का हमें सीख देता है । यह दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत एवं अधर्म पर धर्म की जीत कस संदेश देता है । इसलिए आज के दिन हम सबको को प्रण करके भगवान श्रीराम कर बताये मार्ग पर चलना चाहिए । इसके पूर्व विधायक राय ने गढ़ भेदन कार्यक्रम में प्रतिभागियों के उत्साह वर्धन के लिए स्वयं उपस्थित थे। इस अवसर पर भारी संख्या में क्षेत्र वासियों के साथ ही पंचायत पदाधिकारी, प्रबुद्धजन एवँ विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे । जिसमें क्रमश द्वारिका देवांगन, प्रवेश दुबे, हेमंत दुबे, ताराचंद्र देवांगन, मुद्रिका राय, खेमराज चंद्रा, राजा अग्रवाल, तोषराम साहू, विनोद रात्रे,नेतराज रात्रे,दिलीप अनन्त उपस्थित थे ।

## फर्जी तरीके से राशि आहरण दो आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ᐸ धमतरी
www.dailypioneer.com

जिले के नगरी इलाके में एकबार फिर से फर्जी तरीके से राशि आहरण का मामला सामने आया है ग्राम गेदरा के दर्जनों ग्रामीण मामले का शिकायत लेकर नगरी थाना पहुँचे जहां से पुलिस ने दोनो आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है वीओ ग्राम गेदरा के ग्रामीण जब अपने पास बुक लेकर 3 नगरी देना बैंक एंट्री कराने पहुँचे तो यह जानकर उनके होश उड़ गये कि किसी ने उनके खाते से नगदी राशि निकाल लिया है।

ग्रामीणों ने रोजगार गारंटी योजना के तहत नगरी देना बैंक से बचत खाता खोलवाया था, जिसमें उनके मेहनत का जमा पूँजी था जरूरत पड़ने पर पर जब ग्रामीण अपना पास बुक लेकर नगरी देना बैंक पैसा



निकालने पहुँचे तो उन्हें पता चला कि किसी ने उनके खाते से नगद राशि निकाल लिया है जिसका शिकायत लेकर ग्रामीण नगरी थाना पहुँचे जहाँ से नगरी पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए जाँच में जुट गया और बताया कि इस पूरे मामले में गाँव के ही दो युवक का हाथ है।जिन्होंने अगस्त माह से अब तक लगभग 7 से 8 खाते से 22,26, 28 अगस्त और 4 सितम्बर को तकरीबन 50 हजार नगदी राशि निकाल लिया था दोनो आरोपी महेंद्र नेताम पंचायत में मेट और विजय नेताम रोजगार सहायक के तौर पर पदस्थ थे और पहले भी ऐसे कई घटना को अंजाम दे चुके थे जिसके चलते उन्हें अपने पद से हाथ धोना पड़ा चूकि पंचायत के कर्मचारी होने कारण दोनों आरोपी सारे बात से वाकिफथे और बैंक में जाकर ग्रामीणों के नया पास बुक जारी करवा लेते थे पास बुक गुम हो जाने का हवाला देकर किसी को शक ना हो करके ये दोनों आरोपी हर तीन चार माह में इस कार्य को अंजाम देते थे और सभी पास बुक में अपना फोटो चस्पा कर देते थे और राशि निकाल लेते थे, वहीं दोनों आरोपी ने अपना गुनाह माना है और बैंक में लगे सीसी टीवी फुटेज में भी राशि आहरण करते दिखे है मामला स्पष्ट होने पर दोनों आरोपी को नगरी पुलिस एएस आई अनंत नाग और टीम ने गाँव से ही धर दबोचा और रिमांड पर जेल भेज दिया।

### रेत सप्लायरों में हडकंप मचा, 8 ट्रैक्टरों पर खनिज विभाग की कार्यवाही

**धमतरी।** कोलियारी, अछोटा और अमेठी में महानदी से अवैध रूप से रेत निकासी करने के मामले में खनिज निरीक्षक ने 8 ट्रैक्टरों के खिलाफ कार्यवाही की है। जिले के सभी खदानों के बंद होने के बाद रेत की चोरी बढ़ गई है। लगातार शिकायत मिलने के बाद खनिज इंस्पेक्टर खिलावन कुलार्पा ने दानीटोला चौक के पास रेत भरकर धमतरी आ रही ट्रैक्टर को रोककर जांच की। जांच में पकड़े गए 8 ट्रैक्टर चालकों के पास पिटपास नहीं पाए गए। सभी के खिलाफ कार्यवाही करने से रेत सप्लायरों में हडकंप मच गया। ट्रैक्टर यूनियन के सदस्यों ने ट्रैक्टरों पर हुई कार्यवाही से आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि कुरूद क्षेत्र के सेमरा से रातभर कई हाइवा में रेत की निकासी हो रही है। कल रात ट्रैक्टर यूनियन के सदस्यों ने सेमरा खदान पहुंचकर अधिकारियों को दूरभाष से अवैध रेत निकासी की जानकारी दी थी।

## गूंजा गांधी जी का भजन, गली-मोहल्लों तक पहुंची गांधी विचार पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ᐸ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयंती के मौके पर आज सवेरे यहां बलौदाबाजार शहर में गांधी विचार पदयात्रा निकाली गई। गांधी जी के बलौदाबाजार आगमन के प्रतीक सब्जी मंडी प्रांगण से शुरू हुई यह पदयात्रा शहर के प्रमुख गली.कूचों से होते हुए गांधी चौक में सभा के रूप में तब्दील हो गई। जहाँ प्रमुख वक्ताओं ने गांधी जी के जीवन और संदेश पर प्रकाश डाला और समाज और देश के उत्थान के लिए इन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का पुरजोर आह्वान किया।

उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार शहर का सौभाग्य है कि यह छत्तीसगढ़ के उन गिने.चुने स्थलों में शामिल है, जहां गांधी जी के चरण पड़े हैं । वर्ष 1933 के नवम्बर महीने में गांधी जी का यहां आगमन हुआ था और वे मंडी प्रांगण में सभा लेकर छुआछूत के खिलाफआंदोलन को आगे बढ़ाया था। उनकी इस शहर की यात्रा को याद करते हुए गांधी विचार यात्रा जयस्तम्भ चौक मंडी प्रांगण से सवेरे 8 बजे प्रारम्भ हुई। गांधी जी के प्रिय भजनों और उनकी जय जयकार उद्घोष के साथ यात्रा आगे बढ़ी। शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, स्कूली बच्च, महिला समूह,अधिकारी.कर्मचारी आदि समाज के सभी तबके के लोग यात्रा में शामिल हुए। यात्रा साफसफ ाई, कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ जंग जैसे गांधी जी के विचारों का प्रचार.प्रसार करते हुए



पुरानी बस्ती,मावली मन्दिर चौक, पुराना बस स्टैंड, मुख्य मार्ग से होते हुए गांधी चौक में सभा के रूप में तब्दील हो गई। गांधी चौक में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि गांधी जी एक व्यक्ति नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विचार हैं। वे अमर हैं और आगे भी अमर रहेंगे। गोली अथवा बन्दूक से उनका कत्ल नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि गांधी जी में इतनी ताकत थी कि घोर अभाव के बावजूद सामान्य लोगों में भी आजादी की ललक पैदा कर दी। पूर्व विधायक जनकराम वर्मा हर आदमी में गांधी मौजूद है। सवाल उन्हें जगाने का है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गांधी जी के सपनों को साकार करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। शहर के वरिष्ठ नागरिक विद्याभूषण शुक्ल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समस्याओं से निपटने में गांधीवाद ही कारगर उपाय है। परमाणु बम के इस युग मे अहिंसा और सद्भावना से ही मानवता बचेगी। गांधीवादी विचारक श्री सोहनलाल यदु ने इंग्लैंड पढ़ाई के लिए जाते समय गांधी जी को उनकी माँ के द्वारा दी गई हिदायतों के बारे में बताया गया। डीके कॉलेज के प्रोफेसर संदीप पांडेय ने बलौदाबाजार शहर में गांधी जी की स्मृतियों को सहेजने के लिए ठोस उपाय करने पर जोर दिया। शहर की छात्रा निष्ठा बाजपेई ने बड़ प्रभावी अंदाज में गांधी जी के जीवन के कुछ रोचक तथ्यों की जानकारी दी। समारोह में स्थानीय गुरूकुल स्कूल के बच्चों ने गांधी जी के स्वच्छता संदेश पर आधारित नुक्कड़ प्रस्तुतियां दी, जिसे सभी ने सराहा। मिशन क्लीन सिटी योजना के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। सिंगल यज प्लास्टिक का जीवन में इस्तेमाल नहीं करने का संकल्प भी लिया गया। अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से गांधी जी के सम्पूर्ण जीवन को छायाचित्र के जरिए प्रदर्शित किया गया।

## 27 लीटर मध्यप्रदेश की अंग्रेजी सहित 50 लीटर अवैध शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ᐸ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार रतन सिंह नागेश, सहायक जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में ग्राम मुसवाढ़ोडी में छापेमार कार्यवाही शराब का जखीरा जब्त किया। ग्राम चक्रवाय में आरोपी (1) मालिक राम (54)पिता बली राम, जाति- सतनामी के कब्जे से 06 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब एवं शराब बनाने की सामग्री 100 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त किया गया तथा आबकारी अधिनियम के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। (2) नरोत्तम(32) पिता सुधेलाल जाति सतनामी, के कब्जे से शराब बनाने की सामग्री 20 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त किया गया, (3) चंदाबाई (45)पति कृष्णा बघेल जाति सतनामी, के कब्जे से शराब बनाने की सामग्री 20 कि.ग्रा. महुआ लाहन जब्त किया गया तथा आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(च) के अन्तर्गत प्रकरण कायम किया गया।

इस कार्यवाही में आबकारी आरक्षक केश्वर दास, श्यामू साहू, अनिल पाण्डेय, खिनीराम खुंटे



आबकारी वाहन चालक पूरनलाल देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आदर्श आचार संहिता लगने के पश्चात् आबकारी विभाग द्वारा लगातार गश्त कर जिले के विभिन्न क्षेत्र में अवैध शराब का विनिर्माण, धारण, परिवहन एवं विक्रय के विरूद्ध सघन अभियान चलाया गया तथा इसके अतिरिक्त अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा उपलब्ध कराने वाले ढ़ाबे/चखना दुकानों के विरूद्ध भी नियमानुसार कार्यवाही की गई।

45 प्रकरण कायम कर 111.97 लीटर अवैध शराब एवं अवैध शराब बनाने की सामग्री महुआ लाहन 7530 कि.ग्रा. जब्त किया गया है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 52,000/- रूपये हैं, 05 आरोपियों को धारा 34(2), 59 क आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आबकारी विभाग द्वारा जिले में उड़नदस्ता कायम कर अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार गश्त कर अवैध शराब के रोकथाम हेतु कार्यवाही किया जा रहा है। शराब के अवैध निर्माण, विक्रय, परिवहन, आधिपत्य अथवा मदिरा दुकानों में ओवर रेट, बिल नहीं दिए जाने आदि अनियमितता की षिकायत के लिए आबकारी विभाग द्वारा टोल फ्री नम्बर 14405 जारी किया गया है। उक्त टोल फ्री नम्बर के माध्यम से षिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उक्त प्रकार की शिकायतों की सूचना आबकारी नियंत्रण कक्ष बलौदाबाजार के दूरभाष क्रमांक 07727-223206 पर भी दी जा सकती है।

## महिला ने लगाया सरपंच और पटवारी पर जमीन हड़पने का आरोप, मुख्यमंत्री से की शिकायत

पायनियर संवाददाता ᐸ मगरलोड
www.dailypioneer.com

सरपंच गांवों में किस तरह भ्रष्टाचार कर ग्रामीणों को ठगते है इसका जीता जागता उदाहरण मगरलोड के ग्राम पंचायत मोहदी से सामने आया है सरपंच श्रवण साहू ने पटवारी के साथ मिलीभगत कर गांव की विधवा आदिवासी महिला हीराबाई कंवर की जमीन हड़प ली पीड़िता महिला द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर सीधे मुख्यमंत्री के जनदर्शन पहुंचकर भूपेश बघेल से न्याय की गुहार लगाई है मुख्यमंत्री भूपेश ने हीराबाई कवर को जल्द न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है दरअसल महिला की पति हीरालाल कवर के मौत के बाद पटवारी हल्का नंबर 18 कृषि भूमि खसरा नंबर 248 रकबा 0.13 हेक्टेयर भूमि



मनरेगा सुधार के नाम पर ऋण पुस्तिका सरपंच ने ले लिया फिर सरपंच ने पटवारी से मिलीभगत कर जमीन को अपने नाम पर चढ़ा लिया ऋण पुस्तिका के मांगने पर धमकी देता है।

वहीं 22 सितंबर 2015 को जिओ टावर के साथ अनुबंध भी फर्जी तरीके से कर लिया और अगस्त 2017 से प्रति महीना हजारों रुपए की राशि किराए से ले रहा है पीड़िता हीराबाई कवर मोहदी ने कलेक्टर एसपी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व थाना प्रभारी तहसीलदार को कई बार आवेदन दी लेकिन न्याय नहीं मिला तब महिला गांव के सहयोगी कोमल यदु, मानसिंह साहू और किशन साहू के साथ रायपुर जनदर्शन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से सीधी बातचीत कर न्याय की गुहार लगाई तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आदिवासी महिला हीराबाई कवर को जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है इस संबंध में सरपंच श्रवण साहू से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उससे मुलाकात नहीं हो सकी मोबाइल से भी संपर्क किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया है आदिवासी की जमीन गैर आदिवासी के नाम पर कैसे गया। यह सवालिया निशान खड़ा करता है अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद महिला को न्याय मिलता है या नहीं भ्रष्टाचार करने वालों पर क्या कुछ कार्रवाई होती है।

**जिला सीइओ सहित आम नागरिक-पदयात्रियों ने सुना रेडियो प्रसारण**

## मुख्यमंत्री ने दी स्वास्थ्य, मातृशक्ति पर केन्द्रित योजनाओं की जानकारी

पायनियर संवाददाता ᐸ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री स्वास्थ्य एवं मातृशक्ति पर आधारित मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी के तीसरे प्रसारण की शुरूआत दाई.बहिनी, सियान.जवान, लइका जम्मो मन ला जय जोहार से की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में इस सरल और सरस संबोधन के साथ पूरे वातावरण को सहज बना दिया। मुख्यमंत्री ने मासिक रेडियो वार्ता में छत्तीसगढ़ की संस्कृति में मातृशक्ति की पूजा की परम्परा का उल्लेख कर उनका नमन करते हुए अपनी बात की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो प्रसारण लोकवाणी को जिले में उत्साह के साथ सुना गया । आज ग्राम चिखली, जेन्जरा



एमैनपुर कला में गांधी विचार में शामिल पदयात्रियों ने भी लोकवाणी सुना । ग्राम चिखली में जिला सीईओ आरके खुटे, अतिरिक्त सीईओ एचआर सिदार, शफीक खान, सरपंच सरिता ध्रुव ने ग्रामीणों के साथ वहीं ग्राम जेन्जरा में जनपद सीईओ स्वेच्छा सिंह, दिनेश सोनी, सरपंच मिलेश्वरी साहू सहित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि ने भी कार्यक्रम सुना। ग्राम मैनपुर कला में गांधी विचार यात्रा के पद यात्रियों ने भी कार्यक्रम सुना। साथ ही कलेक्टर के निर्देश में सभी पंचायतोंए नगरीय निकायोंए आश्रम-छात्रावास में भी लोकवाणी सुनने की व्यापक व्यवस्था की गई थी ।

मुख्यमंत्री ने बताया कि त्यौहारों की इस श्रृंखला में शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात में अमृत बरसेगा और यहां रामधुनी का कार्यक्रम लोगो में उल्लास भरेगा। इसके बाद लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा, मातर,भाई.दूज आदि का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हमारे यहां गौरा.गौरीए गोवर्धन पूजा और मातर.भाईदूज के साथ पड़की.सुवा और राउत नाचा से दीवाली के रंग चटख होते हैं। इसलिए हमने गौरा.गौरी उत्सव और गोवर्धन पूजा को गौठान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। लोकवाणी में माताओं.बहनों ने राज्य सरकार के सुपोषण अभियान की सराहना करते हुए इसे गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए बताया फायदेमंद बताया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी में कहा कि राज्य में हमारी सरकार आने के बाद यहां महिलाओं के हित तथा उत्थान पर विशेष ध्यान देते हुए पहली प्राथमिकता मातृशक्ति को दी गयी है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में त्यौहारों की एक समृद्ध श्रृंखला है। यहां हरेली, तीजा के बाद इसी माह क्वांर में नवरात्र पर्व भी उत्साह के साथ मनाया गया। गांव.गांव में रामलीला और आदिवासी अंचल बस्तर में दशहरा पर्व की छटा सहित छत्तीसगढ़ की विविध लोक संस्कृति देश.दुनिया तक विख्यात है।

मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में यह जानकारी भी दी कि आगामी 27, 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता होगी। चुने हुए नृत्य दल जिला तथा राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### शहर के तीन वार्डो से गुजरी गांधी विचार यात्रा



**काँकेर।** गांधी विचार पदयात्रा का तीसरा दिन नगर पालिका अध्यक्ष जितेन सिंह ठाकुर जी के नेतृत्व में रामनगर भंडारी पारा महादेव वार्ड में गांधी पद यात्रा करते हुए पीसीसी सचिव दिलीप खटवानी वरिष्ठ कांग्रेसी आशीष दत्ता राय पार्षद मतीन खान ासीन करणी मकबूल खान मनोज जैन आरती रवि श्रीवास्तव कमला गुप्ता इशक अहमद खान नवाज अली कमला गुप्ता सतीश दीपक आकाश राव शादाब खान शिवराम यादव रामसेवक पटेल जी के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### गांधी विचार पद यात्रा का शुभांरभ, बापू को श्रद्धा सुमन अर्पित



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा 13 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में महात्मा गांधी के 150 वीं जयंती के अवसर पर गांधी विचार पद यात्रा का शुभांरभ के पहले बापू की तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर कांग्रेस भवन होते हुये नगरपालिका से सब्जी मंडी के पास सभा को कांग्रेस नेताआं ने संबोधित किया। उसके उपरांत पद यात्रा करते हुये वार्ड क्रमांक 15 से 16 वार्ड होकर जाते हुये वार्ड क्रमाक 17 में सभा का आयोजन करते हुये राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रदेश व्यापी विचार पद यात्रा को साई धाम रोड, ऐपीओ आफिस की तरफ सेराज सीने फ्लेक्स हाटल से होते हुये दीनदयाल चौक और स्टेशन चौक में पद यात्रा का समापन किया गया ।

### खनिज विभाग की बड़ी कार्यवाही, एक जेसीबी सहित नौ हाईवा जब्त

**धमतरी।** राजस्व खनिज एवम पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा द्वारा रेत अवैध खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर कार्यवाही की गई है। धमतरी ब्लॉक में विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही के बाद रेत माफिया कुरुद क्षेत्र में सक्रिय हो गए थे। जिसमें अलग-अलग जगहों से लगातार अवैध रेत उत्खनन और परिवहन की शिकायत मिल रही थी । आखिरकार लगातार दबाव के बाद संयुक्त कार्यवाही की गई । जिसमें ग्राम परखन्दा चर्रा रोड एवम भखारा रोड से हाइवा एवम चैन माउंट जेसीबी जब्त किया गया। इसमें अब तक मिली जानकारी के अनुसार 9 हाईवा और एक चैन माउंटेन जेसीबी जप्त किया गया है हालांकि यह काफी कम कार्रवाई है लेकिन इस कार्यवाही से खनिज माफिआओं में हड़कंप मच गया है ।

## महिलाओं-बच्चों की स्वास्थ्य पहली प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

■ लोकवाणी की तीसरी कड़ी का प्रसारण

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी की तीसरी कड़ी का प्रसारण आज किया गया, जिसे सुनने के लिए जिले में समुचित व्यवस्था की गई थी। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम डुमाली में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक शिशुपाल शोरी एवं जनपद उपाध्यक्ष मिलाप सिंह मण्डावी, जनपद सदस्य रमाशंकर दर्रो, रामनाथ जैन, तरेन्द्र भण्डारी, डुमाल के उपसरपंच महेन्द्रपाल चंदेल, राजेन्द्र सिंह राठौर, संतोष कौशिक, इंद्रदेव सिंह, सुखेन्द्र नाग सहित महात्मा गांधी विचार यात्रा में



शामिल सैकड़ों लोगों ने लोकवाणी को तन्मयता से सुना।लोकवाणी में मुख्यमंत्री ने मातृ शक्ति एवं स्वास्थ्य के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाये जा रहे कदमों और प्रयासों की जानकारी दी। कुपोषित बच्चों एवं एनीमिक महिलाओं के लिए चलाये जा रहे सुपोषण अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए इसे गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए फ ायदेमंद बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की हित एवं विकास के लिए विषेष ध्यान दिया जा रहा हैए जच्चा.बच्चा का स्वास्थ हमारी पहली प्राथमिकता हैए इसे ध्यान में रखते हुए सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। माताएं कुपोषण से मुक्त होंए इसके लिए विषेष प्रयास किए जा रहे हैंए पोषण पुनर्वास केन्द्र में किसी प्रकार की कमी नहीं आएगीए स्वास्थ्य अधोसंरचना के लिए बड़ा कार्यक्रम बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लोकवाणी के कार्यक्रम में खैरागढ़ अस्पताल को 50 बिस्तर में उन्नयन करने की घोषणा भी किया।मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी को सुनने के बाद उप सरपंच महेन्द्र पाल ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा माताओं एवं बच्चों के लिए जो सुपोषण अभियान प्रारंभ किया गया ह, वह फायदेमंद साबित होगा। बच्चे एवं माताएं शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

## सीताफल उत्पादन में कांकेर जिला अग्रणी

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

सीताफ ल के उत्पादन और अच्छी गुणवत्ता के लिए पूरे राज्य में काँकेर जिला प्रसिद्ध है, जिले में प्राकृतिक रूप से उत्पादित सीताफ ल के 3 लाख 19 हजार पौधे हैं, जिससे प्रतिवर्ष अक्टूबर से नवम्बर माह तक 60 लाख सीताफ ल का उत्पादन होता है, जो पूर्णतः जैविक होता है। सीताफल के पौधे में किसी भी प्रकार के रासायनिक खाद या कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया जाता है ।जिले के कलेक्टर के एल चौहान के विशेष पहल पर इस वर्ष 5 हजार महिलाओं को सीताफ ल संग्रहण एवं विक्रय से जोड़ने की पहल की गई है। इसके लिए उनका कार्यषाला भी आयोजित किया गया। उम्मीद की जा रही है कि पिछले वर्ष



की तुलना में इस वर्ष सीताफल का दुगुना व्यवसाय महिला स्व. सहायता समूह के माध्यम से किया जाएगा। जिला प्रषासन द्वारा सीताफ्ल संग्रहण के लिए 28 सीताफ्ल कलेक्शन सेंटरो में विशेष ट्रैनिंग दिया गया है। वर्तमान में काँकेरए चारामा और नरहरपुर विकासखंड के 77 ग्रामों में कलेक्शन पॉइन्ट बनाकर महिला समूहों के माध्यम से सीताफ्ल संग्रह का कार्य शुरू कर दिया गया है तथा सड़क के किनारे बैठने वाले सीताफ ल विक्रेताओं को भी स्व. सहायता समूह के माध्यम से सीताफ्ल बेचने के लिए समझाईश दी जा रही हैए ताकि उन्हें अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सके। जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिषन की अधिक से अधिक महिला समूहों को जोड़कर काँकेर वेली फ्रेश सीताफल के ब्रांड नाम से सीताफल की ग्रेडिंग कर मार्केटिंग के लिए प्लेटफ ॉर्म उपलब्ध कराया जा रहा हैए ताकि बिचैलियों से बचा जा सके और सीताफ ल का अधिकतम लाभ समूह की महिलाओं को मिल सके। काँकेर वेली फ्रेश का सीताफ ल 20 किलोग्राम के कैरेट और एक किलोग्राम के बॉक्स में बिक्री के लिए उपलब्ध है। जिला प्रषासन द्वारा सीताफ ल विक्रय करने वालों से अपील की गई है ।

## रेत तस्करी रोकने कलेक्टर ने आधी रात को छापा मारा

### रेत माफियाओं सहित खनिज विभाग में मचा हड़कंप

■ चारामा के मचांदुर नाके का मामला

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

नगर सहित ग्रामीण इलाकों से रेत की अवैध तस्करी रुकने का नाम ही नहीं ले रही है।बीते कई महीनों से काँकेर चारामा नरहरपुर जैसे इलाको से अवैध रेत की तस्करी लगातार जारी है ।खनिज विभाग की कार्यशैली पर भी सबाल लगातार उठाई जा रही थी । रेत की अवैध तस्करी की लगातार मिल रही शिकायत के बाद जिलाधीश के एल चौहान ने स्वंय मोर्चा संभालते चारामा क्षेत्र में लगातार हो रही रेत तस्करी को रोकने खुद ही मोर्चा संभाल लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की देर रात लगभग 11 बजे रेत तस्करी की सूचना मिलने पर कलेक्टर पुलिस के साथ मचांदुर चौक पहुंचे, उन्हें सूचना मिली थी की चारामा में महानदी के तट से फि्र रेत की तस्करी की जा रहीं हैए जिस पर कलेक्टर ने तत्काल खनिज विभाग और पुलिस बल के साथ चारामा के आगे मचांदुर नाका पहुंच कर नाकाबंदी करवाई, ताकि तस्करों को पकड़ा जा सके लेकिन इसकी भनक उन्हे पहले ही लग गई जिससे तस्कर भाग निकलने में कामयाब हो गए।



**रेत तस्करों के अलावा खनिज विभाग में मचा हड़कंप**

दुर्ग भिलाई राजनांदगांव जैसे शहरों में ऊंची कीमत पर काँकेर जिले की रेत को बेचने के लिए शहरो के बड़े ठेकेदार शामिल होने की बात सामने आ रही है ।रेत की अवैध परिवहन को रोकने खनिज विभाग भी बौना साबित हो चुका था ।जिसके चलते रेत का गोरखधंधा बदस्तूर जारी था। रेत तस्करी की पाबन्दी के बाद भी रेत माफ्यिा खुलेआम रेत की तस्करी कर रहे हैं।बीच.बीच मे इन पर कार्रवाई जरूर की गई है लेकिन हाल ही के दिनों में रेत माफ्यिा बेखौफहो कर तस्करी कर रहा है ।और जानकारी के बाद भी खनिज विभाग इन पर कार्रवाई से घबरा रही है। इसी बीच शनिवार को आधी रात कलेक्टर की कार्यवाही के बाद रेत तस्करों सहित खनिज विभाग में हड़कंप मच गया है ।



**तस्करी रोकने नाके में 5 जवान होंगे तैनात**

कलेक्टर के एल चौहान कहा कि अब रोज मचांदुर चौक में रात के समय नाकेबंदी की जाएगी। रोज 5 जवान यहां तैनात होंगे, जरूरत पड़ने पर जवानो की संख्या बढ़ भी सकती है।

## सरंगपाल में निकाली गई गांधी विचार पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन सभी विकासखण्डों में किया जा रहा है। कांकेर विकासखण्ड में आज स्थानीय विधायक शिशुपाल शोरी के नेतृत्व में सरंगपाल से नाथियानवागावं तक गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन किया गया। डुमालीए भीरावाही, सिदेसर, बागोडार, माकड़ी इत्यादि गांवों में पदयात्रियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। ग्राम सरंगपाल में आयोजित कार्यक्रम में पदयात्रियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक शोरी ने कहा कि महात्मा गांधी के विचार पहले भी प्रासंगिक थेए आज भी प्रासंगिक है और भविष्य में भी प्रासंगिक रहेंगे। उन्होंने दयाए करूणा, प्रेम,एकता,भाईचारा जो संदेष दिया है, वह हमेषा प्रासंगिक रहेंगे। गांधी जी विचारों को जन.जन तक



पहुंचाने की जरूरत है। शोरी ने कहा कि हम सब भारतवासी भाई.भाई हैं, भाषाई एवं लैंगिक आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए,विविधता में भी एकता है। गांधी विचार पदयात्रा में जनपद सदस्य राजेश भास्कर,हरनेक सिंह औजला,रमाशंकर दर्रो, रोमनाथ जैनए परमानंद नेताम, रोहित यादव,गढ़पिछ्वाड़ी के सरपंच तरेन्द्र भंडारी, सरपंच डुमाली चंद्रिका मातलाम, चरण सिन्हा, कमलेश देवांगन, नरोत्तम पटेल,कपिल शोरी, छीतल मतलाम, श्यामलाल सिन्हा, प्रभुराम मतलाम, जयबती मण्डावी, रामस्वरूप देवांगन,खम्मन देवांगन, रमेश मरकाम, पंचम यादव, नसराम मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन गांधी विचार यात्रा में शामिल हुए।

## राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा स्पर्धा का शुभारंभ

■ 11जोन के 924 खिलाड़ी ले रहे भाग

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कांकेर के खेल मैदान में 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता का आज शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के बस्तर, बिलासपुरए दुर्ग,जशपुर, जांजगीर, कोरिया, कोण्डागांव, कबीरधाम, कांकेर,राजनांदगांव,रायपुर इत्यादि 11 जोन के 924 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। बालक एवं बालिका वर्ग में फुटबॉल, खो.खो एवं कबड्डी की प्रतियोगिता होगी, जिसे शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान,पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और सेंट माईकल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविंदपुर के खेल मैदान में 16 अक्टूबर तक संपन्न कराया जाएगा। राज्य स्तरीय शालेय खेल



प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री षिषुपाल शोरी ने कहा कि कांकेर में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी गौरव की बात है। सभी खिलाड़ी खेल भावना का प्रदर्षन करते हुए उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें, खेल से तन और मन स्वस्थ रहता है साथ ही अनुषासन भी सीखने को मिलता है। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग ले रहे सभी खिलाड़ी एवं प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांकेर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन के लिए कांकेर शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे जिले के बच्चे खेल में अच्छा प्रदर्षन कर रहे हैं। उन्होंने विष्वास व्यक्त किया कि यहां के बच्चे प्रदेश एवं देश में जिले का नाम रोशन करेंगे तथा विदेश में भी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि खेलकूद और व्यायाम से शारीरिक और मानसिक विकास होता हैए हम सबकों खेलकूद में भी रूचि लेना चाहिए।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य बिरेश ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि गफ्फार मेमन, एल्डरमेन सोमश सोनी, चमन साहू,कलेक्टर केएल चौहान, पुलिस अधीक्षक के एल ध्रुव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, डिप्टी कलेक्टर डॉ कल्पना ध्रुव, जिला षिक्षा अधिकारी अर्जुन मेश्राम सहित शिक्षक.शिक्षिकाएं और जोन प्रभारी तथा प्रतिभागी खिलाड़ी उपस्थित थे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक हो रहे है ग्रामीण

**कांकेर।** स्वच्छता एवं साफसफाई के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता एवं उत्साह देखा जा रहा है। लोग स्वयं स्फूर्त अपने गांव की सफाई से जुड़ रहे हैं। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम डुमाली के नवयुवक.युवतियों द्वारा प्रत्येक माह अपने गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज उनके द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अम्बर मण्डावी, कुमारी आसमा शोरी, लकी जैन,ममता उसेण्डी, विक्की शोरी,मनीष नेताम, बिरमा मण्डावीए स्नेह लता शोरी,श्रद्धा नाग, रेशमा कोर्राम,शांता शोरी, नंदिनी कोर्राम, नंद कुमार शोरी, सूरज परचापी, बासित मण्डावी, प्रीत तेता इत्यादि नवयुवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## निशा आदित्य को कराओके क्लब ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ‹ सक्ती
www.dailypioneer.com

कराओके क्लब शक्ति के वरिष्ठ सदस्य एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पोरथा अंग्रेजी में व्याख्याता के पद पर पदस्थ मनीष आदित्य की धर्मपत्नी निशा आदित्य के असामयिक निधन पर कराओके क्लब शक्ति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक रविवार को होने वाले संगीत के प्रैक्टिस कार्यक्रम को इस रविवार के लिए स्थगित करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि



अर्पित की गई इस अवसर पर कराओके क्लब के सदस्य राम प्रकाश ज़ाफ़री ने बताया कि हमारे सहयोगी साथी मनीष आदित्य की धर्मपत्नी निशा आदित्य पहले से ही कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रही थी लेकिन उनका स्वास्थ्य ठीक था वह अपने पति के साथ बिलासपुर औपचारिक चिकित्सा सुविधाएं लेने के लिए गई हुई थी बिलासपुर में ही मनीष आदित्य के बड़े भाई के निवास स्थान पर श्रीमती निशा आदित्य का अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया और उनका असामयिक निधन हो गया जिससे पूरे परिवार के साथ-साथ उनके इष्ट मित्रों में शोक की लहर फैल गई कराओके क्लब शक्ति के द्वारा इस दुखद निधन पर सभी सदस्य ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए।

### दूसरे दिन हटकेशर वार्ड से गांधी विचार पदयात्रा प्रारंभ हुई

**धमतरी।** शहर की दोनों ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के संयुक्त तत्वावधान में गांधी विचार पदयात्रा निकाली जा रही है। दूसरे दिन हटकेशर वार्ड से पदयात्रा प्रारंभ हुई। जिसमें कांग्रेसी शामिल हुए। वार्ड के लोगों को गांधीजी के विचारों से अवगत कराते हुए उनसे संपर्क किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी की अनुमति से 11 अक्टूबर से पदयात्रा शुरू की गई है। जो 17 अक्टूबर को संपन्न होगी। दूसरे दिन जिलाध्यक्ष मोहन लालवानी, विजय देवांगन, विरेन्द्र कोसरिया, ब्लाक अध्यक्षद्वय, योगेश लाल, नरेश जसूजा समेत अनुराग मसीह, नम्रता पवार, वि ंत शर्मा,तारिक रजा कादरी,लखन पटेल,आलोक जाधव, ईश्वर देवांगन, सलीम रोकडिया, वीरू महाजन, आकाश गोलछा, खूबचंद मीनपाल, निर्मल साहू, समेत अनेक लोग शामिल रहे।

## महापौर, अध्यक्ष का अप्रत्यक्ष चुनाव भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा : साहू

पायनियर संवाददाता ‹ कांकेर
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश की तर्ज पर छग की कांग्रेस सरकार द्वारा नगरीय निकाय के महापौरए अध्यक्षो का चुनाव निर्वाचित पार्षदों द्वारा किये जाने के फैसले पर जिले के भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है । भाजपा जिलाध्यक्ष हलधर साहू ने इस पर बयान जारी करते हुए कहा कि सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस सरकार द्वारा जन विरोधी निर्णय निरन्तर लिया जा रहा है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ये फैसला मनमाना व प्रत्यक्ष चुनाव से जनता को दूर रखने का प्रयास है । मछुआ कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत मटियारा ने इसे कांग्रेस सरकार का अलोकतांत्रिक कदम बताया है । स्थानीय चुनाव में जनता द्वारा महापौरए अध्यक्ष चुनने के अधिकार को इस सरकार ने छीन लिया है । जिला महामंत्री विजय कुमार मण्डावी व आलोक ठाकुर ने अप्रत्यक्ष चुनाव से पार्षदों की खरीद फरोख्त व भ्रष्टाचार की आशंका जताई है । पार्षदों को खरीद कर महापौर या अध्यक्ष बने हुए जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार को ही बढ़ावा देंगे । मण्डल अध्यक्ष ललित गांधी, महामंत्री दीपक खटवानी, अरुण कौशिक ने फैसले का विरोध किया है व कांग्रेस सरकार से पुनः पुरानी व्यवस्था पे चुनाव कराने की मांग की है । महिला मोर्चा के पदाधिकारियों शालिनी राजपूत, निर्मला नेताम, विजय लक्ष्मी कौशिक ने आरक्षण तय होने के बाद कांग्रेस सरकार के इस कदम का विरोध करते हुए कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ये निर्णय जनविरोधी है ।



### 19 वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

## 9 खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कबीरधाम जोन ने खिताब जीता

■ राज्य स्तरीय 19वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ‹ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले की मेजबानी में कवर्धा में आयोजित 19 राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबीरधाम ने 9 अलग.अलग खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चैम्पियनशिप का खिताब अपने कर कर लिया है। इसी तरह कबीरधाम जोन बाल बैडमिंटन बालक और बालिका दोनों 17 वर्ष में लगातार 5वीं बार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य में प्रथम स्थान हासिल किया। समापन अवसर पर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने सभी प्रथमए द्वितीय और तृतीय विजेता जोन को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। कवर्धा के स्वामी करपात्री जी महराज आउटडोर स्टेडियम में आयोजित 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता शानदार शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ आज रविवार को विधिवत समापन हुआ। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बालक बालिका उम्र 14, 17 और 19 वर्ष के 12 खेल शामिल किए गए थे। इस खेल में बाल बैडमिंटन, बॉलीबॉल, हैण्डबॉल, रग्बी, और कूडों शामिल थे। समापन अवसर पर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कवर्धा के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति और देश के अलग.अलग राज्य की सांस्कृतिक झलक की प्रस्तुति देकर समापन आयोजन को रंगारंग में रंग दिया। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर राज्य के अलग.अलग जिलों से आए 12 जोन के प्रतिभागी टीम को इस सफ ल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होने कहा कि 28 जिलों के 12 जोन के खिलाड़ियों ने एक मैदान में पूरे चार दिन 12 अलग.अलग खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने अपने जोन को जिताने में भरपूर मेहनत की है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का मेहनत कभी बेकार नहीं जाता। खिलाड़ियों को लगतार अभ्यास और प्रयास से जीत अवश्यक ही मिलती है।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के खिलाड़ियों को उन्हे मंजिल तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा। यहां बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन के विशेष पहल से कबीरधाम जिले के खिलाड़ी पिन्टू सिन्हा को स्पेन देश में आयोजित इंटरनेशल प्रॉफेशनल बेसबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि कबीरधाम जिले की मेजबानी में आयोजित प्रतियोगिता के बाद अब छत्तीसगढ़ राज्य राष्ट्रीय स्तर आयोजित खेल में भाग लेने के लिए तैयार हो गया है। राज्य के खिलाड़ियों को अब आगे बढ़ने की लक्ष्य बनाकर लगातार प्रयास करना होगाए ताकि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसग? का नाम रौशन हो सके। हार के बाद ही जीत का लक्ष्य और मजबूती के साथ, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उम्मेद सिंह ने सभी प्रतिभागी जोन को बधाई एंव शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि वे खिलाड़ी जो उत्कृष्ट प्रदर्शन नहीं किया उन्हे निराश होने की जरूरत नहीं है। हार के बाद ही जीत का लक्ष्य और मजबूती के साथ दिखाई देता है। उन्होने कहा कि लक्ष्य बनाकर लगातार अभ्यास और प्रयास करते रहेंए सफ्लता जरूर मिलेगी। समापन अवसर पर ऋषि शर्मा ने भी संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी।



**9 खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**

कवर्धा में आयोजित 19वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबीरधाम जोन के खिलाड़ियों ने 9 अलग.अलग खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कबीरधाम जोन में कबीरधाम जिला सहित मुंगेली और बेमेतरा जिले के खिलाड़ी शामिल है। कबीरधाम जोन के इन खिलाड़ियों ने ब्हालीबॉल बालिका 14 वर्षए बॉल बॉल बैण्डमिंटन बालकएबालिका 17 वर्ष, रग्बी बालक, बालिका 14 वर्षए कुडो बालक 17वर्ष, कुडो बालिका 17 वर्ष, कुडो, बालक 19 वष, और कुडो बालिका 19 वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# शिक्षा में मानवतावादी दृष्टिकोण आवश्यक

**शिक्षा का अर्थ केवल पाठ्यपुस्तकें, शिक्षण व मूल्यांकन ही नहीं है। इसे दृष्टिकोण में परिवर्तन का माध्यम भी बनना चाहिए। यह परिवर्तन मानव जाति के जीवित बचे रहने के लिए आवश्यक है।**



**जे एस राजपूत**
(लेखक यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड में भारतीय प्रतिनिधि हैं)



दो दशक पहले शिक्षा और शिक्षकों के विकास पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में एक बहु-प्रशंसित वक्ता ने सीखने, ज्ञान के हस्तांतरण, ज्ञान प्राप्त करने तथा इसके प्रयोग को चार सरल सवालों में बांध दिया- कौन पढ़ाएगा, किसे पढ़ाएगा, क्या पढ़ाएगा और कैसे पढ़ाएगा। मैं शिक्षण के क्षेत्र में नया था तथा भौतिकी पर शोध से भौतिकी पढ़ाने के क्षेत्र में गया था। मैंने पूरे ध्यान से वक्ता के हर शब्द पर गौर किया। मुझे उन लोगों की याद आई जिनको पचास व साठ के दशकारंभ में शिक्षा का विस्तार करने के प्रयास के समय नियमित रूप से एक गंभीर सवाल का जवाब देना होता था कि मुझे अपने बच्चों को क्यों पढ़ाना चाहिए? लेकिन इससे भी ज्यादा गंभीर सवाल यह होता था कि अपनी लड़कियों को स्कूल भेजने से मुझे क्या लाभ होगा? अनेक समुदायों की ओर से शिक्षाविदों के समक्ष बीसवीं शताब्दी के मध्य में सबसे कठिन सवाल यह होता था कि शिक्षा क्यों? ऐसे अनुभवों की याद करते हुए मैंने वक्ता से पूछा कि क्या 'शिक्षा क्यों' सवाल जोड़ने से उनका भाषण ज्यादा समग्र नहीं हो जाएगा। मुझे आश्चर्य हुआ कि वक्ता व अन्य ने इस पर सहमति प्रकट करते हुए इसे विषय में शामिल कर लिया। विकासशील देशों से सहभागिता करने वाले अधिकांश सहभागियों ने ऐसे ही अनुभवों का साझा किया जब बड़ी संख्या में लोग अपने बच्चों को स्कूलों में भेजने के इच्छुक नहीं थे। जिज्ञासा, खोज एवं रचनात्मकता के मानवीय गुण लगातार अज्ञान का सामना करते रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद वे लगातार ऊपर उठते हुए प्रकृति के गूढ़ रहस्यों का पता लगाते रहे हैं।

शिक्षा एक प्रक्रिया है जो ऐसे मानव प्रयासों को संगठित करती, समन्वित करती व उपयुक्त बनाती हैं तथा उनसे सभ्यता के आगे बढ़ने की प्रक्रिया में गतिशीलता पैदा करती है। ज्ञान की खोज एक आंतरिक मानवीय खोज है। प्रकृति के रहस्यों की समझदारी बढ़ने के साथ मनुष्यों के सामने नए क्षितिज खुले व नई चुनौतियां सामने आईं। इसके चलते शिक्षा नीतियों में परिवर्तन की आवश्यकता महसूस हुई। भारत इस प्रक्रिया में प्रयासरत है। लेकिन शिक्षा नीतियां गंभीर शिक्षाशास्त्रीय आधार पर स्थापित होनी चाहिए तथा उनको समय की आवश्यकता के अनुसार गढ़ा जाना चाहिए। उपरोक्त सम्मेलन में भी इसके प्रयास किए गए। इसमें मुख्यतः निम्न शामिल हैं। सीखने वाले को जानें तथा उनकी आवश्यकताओं का अध्ययन व विश्लेषण कर उनको विस्तार दें। उचित तथा उपयुक्त शिक्षाविधि का प्रयोग करें। संप्रेषण की रणनीतियों का व्यवहार करते हुए सीखने वाले को जीवन का सामना करने के लिए तैयार करें तथा सर्वोपरि प्राप्त ज्ञान के सही उपयोग के लिए उसे प्रेरित करें। वर्तमान शब्दावली में शिक्षकों, शोधकर्ताओं, नए ज्ञान की रचना व हस्तांतरण एवं इस कौशल में दक्ष व्यक्ति को ज्ञान कार्यकर्ता कहा जाता है। इस अवधारणा के अनुसार, हम सभी एक 'ज्ञानवान समाज में रह रहे हैं जो ज्ञान की अर्थव्यवस्था पर केन्द्रित है।' ऐसे में शिक्षा संबंधी नीतियों को ज्ञान कार्यकर्ता तैयार करने की जिम्मेदारी पर सचेतन रूप से ध्यान देना चाहिए।

हमने ज्ञान प्राप्त किया है और लगातार ज्यादा ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। हम इसे नई पीढ़ी को हस्तांतरित कर उम्मीद कर रहे हैं कि वे हमसे श्रेष्ठ होंगे। हमारी नौजवानों से उम्मीद है कि वे ज्ञान की रचना व उसके प्रयोग में अपना योगदान करेंगे। भारतीय परंपरा में ज्ञान की खोज के दो मूलाधार हैं-यावज्जीवेत अध्यते विप्रः, अर्थात बुद्धिमान लोग हमेशा सीखते हैं तथा सर्व भूत हिते रतः, अर्थात सभी प्राणियों के कल्याणार्थ जीवन। पवित्र कुरान आदेश देती है कि ज्ञान प्राप्त करने के लिए चीन तक जाओ, अर्थात कठोर परिश्रम करो। इस पवित्र पुस्तक में 'अल्लाह' के बाद इल्म को दूसरा सबसे बड़ा दर्जा दिया गया है। भारतीय सभ्यता में ज्ञान और गुरु को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना गया है। सभी सीखने वालों को ज्ञान देने वाला गुरु अपने साथ अज्ञात की यात्रा पर ले जाता है और उनको इस ब्रह्मांड तथा उसके बाहर के रहस्यों से परिचित कराता है, वह हमें अज्ञान के अंधकार से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है।

कहा जाता है कि एक विचारशील, विश्लेषक व आलोचक मस्तिष्क कुछ भी बिना उपयुक्त जांच, सवाल पूछे व जवाबों की तलाश किए स्वीकार नहीं करता है। यह बात ज्ञान पर भी लागू होती है। मुझे बर्टेंड रसेल का यह कथन याद आता है- 'यदि ज्ञान केवल ज्ञान बना रहे तो मनुष्य के जीवित बचे रहने की कोई आशा नहीं है। लेकिन यदि हम ज्ञान को विवेक में बदल दें तो हम न केवल जीवित रहेंगे, बल्कि उपलब्धियों के मामले में ज्यादा से ज्यादा ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे।' वास्तव में रसेल ज्ञान एवं विवेक के बीच अंतर स्पष्ट कर रहे हैं। विचारों और कल्पना की शक्ति पर जोर देते हुए उन्होंने कहा, 'तार्किक व्यक्ति समाज के अनुसार चलता है। अतार्किक व्यक्ति उम्मीद करता है कि समाज उसके अनुसार चले। इसलिए सारी प्रगति अतार्किक व्यक्ति पर निर्भर करती है।'

रसेल की सही बात के पक्ष में मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। हिरोशिमा और नागासाकी में अणुबम विस्फोट तथा उसके बाद की घटनाओं पर गौर करें। उस समय आधुनिक वैज्ञानिक ज्ञान शिखर पर था। मनुष्य अणु बम बनाने में सफल हुआ जो एक महान वैज्ञानिक व तकनीकी उपलब्धि थी। इसमें धरती के सबसे बुद्धिमान लोगों ने सहयोग दिया तथा पेशे के प्रति उनकी जबरदस्त प्रतिबद्धता दिखी। वे प्रख्यात वैज्ञानिक, विद्वान, खोजी व आविष्कारक थे। उनके बीच कोई परेशान करने वाला पदानुक्रम नहीं था, वे एक दूसरे का सम्मान करते थे तथा मस्तिष्क की शक्ति का प्रयोग करते थे। लेकिन अन्य स्थानों पर वे अपने सहयोगियों के साथ शर्तों के साथ जुड़े थे। उनसे काम जल्दी करने की उम्मीद थी क्योंकि दुश्मन दूसरी जगह यही काम करना चाहता था। दोनों दूसरे से पहले बम बना लेना चाहते थे। वैज्ञानिकों को बम बनाने का काम दिया गया, पर उसके उपयोग या दुरुपयोग का निर्णय सत्तारूढ़ राजनेताओं को करना था। यहां ज्ञान था और वैज्ञानिक मानव कल्याण के लिए इसके संभावित उपयोग के बारे में स्पष्ट थे। यहां तक कि आम जनता को भी इसकी जानकारी थी। लेकिन निर्णयकर्ताओं ने अपने विवेक का प्रयोग नहीं किया। बुद्धि और विवेक के इस दुरुपयोग ने हिरोशिमा व नागासाकी पर अणु बम गिरा कर पूरी मानवजाति को लज्जित किया।

स्पष्ट रूप से शिक्षा का अर्थ केवल पाठ्यपुस्तकें, शिक्षण व मूल्यांकन ही नहीं है। इसे दृष्टिकोण में परिवर्तन का माध्यम भी बनना चाहिए। यह परिवर्तन मानव जाति के जीवित बचे रहने के लिए आवश्यक है। जब स्वामी विवेकानंद ने कहा था बिना चरित्र के शिक्षा अर्थहीन है तो वे यह स्पष्ट कर रहे थे कि शिक्षा व्यवस्था और नीतियों का काम 'मानव-निर्माण की शिक्षा' सुनिश्चित करना है। भारत की नई शिक्षा नीति को इसी उद्देश्य पर ध्यान देना चाहिए। उसे यह स्पष्ट करने का प्रयास करना चाहिए कि हम इस लक्ष्य तक कैसे पहुंचें।

शिक्षा को उचित ही 'एक आवश्यक कल्पना' के रूप में परिभाषित किया गया है। शिक्षा, शिक्षा व्यवस्था और शिक्षित मनुष्यों से मानव जाति की उम्मीदों की कोई सीमा नहीं है। मानव सभ्यता के वर्तमान मोड़ पर 'परिवर्तन की गति' बहुत तेज है, अतः ऐसे में बौद्धिक जीवंतता को विकसित करने के प्रयास होने चाहिए। शुरुआती स्तर से ही शिक्षा संस्थानों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सीखने वाले छात्रों को जिज्ञासा, रचनात्मकता तथा विचारों व कल्पना की ओर मुक्त उड़ान का रास्ता उपलब्ध कराना चाहिए।

लेकिन दुर्भाग्य से हमारी व्यवस्थायें इतनी जड़ व संकुचित हो गई हैं कि उपरोक्त सभी चार आयामों के सामने हर चरण में बाधा आती है। हमारी व्यवस्था स्कूली बस्तों के विकलांगकारी बोझ, असंख्य पाठ्यपुस्तकों तथा अनेक प्रकार की साप्ताहिक परीक्षाओं व बोर्ड परीक्षाओं पर केन्द्रित हैं और उसका पूरा ध्यान केवल नंबरों पर है। नीति निर्माता आमतौर से इन आयामों पर काम करते हुए कुछ आधे-अधूरे परिवर्तनों का सुझाव देते हैं जो अक्सर व्यवस्था द्वारा दबा दिए जाते हैं। इससे केवल व्यावहारिक समझे जाने वाले परिवर्तन ही स्वीकार होते हैं। इस प्रक्रिया में प्रोत्साहन व प्रेरणा तथा कल्पना, सोच, तार्किकता, अभिव्यक्ति, रचनाशीलता, खोज एवं परिकल्पना की क्षमता को ज्यादा स्थान नहीं मिलता है। हम सभी जानते हैं कि ये व्यवस्थागत बाधायें शायद ठीक नहीं की जा सकती हैं। समावेशी वृद्धि व विकास में लगा देश संज्ञानात्मक पूंजी में ऐसे क्षरण को स्वीकार नहीं कर सकता है। दूरदर्शी विवेकानंद ने आह्वान किया था कि 'शिक्षा मनुष्य में पहले से उपलब्ध संपूर्णता की अभिव्यक्ति है'। इसका अर्थ है कि प्रत्येक व्यक्ति को 'अपने भीतर छिपे खजाने' की खोज करनी चाहिए तथा इस खजाने को यथासंभव अधिकाधिक बाहर निकालना चाहिए। विवेकानंद ने इसका रास्ता भी बताया था-'मस्तिष्क व मांसपेशियों का विकास साथ-साथ होना चाहिए। मजबूत मांसपेशियों तथा बुद्धिमान मस्तिष्क से हम सारी दुनिया को अपने कदमों में झुका सकते हैं।'

पिछले सात दशकों में हम केवल शिक्षा सुधारों से टुकड़ों में कुछ गुणवत्ता ला सके हैं। अब प्राथमिक शिक्षा कम से कम प्रवेश व सहभागिता के स्तर पर सर्वव्यापी हो चुकी है। ऐसे में हमें प्रत्येक सीखने वाले को 'व्यक्ति से व्यक्तित्व' में बदलने का प्रयास करना चाहिए। इसे प्रख्यात गांधीवादी अवधारणा से भी समझा जा सकता है जिसके अनुसार शिक्षा का काम 'शरीर, मन और आत्मा में सर्वोत्तम को बाहर लाना' है। जब इन तीनों को फलने-फूलने का सर्वोत्तम अवसर दिया जाए तथा बच्चे के हिता को सर्वोपरि रखते हुए सही दिशा अपनाई जाएगी तो वह जीवन्तता, आत्माभिव्यक्ति व आत्मविश्वास के रास्ते पर चलेगा।


शिक्षकों को श्री अरविंद की शिक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा था कि कुछ भी पढ़ाया नहीं जा सकता है और मस्तिष्क की उसके विकास में सहायता की जानी चाहिए। जब शिक्षा सीखने वाले को उसके मनपसंद व विशेष हित के रास्ते पर ले जाने में सक्षम हो तो विवेकानंद के शब्दों में यह उम्मीद करना संभव हो सकता है-'इस शिक्षण का मूल तत्व यह है कि आप गुलाम के बजाय स्वामी की तरह काम करें, लगातार काम करें पर काम के गुलाम न बनें, स्वतंत्रतापूर्वक काम करें व काम से प्रेम करें।' शिक्षा को यही पाने का प्रयास करना चाहिए। प्रत्येक सीखने वाले छात्र को अपने भीतर सत्य, शांति, अहिंसा, न्यायोचित व्यवहार व प्रेम की भावनायें समाहित करनी चाहिए।

# बेहतर होगा पाकिस्तान से वार्ता बहाल करना

**क्षेत्र में व्याप्त तनाव को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय भारत-पाकिस्तान वार्ता को लेकर उत्सुक है। सरकार को करतारपुर गलियारा खोले जाने से प्राप्त उपयुक्त अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए।**



**अशोक के मेहता**
लेखक भारतीय सेना के पूर्व मेजर जनरल हैं।



जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपिता (भारत के पिता नहीं जैसा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा) महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाने गुजरात गए हुए थे, सारा ध्यान संयुक्त राष्ट्र महासभा में मोदी के भाषण और उसके पहले ह्यूस्टन में हुए ऐतिहासिक हाउडी मोदी समारोह पर केंद्रित था। भारत को वैश्विक स्तर पर महत्व दिलाने में मोदी की राजनयिक सफलता का उत्सव अहमदाबाद में हुई एक पार्टी रैली के दौरान मोदी और ट्रंप के आदमकद चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। भाजपा के बेजोड़ समारोह एवं मीडिया प्रबंधन कौशल की बदौलत, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 को समाप्त किए जाने एवं जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के पश्चात विदेशों में दर्ज किए गए केवल सकारात्मक पहलुओं का उल्लेख किया गया था।

सरकार के इस उत्साह से परिपूर्ण दावे को अपेक्षा के अनुरूप बहुत अधिक जन समर्थन नहीं प्राप्त हुआ कि जम्मू-कश्मीर का पुनर्निर्माण भारत का आंतरिक मामला है। बल्कि, कश्मीर के अंदरूनी मामले पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय की राजनयिक खामोशी को सकारात्मक संकेत मान लिया गया। जम्मू-कश्मीर में जबर्दस्त आंतरिक बदलावों के दो महीने बाद, कुछ देशों ने उनकी वैधानिकता पर सवाल उठाए हैं तथा कइयों ने पूर्व राज्य में मानवाधिकारों पर बंदिशों की बातें कही हैं। निश्चित रूप से भारत के आंतरिक मामले का अंतरराष्ट्रीयकरण हो गया है। आश्चर्य की बात नहीं, सामरिक सहयोगियों, पाकिस्तान और चीन, दोनों की सीमाएं कश्मीर से लगी हुई हैं, और यही दोनों देश सवाल उठाने वालों में सबसे पहले थे।

बीजिंग ने लद्दाख को संघ शासित प्रदेश बनाए जाने पर आपत्ति जताई क्योंकि इससे उसकी भूक्षेत्रीय संप्रभुता खतरे में पड़ जाती है, और उसने इस कदम को अस्वीकार्य बताया। 5 अगस्त को, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में कहा था कि जम्मू-कश्मीर का अर्थ होता है पाक अधिकृत कश्मीर और अक्साई चिन जैसा कि भारतीय संविधान एवं जम्मे-कश्मीर संविधान द्वारा निर्धारित किया गया है और जम्मू-कश्मीर का संविधान अब अस्तित्व में नहीं है। चीन कश्मीर में संवैधानिक बदलावों की वैधानिकता पर सवाल नहीं उठा सकता जब उसने अवैध रूप से गिलगिट-बाल्टिस्तान में चीन-पाक आर्थिक गलियारे का निर्माण किया है और जिनजियांग में उसका मानवाधिकारों का रिकार्ड भयावह है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा लगातार स्पष्टीकरण दिए जाने के बावजूद, कि भारतीय संविधान में हुए बदलावों का प्रभाव भारत की वाह्य सीमाओं अथवा वास्तविक नियंत्रण रेखा पर नहीं पड़ेगा और यह कि भारत किसी भी प्रकार के अतिरिक्त भूक्षेत्रीय दावे नहीं उठा रहा है और इसका वर्तमान में जारी सीमा विवाद वार्ताओं पर असर नहीं पड़ेगा, चीन ने पिछले महीने घोषणा की है कि विशेष प्रतिनिधियों के बीच 22 दौर की सीमा वार्ताएं, जिनको अगले वुहान सम्मेलन के लिए तैयार होना था, स्थगित कर दी गई हैं। संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि, झांग जुन, ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में यथास्थिति को बदलकर भारत ने क्षेत्र में तनाव बढ़ा दिया है और चीन के संप्रभु हितों को चुनौती दी है। उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टीनेंट जनरल रणबीर सिंह की चीन यात्रा टाल दी गई थी। अब 11 से 13 अक्टूबर तक शी-मोदी सम्मेलन अनिश्चितता के घेरे में रहा और उसकी पुष्टि अंतिम समय पर जाकर की गई। चीनी संभवतः भारत के साथ वहीं काम कर रहे हैं जो भारत ने चीन के साथ किया था जब ब्रिक्स सम्मेलन में मोदी के भाग लेने की पुष्टि डोकलाम टकराव के दौरान अंतिम क्षण में जाकर की गई थी।

पाकिस्तान और चीन के साथ जुड़े उसके नेता उन्मादी हो गए हैं साथ ही इमरान खान ने कश्मीर को लेकर नाभिकीय युद्ध छिड़ने की धमकी दी है। और ट्रंप द्वारा दोनों देशों की सहमति होने की स्थिति में कश्मीर पर मध्यस्थता करने की पांच बार पेशकश किए जाने के साथ ही, कश्मीर का मुद्दा केंद्र में आ गया है और कभी भी भारत का आंतरिक मामला नहीं रहा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटीनियो गुटरेस ने टिप्पणी की थी : ''कश्मीर विवाद सुलझाने के लिए, भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत होना आवश्यक है।'' उन्होंने जोर देकर कहा, ''जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकारों का सम्मान हो।''

तुर्की, मलेशिया, यूके की लेबर पार्टी और इस्लामिक सहयोग संगठन, सभी ने एकतरफा कश्मीर का दर्जा बदले जाने की निंदा की है लेकिन सभी दक्षिण एशियाई देशों तथा रूस ने आंतरिक मामला बताकर कश्मीर पर भारत के रुख का समर्थन किया है। लेकिन असली सरोकार तो मानवाधिकारों व उस स्वतंत्रता को लेकर है जो अधिकतर देशों ने बोला है। बंद की स्थिति जनता के दिमागों में बसी है। यूके के विदेश सचिव डामिनिक रैब ने कहा, ''कश्मीर का मुद्दा भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दा है, फिर भी मानवाधिकारों का सरोकार इसे अंतरराष्ट्रीय बना देता है।'' संरा महासभा से इतर ट्रंप-मोदी द्विपक्षीय वार्ता के पश्चात, अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा जारी एक प्रपत्र में भारत से कहा गया था कि वह जम्मू-कश्मीर में प्रतिबंध हटाने, बंदियों को रिहा करने एवं क्षेत्र में तनाव दूर करने के लिए राजनीतिक वार्ताएं प्रारम्भ करने हेतु तेजी से कारवाई करे। 6 सितम्बर को, जबकि वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का आंतरिक मामला है, अमेरिकी विदेश विभाग ने मानवाधिकारों का सम्मान करने एवं बंदी खत्म करने की सलाह दी। 22 अक्टूबर को, अमेरिकी हाउस आफ रिप्रजेंटेटिव्ज कश्मीर में मानवाधिकारों की स्थिति पर चर्चा की जाएगी। अब ध्यान कश्मीर में संवैधानिक बदलावों से हटकर राष्ट्रीय सुरक्षा एवं नागरिकों के संरक्षण के आवरण तले कश्मीरियों के मूल अधिकारों में कटौती पर केंद्रित हो गया है। सर्वोच्च न्यायालय में, याचिकाकर्ता द्वारा बंदी समाप्त करने एवं सामान्यता बहाल करने की मांग किए जाने के जवाब में सरकार द्वारा बताया गया कि इंटरनेट एवं सेल फोन के प्रयोग को बहाल करने से सुरक्षा पर बुरा असर पड़ेगा क्योंकि पाकिस्तान उसका इस्तेमाल फर्जी खबरें प्रसारित करने के लिए करेगा। यह भी कहा गया कि सेल फोन भारत में 1995 में आए थे लेकिन जम्मू-कश्मीर में उनके प्रयोग की अनुमति 2005 में दी गई थी। ऐसे में जल्दी किस बात की है।

सभी विकल्प खुले हैं। अभी तक जम्मू-कश्मीर व शेष भारत में एक भी आतंकवादी हमला नहीं हुआ है। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की बैठक अक्टूबर में यह निर्धारित करने के लिए हुई कि पाकिस्तान प्रतिरोाक बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय भारत-पाक वार्ता को लेकर उत्सुक है जिससे क्षेत्र में तनाव कम होगा। भारत पाकिस्तान पर वार्ता बहाल करने के लिए आतंकवाद से मुक्त उपयुक्त माहौल पैदा करने के लिए जोर डालेगा जो वार्ता 2013 में नियंत्रण रेखा पर एक भारतीय सैनिक का सिर काटे जाने तथा उसके बाद कश्मीर में हुए सिलसिलेवार आतंकी हमलों के बाद स्थगित कर दी गई थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा है कि पाकिस्तान कश्मीर में लगे प्रतिबंध हटने से पहले भारत से वार्ता नहीं करेगा। क्या यह नया गतिरोध है?

शिमला समझौते के अनुसार, दोनों सरकारें जम्मू-कश्मीर के निर्णायक समाधान समेत, संबंधों को सामान्य करने एवं स्थायी रूप से शांति कायम करने की व्यवस्थाएं करने पर सहमत हुई थीं। लाहौर समझौते में भी वहीं भावनाएं प्रतिध्वनित हुई थीं। नवंबर के मध्य में गुरुनानक की 550वीं जयंती के अवसर पर करतारपुर गलियारे को खोले जाने का अवसर एक अच्छा मौका है जब राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उसमें भाग लेने की संभावना है। नई दिल्ली को, अंत में, इस्लामाबाद के साथ बातचीत प्रारम्भ करनी होगी।

विधि के शासन, लोकतंत्र व परिसंघवाद को दरकिनार कर, कश्मीरियों की सहमति के बगैर एक राज्य का संघशासित प्रदेश बनाकर उसकी पदावनति करने वाला जम्मू-कश्मीर में संवैधानिक दर्जा बदलने का अचानक उठाया गया कदम दुर्भाग्यपूर्ण एवं त्रासद है। कश्मीरियों से विकास के नाम पर अपनी इस नियति से सहमत होने की उम्मीद करना मूर्खतापूर्ण है। मोदी और शाह ने कश्मीर को लेकर भारत-पाकिस्तान को एक बार फिर कौतूहल का विषय बना दिया है, और उस मामले का बाहरीकरण कर दिया है जिसे वे आंतरिक मामला बताते हैं और एक ही झटके में अपने दो शत्रुओं, चीन और पाकिस्तान को और निकट ला दिया है।

## क्विक न्यूज

### सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक 15 को

**बेमेतरा।** अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक मंगलवार 15 अक्टूबर को शाम 4 बजे आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्टर सभा कक्ष में होगी।

### नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** 12 अक्टूबर के प्रातः करीब 10 राष्ट्रीय राजमर्गा एक गांव में नाबालिग बालिका अपने घर के पीछे वाले बाड़ी मे बर्तन साफकर रही थी। उसी समय पीछे तरफ से आरोपी शत्रु यादव उर्फ सीताराम पिता जेठूराम उर्फ भूरू यादव उम्र 20 वर्ष ग्राम चैरंगा थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार प्रवेश कर नबालिक बालिका क हाथ पकड कर बुरी नियत से बाहर ले जाने लगा तभी नाबालिग लड़की रोई तथा चिललाई तो आरोपी नाबालिक लड़की को छोड़कर भागने लगा। नाबालिक लड़की की चिल्लाने की आवाज सुनकर आप.पास के लोग भागते हुये आरोपी को पकड़कर थाना बेमेतरा पुलिस को सूचना दिये, जिस पर बेमेतरा पुलिस मौके पर पहुंच कर आरोपी को पकड़कर थाना लाये जहां प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### बालिका दिवस पर विभिन्न आयोजन

**भिलाई।** श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी के महिला प्रकोष्ठ द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें रंगोली, चित्र व चार्ट के माध्यम से छात्राओं ने अपने विचारों को व्यक्त किया। इस दिवस की महत्ता व मनाने का उद्देश्य व इस का इतिहास तथा वर्तमान में बालिकाओं की क्या स्थिति है, इसे विडियों के माध्यम से दिखाया गया। इस विडियों को दिखाने का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की प्राचीनकाल से लेकर वर्तमान तक की स्थितियों में हो रहे बदलाव से अवगत कराना था।

## बीते तीन सालों से हो रही है लेट लतीफ

# 1126 स्कूलों को अभी तक नहीं मिला है शाला निधि राशि

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शिक्षा विभाग के सरकारी स्कूलों को दी जाने वाली शाला निधि की राशि अभी तक जिले के किसी भी स्कूल में नहीं पहुंच पाया है जबकि शिक्षा सत्र को प्रारम्भ हुए पांचवीं माह चल रहा है।

लेकिन राज्य परियोजना शिक्षा मिशन के द्वारा प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं को दिये जाने वाले अनुदान राशि के प्रति इस कदर लापरवाही बरती जा रही है कि इस राशि सत्र के लिये जिले के 1126 प्राथमिक शालाओं एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं को प्रति वर्ष मिलने वाली शाला निधि की राशि नहीं दिया गया है। इससे शासकीय स्कूलों के प्रधान पाठकों स्कूल कार्य में खर्च करने के लिए व्यवहारिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है राज्य परियोजना शिक्षा मिशन के द्वारा जिले के सभी शासकीय प्राथमिक शालाओं एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं के लिए प्रति वर्ष शाला निधि के नाम पर एक निर्धारित राशि दिया जाता है इस संबंध में जानकारी के अनुसार शाला निधि प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के लिए एक ही तरह के रकम दिया गया है उक्त राषि को राज्य परियोजना शिक्षा मिषन के द्वारा सीधे स्कूल के प्रधान पाठक के खाते में भेजा जाता है लेकिन इस वर्ष की शाला निधि राशि अक्टूबर का आधा माह बीतने के बाद भी नहीं पहुंच पाया है। जबकि सामान्य तौर पर यह राशि प्रति वर्ष के जून माह में सभी शासकीय, प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शालाओं जाना चाहिए था। शाला निधि के रूप में प्रत्येक प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शालाओं को एक मुष्त दस-दस हजार रूपये दिया जाता है।




शाला निधि अनुदान राशि इस वर्ष का नहीं आयी है।
**- कुमोद ठाकुर** डीएमसी, जिला मिशन बेमेतरा

### इससे क्या होता है काम

शाला निधि की राशि से प्राप्त रकम से संबंधित स्कूलों के टूट फूट खिड़की, दरवाजे की मरम्मत किया जाता है साथ ही स्कूल के रंग रोगन पौताई, साफसफाई का कार्य कराया जाता है। इसके साथ ही इस राशि का उपयोग स्टेशनरी समानों की खरीदी भी की जाती है और स्कूल स्तर पर होने वाले खेल प्रतियोगिता में हिंस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के लिए भी खर्च किया जाता है किन्तु समय पर राशि नही आने के कारण कई शासकीय स्कूलों का मरम्मत एवं रंग रोगन, पुताई का काम प्रभावित होना लाजमी है। इस के कारण कई स्कूलों के प्रमुख के द्वारा समय पर राषि नही मिलने पर अपने स्तर पर स्कूलों की जरूरत के मुताबिक काम चलाउ व्यवस्था करने पर मजबूर होना पड़ता है।

### पहले दो अनुदान अब एक मिलता है

पहले शासकीय प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों को अनुदान के रूप में दिये जाने वाले राशि दो प्रकार का होता था। पहला शाला अनुदान राशि के रूप में था जिसमें प्राथमिक शाला को पांच हजार एवं मिडिल स्कूल को सात हजार रुपए दिया जाता था और दूसरा शाला मरम्मत के नाम पर राशि देते थे जिसमें प्रत्येक स्कूल भवन के कमरे के अनुसार रकम देते थे। इसमें तीन कमरे तक को पांच हजार एवं तीन से अधिक कमरे वाले स्कूल को सात हजार रुपए दिया जाता था। परंतु बीते साल से दोनों अनुदान को एक साथ मिला दिया गया है और उसे शाला निधि के नाम से राषि दिया जाने लगा है।

### तीन साल से चल रहा लेट लतीफ

शालाओं को दिये जाने वाली अनुदान राशि बीते तीन साल से समय पर नही मिल पा रहा है और इस संबंध में शिक्षा विभाग के संबंधित स्कूल प्रमुखों से मिले जानकारी के अनुसार बीते शिक्षा सत्र 2017-18 की अनुदान राशि इस साल मार्च 2019 में मिला है ओर इस शिक्षा सत्र का अनुदान राशि का अभी तक किसी भी प्रायमरी एवं मिडिल स्कूल को स्कूलों भी नहीं मिल पाया है। जबकि कुछ दिनों में दीपावली का अवकाश लग जायेगा और उसके बाद छमाही परीक्षा प्रारम्भ हो जायेगी।

## कांग्रेस का परफार्मेंस ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में बेहद कमजोर

# दिग्गज जो पार्षद को छोटा पद माना करते थे, अब पार्षद बनने लालायित

रवि भूतड़ा ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर विशेष




मध्यप्रदेश की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में भी निकाय चुनाव के दौरान महापौर व अध्यक्षों का चुनाव पार्षद कर सकते हैं। इसको लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को बयान दिया हैं कि अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में कोई खराबी नही हैं। मंत्रिमंडल की उपसमिति गठित की गई हैं। समिति के अनुशंसा के आधार पर फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस बयान जहां कांग्रेसियों ने स्वागत किया हैं वही भाजपा विरोध में खड़ी हैं। तो वही भूपेश सरकार का यह निर्णय जनमानस में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

चर्चाओं के बाजार में यह भी चर्चा हैं कि क्या नगरी निकाय चुनाव में आने वाले परिणाम से छत्तीसगढ़ की भूपेश नित कांग्रेस सरकार भयभीत व संशय की स्थिति में दिख रही हैं। क्योंकि प्रदेश में 15 साल के बाद कांग्रेस की सत्ता आते ही निकाय चुनाव के समय पार्षद चुनेंगे अध्यक्ष व महापौर। इस बदलाव से जनमानस में चर्चा का विषय होना लाजिमी हैं। चूंकि लोकसभा चुनाव का परिणाम इस बात को प्रदर्शित करता हैए की कांग्रेस का परफॉर्मेंस ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में बेहद ही कमजोर दिखा हैं। यह कमजोरी भूपेश सरकार की कही जाए या विभिन्न निकायों में वर्तमान अध्यक्षों या महापौरों के कार्यकलापों के प्रति नगरी निकाय की जनता में असंतोष का वातावरण। कारण कुछ भी हो। छत्तीसगढ़ सरकार का उक्त निर्णय की पार्षदों के माध्यम से अध्यक्षों व महापौर का चुनाव किया जाएगा, समझ से परे हैं।

भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य विपक्षी दल सरकार के इस निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही है साथ ही साथ कांग्रेस के विभिन्न स्तर के नेता भी सरकार के उक्त निर्णय से खुश नजर नही आ रहे हैं। पर विरोध करने की स्तिथि में भी नही हैं। कांग्रेस सरकार यह कह रही हैं कि हम आम जनता को सुविधाओं और अपेक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए निर्णय ले रहे हैं और विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित कर रहे हैं। फिर भी भय की आशंका क्यों? क्या इसका अर्थ यह लगाया जाए की सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक मूर्त रुप में प्राप्त नही हो पा रही हैं या कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता या निर्वाचित जनप्रतिनिधि सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार सही ढंग से नही कर पा रहे हैं। जन सामान्य में चर्चा का विषय यह भी हैं कि भारतीय जनता पार्टी के रमन नित सरकार के 15 वर्षों के अंतिम पड़ाव में उनके ही कार्यकर्ताओं का मोह पार्टी से भंग हो गया था और वे खुद भी पार्टी के आला नेताओं को सबक सिखाना चाहते थे। जिसके परिणाम स्वरुप छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित परिणाम आया था।

देखा जा रहा हैं की कांग्रेस की सरकार बने लगभग 10 माह हो रहे है। सरकार की कार्यकलापों के संदर्भ में पार्टी के कुछ कार्यकर्ता व पदाधिकारियों में असंतोष अपने ही सरकार के प्रति नजर आ रहे हैं। कही यह निकाय चुनावों में भूपेश सरकार के लिए खतरे की घंटी तो नहीं। क्योंकि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद वे सभी निष्ठावान कार्यकर्ता व पदाधिकारी जो अमूमन रमन सिंह के 15 वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न मुद्दों को लेकर संघर्षरत रहे हैंए वे आज अपने आप को ठगा महसूस करते हुए घर बैठ गए हैं और आज मौका परस्त लोगों का बोलबाला कांग्रेस पार्टी में देखा जा रहा हैं।

### व्यवहारिकता के दम पर जीतना होगा चुनाव

नगरी निकाय चुनाव में अध्यक्षों व महापौरों का चुनाव से भी ज्यादा कठिन अब वार्ड पार्षद का चुनाव हो गया हैं। क्योकि अब अध्यक्ष व महापौर बनने के इच्छुक व्यक्ति भी वार्ड पार्षद का चुनाव जीतने हेतु जी तोड़ मेहनत करते नजर आएंगे। विभिन्न पार्टियों के दिग्गज नेता जो कभी पार्षद को कभी छोटा पद माना करते थे। अब वो खुद पार्षद बनने लालायित रहेंगे। क्योंकि शिखर तक पहुँचने के लिए निचले पायदान का चुनाव लड़ना पड़ेगा। यहां बताना लाजिमी हैं कि पार्षद का चुनाव राजनीतिक पार्टियां नही लड़ती, व्यक्ति व व्यक्ति त्व चुनाव लड़ता हैं। वार्ड का मतदाता चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति यों के बारे में भलीभांति परिचित होता हैं। वह जब मतदान करने जाता है, तब यह देखता है कि कौन व्यक्ति वास्तविक में नेतृत्व करने के लायक हैं और कौन नहीं। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के द्वारा अधिकृत व्यक्ति चुनाव तो लड़ता हैं। परंतु पार्टी की विचार धारा से कई ज्यादा महत्त्वपूर्ण उस व्यक्ति का व्यवहारिक दृष्टिकोण ज्यादा असर डालता हैं। भूपेश सरकार का निर्णय की, अब पार्षद अध्यक्ष व महापौर चुनेंगे। उक्त निर्णय के बाद अध्यक्ष व महापौर का सपना देखने वाले व्यक्ति यों के लिए राह आसान नही हैं। क्योंकि उन्हें पार्षद का चुनाव लड़कर और जीतकर अध्यक्ष व महापौर की सीट तक पहुचना होगा। पार्षद चुनाव जीतने व्यक्ति को व्यवहारिक के साथ व्यक्ति गत भी साफसुथरी छवि का रहना होगा। तब जाकर उस शिखर तक वह पहुंच पाएगा जहां जाना। उस व्यक्ति का सपना हैं।

## गांधी संकल्प यात्रा शुरू हुई वैशालीनगर विधानसभा से

- आशादीप कॉलोनी में 41 कुष्ठ भाई-बहनों को किया सम्मानित



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

महात्मा गांधी जी के 150 वीं जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महात्मा गांधी जी के सिद्धांतों को जनमानस में स्थापित करने एवं सामाजिक बुराईयों के बारे में जागरूकता बनाने देश के सभी भाजपा सांसद के लोकसभा क्षेत्र में गांधी संकल्प यात्रा निकाली जा रही हैं इसी के अंतर्गत दुर्ग सांसद विजय बघेल जी का दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा में पद यात्रा शुरू की । दुर्ग सांसद विजय बघेल ने अपने लोकसभा क्षेत्र के वैशालीनगर विधानसभा से गांधी संकल्प यात्रा के तहत पद यात्रा प्रारंभ किया उक्त पद यात्रा में गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया यात्रा के दौरान महान विभूतियों के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया इसी कड़ी में शहीद विश्राम मांझी जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया उसके उपरांत यात्रा में आशादीप कुष्ठ कॉलोनी में 41 कुष्ठ भाई.बहनों का शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और चंद्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। वैशालीनगर विधानसभा में आज की यात्रा लगभग 16 किमी चली जो सुबह 09 बजे से प्रारंभ होकर शाम 07 बजे वैशालीनगर विधानसभा के मॉडल टाउन में यात्रा को जनसभा के रूप में सांसद के द्वारा संबोधित कर समाप्त किया गया । पद यात्रा में सांसद विजय बघेल के साथ सभी पदाधिकारिगण व जनप्रतिनिधिगण एवं यात्रा प्रभारी कांतिलाल बोथरा जी व ललित चंद्राकर जी सम्पूर्ण यात्रा में उपस्थित थे।

पदयात्रा मे सहभागी सांसद विजय बघेल, विधायक विद्या रतन भसीन, यात्रा प्रभारी कांतिलाल बोथरा, यात्रा प्रभारी ललित चंद्राकर, राम आसरे दुबे जीएप्रवीण पांडे, शंकर लाल देवांगन,मंजू दुबे, रेखा पटेल,संजय खन्ना, विजय तिवारी,महेश वर्मा,भोजराज सिन्हा,अनिल मिश, विजय सिंह,त्रिलोचन सिंह,राम उपकार तिवारी, लोकेश पांडेय, हेमनारायण सिंह,अशोक यादव, निशा चौरसिया, कांति वर्मा, जे पी यादव, निहारिका मिश्रा, अनिषा बघेल, शांता बाई जंघेल, लछ्मी साहू, इंदु कौर, रीना नायर, प्रमोद सिंह,कन्हैया सोनी,हरीश शर्मा, भोला साहू मुन्ना आर्य,शारदा गुप्ता, रमेश साहू, जालंधर सिंह, छोटे लाल चौधरी, चिन्नाराव लतेल यादव, विनोद चेलक, अभिषेक मिश्रा, अप्पा राव, राजीव चौबे, राजकुमार जायसवाल, राजेश प्रधान, शिवा यादव, दीपक रावना, परमजीत सिंह, संतोष श्रीरांगे, राजकुमार गुप्ता, अरविंद वर्मा व अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# दहेज के नाम पर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

मृतका धनेश्वरी देवांगन की शादी वेद प्रकाश देवांगन उम्र 30 वर्ष ग्राम इंदिरानगर वार्ड नंबर 40 राजनांदगांव के साथ सन् 2014 में हिन्दू रीति.रिवाज के अनुसार हुआ था।

शादी होन के बाद मृतिका अपने ससुराल में रहती थी। मृतका का पति वेदप्रकाश मत्स्य विभाग बेमेतरा में चपरासी के पद पर पदस्थ था। घटना के करीबन 1 वर्ष पहले अपने पति वेदप्रकाश देवांगन के साथ बेमेतरा नयापारा में रहते थे। मृतका का पति वेदप्रकाश, सास.ससुर एवं जेठ.जेठानी मृतका धनेश्वरी देवांगन को शादी में दहेज कम लाने की बात को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे, जिस पर मृतका द्वारा अपने ससुराल वालों एवं पति से तंग आकर 3 अप्रैल 2019 को बेमेतरा में स्थित अपने निवास में जहर सेवन कर लियाए जिसे इलाज हेतु जिला अस्पताल राजनांदगांव में भर्ती किया गया थाए जहां 4 अप्रैल 2019 को मृत्यु हो गया। मर्ग जांच के दौरान मृतका के माता पिता एवं परिवार वालों का ब्यान लिया गया जिसमें मृतका के ससुराल वालो द्वारा दहेज के नाम से प्रताड़ित किये जाना पाये जाने पर अपराध क्रमांक 515, 2019 धारा 498, 304 बी,34 भादवि में पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना बेमेतरा पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर आरोपी वेद प्रकाश पिता मोहित देवांगन उम्र 30 वर्ष ग्राम इंदिरा नगर वार्ड नंबर 40 जिला अस्पताल के पास राजनांदगांव को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक राजेश मिश्रा थाना प्रभारी बेमेतरा, उप निरीक्षक नीलकंठ साहू, प्रआर मोहित चेलक, आर प्रवीण वर्मा का सराहनीय भूमिका रही।



# गुधेली में चल बहनी खून जांच कराबे के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले के विकासखण्ड बेरला अंतर्गत ग्राम गुधेली में रविवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चल बहिनी खून जॉच कराबो के अंतर्गत 15 से 49 वर्ष की महिलाओं का एच बी टेस्ट किया गया। चिरायु दल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेरला एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की टीम द्वारा ग्राम वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मितानिन प्रशिक्षक एवं मितानिन की सक्रिय सहभागिता से जनसामान्य की उपस्थिति सराहनीय रही। कलेक्टर राजपूत तिवारी द्वारा भी एच बी परीक्षण कराया गया और एच बी 14.3 पाया गया जो उनके अच्छे स्वास्थ्य का परिचायक है। अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए उचित पोषण आहार लेने की सलाह दी गई. जैसे कि मुनगे की भाजी, सभी प्रकार की पत्तेदार सब्जी, एवं लीबू, बावंला,इमली आदि के सेवन से आयरन के अवशोषण में सहायक होती है। स्वास्थ्य शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं नन्हें बच्चों का अन्न प्रासन्न किया गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गांधी जयंती 2 अक्टूबर से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत प्रदेश में कुपोषण एवं एनीमिया को जड़ से समाप्त करने का निर्णण लिया गया है। इस कार्य में सरकारी प्रयासों के साथ-साथ इसमें नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अति आवश्यक है। संयुक्त कलेक्टर ज्योति सिंह ने बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ योजना के संबंध में प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रकाश कुमार सर्वे, एसडीएम बेरला दुर्गेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सतीश शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आर के जाम्बुलकर, उप संचालक कृषि एच एस राजपूत, जनपद पंचायत सीईओ सीपी मनहर, तहसीलदार हीरा गवरना, पीओ मनरेगा संदीप वारे, सरपंच गुधेली रामाधार लसेल, जनपद पंचायत सदस्य लता वर्मा, उप सरपंच मिथलेश परगनिहा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**गोद भराई एवं अन्न प्रासन्न किया गया**



## जिले में उत्साह से सुनी गई मुख्यमंत्री की रेडियो वार्ता लोकवाणी

# श्रोताओं से सरकार की योजनाओं पर मिल रहा है अच्छा फीडबैक

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश की जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी कार्यक्रम का श्रवण जिले में उत्साह के साथ सुना गया। लोकवाणी के प्रसारण का आज तीसरी कड़ी थी। जिले की सभी जनपद पंचायत सहित नगर पालिका एवं नगर पंचायतों ग्राम पंचायतों एवं छात्रावासों में भी सुना गया। जिले के बेरला विकासखण्ड के सुदुरवर्ती ग्राम गुधेली में लोकवाणी सुनने के लिए व्यवस्था की गई थी। जिसमें कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश कुमार सर्वे सहित जिला प्रशासन के अनेक अधिकारियों ने उपस्थित होकर नागरिकों के बीच इसका श्रवण किया। मुख्यमंत्री ने मासिक रेडियो वार्ता में छत्तीसगढ़ की संस्कृति में मातृशक्ति की पूजा की परम्परा का उल्लेख कर उनका नमन करते हुए अपनी बात की शुरुआत की। इस बार का विषय था स्वास्थ्य एवं मातृ शक्ति। मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी का श्रोताओं से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस कार्यक्रम में श्रोताओं की लगातार बढ़ रही भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और अधिक उपयोगी बना दिया है। श्रोता सरकार की योजनाओं पर अच्छे फीडबैक के साथ महत्वपूर्ण सुझाव भी दे रहे हैं। लोकवाणी में माताओं.बहनों ने राज्य सरकार के सुपोषण अभियान की सराहना करते हुए इसे गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए बताया फायदेमंद बताया। प्रदेश में पोषण पुनर्वास केन्द्रों एनआरसी के सुचारु संचालन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में हमारी सरकार आने के बाद यहां महिलाओं के हित तथा उत्थान पर विशेष ध्यान देते हुए पहली प्राथमिकता मातृशक्ति को दी गयी है। इसी माह क्वांर में नवरात्र पर्व भी उत्साह के साथ मनाया गया। गांव.गांव में शीतला मैयाए देवी के नौ स्वरूपों की धूमधाम से पूजा.अर्चना की गई। इस तरह गांव.गांव में रामलीला और आदिवासी अंचल बस्तर में दशहरा पर्व की छटा सहित छत्तीसगढ़ की विविध लोक संस्कृति देश.दुनिया तक विख्यात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी 27, 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता होगी। चुने हुए नृत्य दल जिला तथा राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इससे ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। महोत्सव में पूरे देश से आए आदिवासी नृत्य दलों का प्रदर्शन भी होगा, जो छत्तीसगढ़ को सांस्कृतिक तौर पर पूरे देश और दुनिया से जोड़ेगा। गौठान दिवस के रूप में मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि त्यौहारों की इस श्रृंखला में शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात में अमृत बरसेगा और यहां रामधुनी का कार्यक्रम लोगों में उल्लास भरेगा। इसके बाद लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा, मातर,भाई-दूज का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हमारे यहां गौरा.गौरी, गोवर्धन पूजा और मातर.भाईदूज के साथ पड़की.सुआ और राउत नाचा से दीवाली के रंग चटख होते हैं।

# मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो कार्यक्रम ''लोकवाणी'' को जिले में उत्साहपूर्वक सुना गया

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो कार्यक्रम ''लोकवाणी'' को आज जिले में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सुना। मुख्यमंत्री की रेडियो कार्यक्रम को सुनने जनपद पंचायत कार्यालय बालोद में भी जनप्रतिनिधि, नागरिकों, युवाओं सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री की रेडियो कार्यक्रम को सुनकर नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए विशेष प्रयास किए जाने की जानकारी दी, वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य अधोसंरचना को मजबूत बनाए जाने, मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना, मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना तथा सुपोषण अभियान की शुरूआत किए जाने की जानकारी दी, वह प्रशंसनीय है। संजय नगर की लेखा साहू ने कहा कि लोकवाणी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ में सुपोषण अभियान की शुरूआत किए जाने की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

सुपोषण अभियान बच्चों में कुपोषण दूर करने सहित गर्भवती माताओं तथा शिशुवती माताओं के लिए बहुत फायदेमंद है। आमापारा बालोद के वरिष्ठ नागरिक आर.के.शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ में महात्मा गॉधी की 150वीं जयंती पर सार्वभौम पीडीएस शुभारंभ किए जाने की जानकारी दी, वह बहुत उपयोगी है। लोकवाणी कार्यक्रम का श्रवण करने एस.डी.एम. बालोद सिल्ली थामस, तहसीलदार रश्मि वर्मा, जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुरली शर्मा, नगर पालिका परिषद बालोद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विकास पाटले सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### बांसाझार सरपंच पर लोमड़ी ने किया हमला

**रायगढ़।** छाल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बांसाझार सरपंच पर लोमड़ी ने हमला कर घायल कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद सरपंच को छुट्टी दे दी गई है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बांसाझार सरपंच भुनेश्वर राठिया अपने ग्राम के एक युवा साथी का तबीयत खराब होने की सूचना पाकर साथी का कुशल क्षेम जानने के लिए अपने घर से लगभग एक किलोमीटर दूर ठाकुरपारा मोहगा में निवासरत साथी के यहां शाम लगभग 6 बजे पहुंचा। वहीं घर वापसी के समय रास्ते में अचानक लोमड़ी से सरपंच का आमना सामना हो गया। सरपंच कुछ समझ पाता इससे पहले ही लोमड़ी सरपंच पर झपट पड़ा। जिसमें सरपंच भुनेश्वर राठिया के दाएं हाथ पर लोमड़ी ने पंजा मार कर व दांतों से काटकर सरपंच को घायल कर दिया।

### घोठला बड़े में सारंगढ़ पुलिस का हमर पुलिस हमर गांव कार्यक्रम आयोजित



**रायगढ़।** सारंगढ़ के ग्राम घोठला बड़े में हमर पुलिस हमर गांव के बैनर तले चलित थाना का आयोजन किया गया था। ग्राम घोठला बड़े में शरद पूर्णिमा पर दो दिनों तक आयोजित मेले के पूर्व थाना प्रभारी सारंगढ़ द्वारा मेला आयोजन समिति के सदस्यों, ग्रामवासियों से चर्चा किया गया। थाना प्रभारी खान द्वारा उपस्थित लोगों से उनकी व्यक्तिगत अथवा सार्वजनिक समस्याएं पूछी गई। उन्होंने मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल लगाने की जानकारी देते हुए आयोजन समिति तथा ग्राम रक्षा समिति को भी व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने को कहा गया।

### माफी से नहीं बनी बात, मोनेट के अधिकारी पर मामला दर्ज

**रायगढ़।** सोशल मीडिया में राजू एस पाटिल नामक व्यक्ति द्वारा कुछ दिन पूर्व देवी के बारे में अपशब्द के प्रयोग के मामले में अंततः भूपदेवपुर थाने ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस धारा 295 और आईटी एक्ट की धारा 67 की धारा लगाई गई है। इससे पहले आरोपी द्वारा थाने में और सार्वजनिक रूप से अपने कृत्य के लिए माफी भी मांगी थी। उसका कहना था कि जो भी हुआ अनजाने में हुआ, लेकिन पुलिस ने उसपर एफआईआर दर्ज कर ली। इस मामले को लेकर विभिन्न संगठनों द्वारा बीते दिवस एसपी कार्यालय पहुंच कर एडिशनल एसपी को भी लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की गई थी। मोनेट के अधिकारी द्वारा देवी के अपमान को लेकर खूब हंगामा मचा हुआ है। धार्मिक आस्था को लेकर किए गए कटाक्ष के बाद से कार्रवाई की मांग की जा रही थी। इस मामले में कई तरह की अफवाहें भी उड़ी।

# आखिर वित्तीय गबन के बाद भी क्यों नहीं हो रही कार्रवाई..?

## डिप्टी रेंजर ने सोलह माह पहले कर दिया था लिखित शिकायत, कार्रवाई न होना अधिकारियों की मिलीभगत पर कर रहा ईशारा

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

रेंगालपाली सर्किल हमेशा किसी न किसी विवादों में घिरा हुआ रहता है। यहां कभी अवैध कटाई हो जाती है, तो सस्पेंड होने के बाद भी परिसर रक्षक के द्वारा सरकारी राशि का आहरण कर लिया जाता है, लेकिन इसके बाद भी विभाग के अधिकारियों की मनमानी इस कदर हावी है कि दोषियों पर कार्रवाई के बजाए उन्हें बचाने में ही लगे रहते हैं। यही कारण है कि रेंगालपाली सर्किल में परिसर रक्षक के द्वारा बिना स्वीकृति दो लाख रुपए का आहरण कर लिया जाता है और इसकी लिखित शिकायत भी डिप्टी रेंजर के द्वारा रेंजर को कर दी जाती है, पर रेंजर की लापरवाही के कारण साल भर बीतने के बाद भी शासकीय राशि का गबन करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है और सिर्फ नोटिस व अवैध कटाई के मामले में सस्पेंड करने की बात कह कर अपने कर्त्तव्यों से इत्तीश्री कर लेते हैं। यही नहीं रेंजर पद से उपर के अधिकारियों के द्वारा भी इस मामले में चुप्पी साध लिया जा रहा है और कार्रवाई करने की बात मात्र करते हुए दोषियों को बचाने में लगे हुए हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक करीब साल भर पूर्व रेंगालपाली सर्किल में श्याम लाल सिदार पदस्थ था। इस दौरान कठानी में अवैध कटाई का खुलासा हुआ और काफी मात्रा में अवैध कटाई को लेकर परिसर रक्षक श्याम लाल सिदार को सस्पेंड कर दिया गया, लेकिन बाद में यह बात भी सामने आने लगी कि उससे पहले उसने बांस प्रंस्सकरण गोद कोसमनारा समिति के खाते से अध्यक्ष व सचिव की बिना स्वीकृति दो लाख रुपए मनमाने तरीके से आहरण कर लिया गया है। इसके बाद रेंगालपाली के परिक्षेत्र सहायक दिनबंधु प्रधान ने बीस जून 2018 को इस मामले को लेकर उचित मार्ग दर्शन प्रदान करने के लिए वन परिक्षेत्र अधिकारी आरसी यादव को लिखित में आवेदन सौंपा, लेकिन साल भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अब तक रेंजर द्वारा उचित मार्ग दर्शन की बात तो दूर अब तक इस मामले में कोई रूचि ही नहीं दिखाया गया है। सिर्फ जांच की प्रक्रिया जारी होने की बात कह कर मामले को लटका रखे हैं और यही कारण है कि वित्तीय गबन करने के बाद भी श्याम लाल सिदार के खिलाफ कोई कड़ी कार्रवाई नहीं किया जा सका है। बताया जा रहा है कि इसके अलावा सस्पेंड होने के बाद भी गुड़गहन समिति से श्याम लाल सिदार द्वारा समिति के खाते से लगभग एक लाख रुपए राशि का आहरण कर लिया गया। इसकी भी जानकारी रेंजर को हुई, पर रेंजर की मनमानी माना जाए या फिर कार्य के प्रति लापरवाही कि अब तक इस पर कार्रवाई के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। हांलाकि इस मामले में पूर्व में जब रेंजर आरसी यादव से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि अवैध कटाई के मामले में सस्पेंड होने के बाद जब इस मामले का पता चला तो आरोप पत्र दिया गया है। ऐसे में जब विभाग के जानकार सेवा निवृत्त एसडीओ से हमने पहले बात किया था, तो उनका कहना था कि वित्तीय मामले में गबन को लेकर दोषी के खिलाफ सबसे पहले थाना में एफआईआर दर्ज कराना था, पर ऐसा नहीं करने से रेंजर के खिलाफ भी उगाधिकारियों को कार्रवाई करना चाहिए था। वहीं डिप्टी रेंजर के द्वारा लिखित में रेंजर को आवेदन सौंपने व साल भर बीत जाने के बाद भी सरकारी राशि का गबन करने वाले पर कार्रवाई न करना विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की पोल खोलने के साथ ही दोषियों के साथ सांठगांठ करने की ओर मामला इशारा कर रहा है।



### एसडीओ के निर्देश के बाद भी नहीं हो सका एफआईआर दर्ज

विभागीय जानकारों ने बताया कि वित्तीय गबन मामले में सबसे पहले थाना में एफआईआर दर्ज कराना था, पर अब तक ऐसा नहीं हुआ है। रेंजर के द्वारा इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं कराया जा सका है। हांलाकि विभागीय सूत्रों ने बताया कि नवपदस्थ एसडीओ एआर बंजारे ने जरूर इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने के लिए रेंजर को पत्र लिख चुके हैं, पर रेंजर के द्वारा अपने अधिकारियों के आदेश पर भी कोई कदम नहीं उठाया है।

रेंगालपाली डिप्टी रेंजर को बैंक स्टेटमेंट लाने के लिए कहा गया था। उसने स्टेटमेंट प्रेमा तिर्की को दे दिया है। अब स्टेटमेंट का मिलान कराया जाएगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसडीओं के द्वारा एफआईआर दर्ज कराने के लिए पत्र कार्यालय में भेजा गया होगा, पर मैंने अब तक देखा नहीं है। अधिकारियों के आने के कारण उनकी ड्यूटी में व्यस्त था। अब सोमवार को देखूंगा, उसके बाद आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**-आरसी यादव,** रेंजर, रायगढ़ वन परिक्षेत्र

### लटके हुए हैं और भी मामले

रेंगालपाली सर्किल की अगर बात की जाए, तो बीते कुछेक सालों में यहां कई मामले सामने आए हुए हैं और अब तक किसी भी मामले में कार्रवाई करने के बजाए लेटलतिफी किया जा रहा है। विदित हो कि रेंगालपाली सर्किल में कठानी के अलावा केआईटी के करीब अवैध कटाई का मामला सामने आया। इसके बाद काजू बाड़ी में भी सागौन के पेड़ कटने का मामला, रेंगालपाली का चार्ज लिए बिना पूर्व डिप्टी रेंजर को सेवा निवृत्त होने पर विदाई दे देने का मामला सामने आया था। इस दौरान सभी खबर अखबार की सुर्खिया थे, पर किसी भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई और सभी मामले लटके हुए हैं।

# नन्हें कथक कलाकार आशिता ने गोल्ड व धरित्री ने जीता सिल्वर मैडल



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

वैष्णव संगीत विद्यालय के बाल कत्थक कलाकार एक बार फिर छा गए। एआईडीए भिलाई में अशिता ने गोल्ड मैडल तो धारीत्री ने सिल्वर मैडल जीता। इनके नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। ऑल इंडिया डांस एसोसिएशन द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नृत्य संगीत प्रतियोगिता एवं नटराज गोपीकृष्ण अवार्ड फंक्सन 2019 में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संगीत संस्था श्री वैष्णव संगीत महाविद्यालय रायगढ़ की दो होनहार छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिनमें सब जूनियर वर्ग एकल कथक में आशिता सिकदर ने अपनी शानदार प्रस्तुति के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सात वर्षिया आशिता कथक नृत्य के क्षेत्र में अनेक राष्ट्रीय अवार्ड अपने नाम कर चुकी है। अमित सिकदर एवं परामिता सिकदर की पुत्री आशिता अपने माता पिता के कथक के प्रति विशेष रूचि से नृत्य सीखना प्रारंभ किया। वर्तमान में प्रयाग संगीत समिति की सीनियर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक नर्तक एवं गुरु शरद वैष्णव से कथक नृत्य की विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रही है व कत्थक के क्षेत्र में कुछ कर दिखाने का जज्बा रखती है। जूनियर वर्ग एकल कथक में जिले की ही एक और होनहार बेटी धरित्री सिंह चौहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त करते हुए रायगढ़ कत्थक व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। रीना चौहान एवं स्व सुरेन्द्र चौहान की पुत्री एवं तीव्र गति से उभरती हुई बाल कथक कलाकार धरित्री अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार एवं सम्मान से नवाजी जा चुकी है। विगत माह चक्रधर समारोह रायगढ़ में अपनी सफलतम प्रस्तुति से अलग पहचान बना चुकी धरित्री गुरु शरद वैष्णव की शिष्या है। वहीं नवंबर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय समारोह थाइलैण्ड में कथक नृत्य प्रस्तुति के लिए आमंत्रित है।

■ एआईडीए भिलाई में हुआ था आयोजन

# लोकवाणी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दी शासन की योजनाओं की जानकारी



पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिए महिलाओं का स्वास्थ्य नींव का कार्य करता है। जच्चा-बच्चा दोनो के स्वस्थ रहने पर ही राज्य और देश का विकास हो सकता है। उत्ताशय के विचार मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने व्यक्त किया। वे आज आकाशवाणी और विभिन्न टी व्ही चैनलो से प्रसारित लोकवाणी कार्यक्रम में स्वास्थ्य एव मातृ शक्ति विषय पर आम जनता के सवालों का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों के समन्वय से राज्य में गत जुलाई माह से बच्चों में कुपोषण एवं महिलाओं में एनिमीया के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बच्चों एवं महिलाओं को अतिरिक्त पोषण दिया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों एवं स्लम क्षेत्र में रहने वालों के लिए मुख्यंमंत्री स्लम, ग्रामीण स्वास्थ्य क्लीनिक संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को कुपोषण मुक्त करने राज्य में संचालित एनआरसी के सुचारू संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने राज्य के सभी एनआरसी भवनों की मरम्मत कराने कहा, ताकि इन केन्द्रों का लाभ बच्चों को मिल सके। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में अमलों की भर्ती की कार्यवाही की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने खैरागढ़ के सिविल अस्पताल में मरीजो के लिए 50 बिस्तर अस्पताल बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में अधोसंरचना विकास की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में पांच सामुदायिक, 10 प्राथमिक और 25 नए उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का प्रावधान बजट में शामिल किया गया है। इसी प्रकार जगदलपुर में ट्रामा यूनिट और बिलासपुर में बर्नयूनिट बनाने बजट में प्रावधान किया गया है।

■ बच्चों-महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार करना सुपोषण अभियान का उद्देश्य : मुख्यमंत्री
■ आकांक्षा परियोजनाओं के छात्र-छात्राओं ने सुनी लोकवाणी

# खरसिया से कारीछापर के बीच रेल लाइन शुरू

### पहले दिन दो रैक भेजे गए, मार्च-अप्रैल तक यात्री ट्रेन भी शुरू होनें की संभावना



**रायगढ़।** रेल कॉरिडोर की पहली लाइन खरसिया-कारिछापर के बीच गुड्स ट्रेन की शुरूआत हो गई। इस ट्रेन के जरिए फिलहाल 8 हजार मीट्रिक टन कोयले का परिवहन किया जाएगा। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खरसिया-कॉरिछापर के बीच शुरू हुई पहली लाइन में कोयले का पहला रैक विद्युत कंपनी माड़वा पावर प्लांट और दूसरा रैक एनटीसीपी पावर प्लांट का भेजा गया है। शुरूआती कुछ दिनों तक इस लाइन में सिर्फ दो रैक चलाया जाएगा। खरसिया और कॉरिछापर के बीच 44 किलोमीटर लंबी दोहरी लाइन बिछायी गई है। हालांकि अभी रेल परिचालन के लिए सिंगल लाइन की अनुमति दी गई है। छत्तीसगढ़ ईस्ट रेलवे कॉरिडोर लिमिटेड के अधिकारियों ने बिना किसी तामझाम के टेस्टिंग के आधार पर मालगाड़ी का परिचालन प्रारंभ कर दिया।

# मुनारा तोड़कर वनभूमि पर हो रहा अवैध कब्जा



**रायगढ़।** वन मंडल धरमजयगढ़ के वन परिक्षेत्र छाल के कुड़ेकेला में वन भूमि पर धड़गे से बेरोक टोक बेजा कब्जा किया जा रहा है। वन विभाग के वन भूमि पर इस कदर बेजा कब्जा हो रहे हैं कि बेजा कब्जाधारी वन विभाग का मुनारा को भी तोड़कर आलिशान मकान बना रहे हैं, लेकिन वन विभाग छाल का इन बेजा कब्जाधारियों पर चुप्पी साध लेना कई सवाल खड़ा कर रहे हैं। कुड़ेकेला में वन विभाग के कई एकड़ वन भूमि पर रोज बेजा कब्जा होने की बात कही जा रही है और वन विभाग के द्वारा इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं किया जा रहा है। कुड़ेकेला बस्ती लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर कुड़ेकेला निवासी द्वारा कई एकड़ वन भूमि को कब्जा कर दुकान बनाया जा रहा है, लेकिन छाल परिक्षेत्र के प्रभारी को सब कुछ मालूम होने के बाद भी वन भूमि पर हो रहे बेजा कब्जा को खाली करवाना उचित नहीं समझ रहे हैं। कुड़ेकेला में जिस कदर वन भूमि पर बेजा कब्जा हो रहे हैं इससे तो ऐसा लगता है कि वन विभाग के अधिकारी और बेजा कब्जाधारियों में खुलकर सांठगांठ है। तभी तो इस तरह से खुलेआम वन भूमि पर बेजा कब्जा हो रहे हैं।


# भेलवाटिकरा पंचायत सचिव के खिलाफ शुरू हुई जांच

**रायगढ़।** रायगढ़ के भेलवाटिकरा पंचायत की सचिव पूर्णिमा विश्वकर्मा के खिलाफ अगस्त महीने में ग्राम वासियों के द्वारा कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर इनके मनमानी पूर्ण कार्य और शासकीय राशि के दुरुपयोग सहित विभिन्न मामलों को लेकर ग्राम वासियों के द्वारा शिकायत किया गया था। इस मामले में कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को आवेदन प्रेषित कर एक जांच कमेटी बनाकर जांच कराने का निर्देश दिया था। इसके बाद एडिशनल सीईओ बीपी तिग्गा के नेतृत्व में एक जांच कमेटी बनाई गई है। गत दिवस जांच कमेटी गांव पहुंचा। यह जांच कमेटी मामले से जुड़े बिंदुओं पर ग्रामीणों से चर्चा की जांच की गई। जांच टीम सबसे पहले ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचकर ग्रामीणों से रूबरू होकर मामले की पड़ताल शुरू की गई।

■ ग्रामीणों ने लगाया था भ्रष्ट्राचार का आरोप

# नरवा विकास योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला आयोजित

### कई विभागों के अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के अन्तर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग रायपुर के द्वारा सृजन सभाकक्ष में शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा विकास योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग चा चौधरी की उपस्थिति में कार्य शाला का आयोजन किया गया।

रायपुर और बिलासपुर के मास्टर ट्रेनर मुख्य अभियंता एसएन श्रीवास्तव, एमएस तिवारी एवं विनय गुप्ता ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, उप अभियंता, एसडीओ, तकनीक सहायक, आरईएस कृषि विभाग, वन विभाग, मनरेगा पीओ को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में नरवा, गरवा, घुरवा एवं बाड़ी योजना के अंतर्गत गौठानो और नरवा, घुरवा उन्नयन करना है। उन्होंने बताया कि प्रकृति, भू दृश्य का आकलन, भू वन पोर्टल और गुगल अर्थ प्रो के माध्यम से तकनीक दृष्टि से उपयुक्त स्थल का चयन करते समय जीआईएस तकनीक की मदद से कार्य योजना तैयार किया जाना, ताकि योजना का सार्थक क्रियान्वयन हो सके।

कार्यशाला में नरवा प्लांनिंग के लिए जाने वाले मुख्य संरचनाओं के संबंध में तकनीक जानकारी दी गई कन्टूर ट्रेंच, ब्रश वूड चेक, बोल्डर चेक, भूमिगत डाइक, नाले का उपचार और जल संरक्षण संवर्धन के लिए मिट्टी के बांध, खेत में तालाब, डबरी का निर्माण और आधुनिक तकनीक से उन्नयन के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, मनरेगा पीओ आशुतोष श्रीवास्तव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## प्रथम पेज का शेष...

### हरियाणा और महाराष्ट्र में प्रचार के ...

हारने के बाद अब चित्रकूट में भी हार स्पष्ट नजर आ रही है भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का कहना है कि जिस तरह से 15 सालों में रमन सिंह ने शासन चलाया उसने एक तरह से पार्टी को खत्म करके रख दिया है। केवल चंद अधिकारियों और पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी से सेटिंग कर तीन बार किस्मत के सहारे सत्ता में आएं भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने एक तरह से पार्टी को डुबोने का काम पिछले 15 वर्षों में किया है। इन्ही सब बातों को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने` रमन सिंह को महाराष्ट्र और हरियाणा राज्य में स्टार प्रचारक नहीं बनाया है।

### सलमान खुर्शीद का यूटर्न ...

मेरी निजी पसंद है। यह समय काल्पनिक भय और मतभेदों से निकलकर आगे बढ़ने का है।''

**राहुल गांधी हमारे नेता हैं- खुर्शीद-** पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब हमारे प्रवक्ता भाजपा को घेरने की ड्यूटी की बात करते हैं तो उन्हें याद रखना चाहिए कि यह तभी संभव है, जब हम बिना किसी डर के अपनी बात कह पाएंगे। हमारे विरोधी या मीडिया चाहे जो कहे, लेकिन मेरा मानना है कि राहुल गांधी हमारे नेता हैं और उन्हें फिर से अध्यक्ष बनना चाहिए। सोनिया गांधी हमें आगे भी प्रेरित करती रहेंगी।

# लगातार कवायद पर फिर भी नहीं सुधर रहा शहर की यातायात

### यातायात सुधारने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने व्यपारियों की बैठक ली

**रायगढ़।** रायगढ़ शहर के बेतरतीब यातायात के लिए शनिवार की शाम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं यातायात के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार मिंज की उपस्थिति में रायगढ़ शहर के सभी इलाकों के व्यपारियों की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें सभी ने शहर के बेतरतीब यातायात को लेकर सभी ने अपने सुझाव दिए। जिसमे व्यपारियों से अपने सामान दुकान के अंदर ही रखें जिससे यातायात में सुचारू रूप से चल सके एवं जनता को किसी भी प्रकार का असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने सभी व्यपारियों एवं नागरिकों से इस कार्य मे सहयोग करने की अपील की है। इस बैठक के चेम्बर ऑफ कॉमर्स के



जिलाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, प्रदेश मंत्री राजेश अग्रवाल, अनिल गर्ग, पंचमुखी हनुमान मंदिर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार केशरवानी, गांधी गंज से राजेंद्र अग्रवाल, गांधी चौक से ललित बोनदिया, रामनिवास टॉकीज से राजेन्द्र अग्रवाल, श्याम टॉकीज रोड से करतार सिंह कालरा, चेम्बर के महामंत्री हीरा मोटवानी,बजरंग अग्रवाल, सुभाष चौक से अशोक बेरीवाल, न्यू मार्केट से सुरेश अग्रवाल, रवि कलानोरिया, जूटमिल क्षेत्र से बजरंग अग्रवाल की विशेष उपस्थिति रही।

# जिंदल वर्ल्ड स्कूल को मिली सीबीएससी की मान्यता

### बच्चों को मिलेगी अंग्रेजी माध्यम की बेहतर शिक्षा सुविधा का लाभ

**सक्ती।** एक लंबे समय के बाद जांजगीर.चांपा जिले के ग्राम कंचनपुर सक्ती में स्थित जिंदल वर्ल्ड स्कूल को सीबीएसई की मान्यता मिल गई हैएविगत वर्ष स्थापित उक्त स्कूल ने एक ही साल में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाकर सीबीएससी की मान्यता प्राप्त कीए इस उपलब्धि के लिए स्कूल के चेयरमैन विनोद अग्रवालए डायरेक्टर ऋ षभ अग्रवाल, रवि अग्रवालए देवेंद्र अग्रवाल एवं प्राचार्य प्रवीण पवार ने पालकों शिक्षकों एवं शहर वासियों का आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि सरस्वती एजुकेशनल सोसायटी सक्ती द्वारा जिंदल वर्ल्ड स्कूल संचालित किया जाता है । विद्यालय को इतने कम समय में ही सीबीएसई की मान्यता मिलने पर प्राचार्य प्रवीण पवार ने हर्ष जताते हुए कहा कि स्कूल शहर का एकमात्र इंग्लिश मीडियम स्कूल है, जिसे सीबीएससी की मान्यता प्राप्त हुई है, विद्यालय में सीबीएसई पाठ्यक्रम एवं सीबीएसई द्वारा निर्धारित मापदंडों को पूरा किया गया। विद्यालय के इंफ्रास्ट्रक्चर कुशल प्रशिक्षित शिक्षक, प्रयोगशाला प्लेग्राउंड, पाठ्य सहक्रियाएं आदि सीबीएसई के मापदंडों के अनुसार ही संचालित हो रही हैं। छात्रों की पढ़ाई लिखाई की गुणवत्ता लर्निंग आउटकम के आधार पर की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### लौटते मानसून से विश्रामपुरी तर-बतर

**विश्रामपुरी।** लौटते मानसून के चलते विश्रामपुरी में करीब एक घंटा तक बारिश हुई। जिससे ग्राम पंचायत के सामने इमली झाड़ का एक बड़ा सा डाल टूटकर गिर गया। किसी के हताहत या जान माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ, कलश यात्रा में सफाई का संदेश



**विश्रामपुरी।** विकास खण्ड बड़ेराजपुर के ग्राम लिहागांव में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन हिरक मण्डल स्तरीय दो दिवसीय गायत्री यज्ञ का षुभारंभ गांव के गलियों में माता बहनों के द्वारा अपने सीर पर कलश धाराण कर परिक्रमा करके यज्ञ का शुभारंम्भ किया गया। गायत्री परिवार एवं ग्रामवासियों के द्वारा कलश यात्रा के याथ साथ स्वच्छता अभियान के तहत गलियों की साफसफाई एवं गांव के तलाब का भी सफाई किया गया। तथा स्लाइट प्रोजेक्टर के माध्यम से नषा मुक्ती, गौहत्या के बारे में दिया गया। कार्यक्रम में शभूनाथ चांदेकर, रमेश प्रसाद साहू,धन्नु पटेल, घड़वाराम मरकाम, जगदेव, नरसिंह, शंकर मण्डावी, उजियार पटेल, चैतुराम पटेल, संध्या, दीपक उपस्थित थे।

### प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन का आयोजन

**धमतरी।** विश्व भाषा साहित्य के प्रथम महाकाव्य रामायण के रचनाकार, भारतीय संस्कृति के अधिष्ठता एवं आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के तत्वावधान में रविवार 13 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कर्मचारी भवन धमतरी में प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए अकादमी के प्रांताध्यक्ष जीआर बंजारे ज्वाला ने बताया कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि हमारे साहित्यिक, सांस्कृतिक परम्परा के पुरोधा थे तथा रामायण जैसी कालजयी रचना के माध्यम से उन्होंने भारतीय साहित्यगार को जिस प्रकार समृद्ध किया, वह स्तुत्य है। महर्षि वाल्मीकि ने श्रीरामचन्द्र के जीवन का सम्पूर्ण वर्णन किया, साथ ही लव.कुश को शिक्षा एवं दीक्षा दी। भारतीय समाज के ऐसे महान धर्मगुरू, ब्रम्हश्रेष्ठ, आदि कवि की प्रेरणामयी जीवनी एवं कृतित्व से सारा संसार आलोकित हो रहा है।

# मोमोज बेचने वालों पर गाज गिराने वाली है खाद्य-औषधि प्रशासन

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

बहुत जल्द मोमोज बेचने वालों पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की गाज गिरने वाली है। मुख्यालय के आदेश पर प्रदेश स्तर पर कार्यवाही की प्लानिंग की जा रही है। फास्ट फ़ू ड के बाज़ार में असम की प्रसिद्ध डिश मोमोज अपनी जगह बना चुका है। अधिकतर उपभोक्ता युवा और बच्चे ही है वेज और नॉनवेज दोनों क़िस्म में मिलने वाला मोमोज जिस वातावरण में बनाया और बेचा जा रहा है उसने खाद्य और औषधि प्रशासन के होश उड़ा दिए हैं। प्रारंभिक जाँच में इसमें अखाद्य पदार्थों की मिलावट के संदेह के बाद अब इस पर भी शिकंजा कसने की तैयारी अंतिम चरण में है।

### वेज और नॉनवेज दोनों

फ़ास्ट फ़ू ड के बाज़ार में तेज़ी से पैठ बना रहा मोमोज शाकाहारी और मांसाहारी दोनों किस्मों में बनाया जाता है। वेज मोमोज मे पत्तागोभीए लहसूनए अदरक और खड़ा धनिया होता है जबकि नॉनवेज मोमोज किसका बनता है इसकी जानकारी नहीं दी जाती। लड्डू के आकार में गोल मोमोस की बाहरी परत मैदा से बनता है। इसके लिए दी जाने वाली चटनी भी संदेह के दायरे में है।

### जांच की तैयारी

प्रशासन की नज़र में वह कारोबार इसलिए चढ़ चुका है क्योंकि शाम को ये खूब बेचे जाते हैं या तो टेबल लगाकर या ठेलों में मोमोस बिकते हैं। चूंकि वेज और नॉनवेज दोनों किस्म मे बनाए जाते हैं इसलिए इसमें अखाद्य सामग्री का प्रयोग आसानी से किया जा सकता है। मिलावट की आशंका को देखते हुए इसे जाँच के घेरे में लिया जा रहा है।

### लेना होगा स्ट्रीट फूड वेंडर लाइसेंस

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने यह पाया है कि अधिकांश दुकाने शाम को ही लगती है और ये या तो एक टेबल ने लगती है या फि र ठेले में। इसलिए ऐसी खाद्य सामग्री के निर्माण एवं विक्रय के लिए स्ट्रीट फूड वेंडर लाइसेंस की अनिवार्यता तय की जा चुकी है इसलिए इस मोमोज़ के संचालन के लिए स्ट्रीट फू ड वेंडर लाइसेंस लेना होगा। बिना इसके यह कारोबार अवैध माना जाएगा।

### चौपाटी या गार्डन के आसपास मोमोज की दुकानें

मेट्रो सिटी की तर्ज़ पर आजकल लगभग सभी शहरों में चौपाटी या गार्डन के आसपास मोमोज की दुकानें लगने लगी है।



बच्चों और युवाओं मे तेज़ी से बढ़ती लोकप्रियता के बाद अब इस कारोबार को भी फ़ूड सेफ़्टी की अनिवार्यता से बांधा जा रहा है।

-जिस तरह की स्थितियों में मोमोज बनाया व बेचा जा रहा है उसकी जांच के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जा रहा है। ऐसे कारोबारियों के लिए अलग से स्ट्रीट फूड वेंडर लाइसेंस की व्यवस्था है इसलिए ये कारोबारी इसकी औपचारिकता जल्द से जल्द पूरी करें।

**डॉ. आरके शुक्ला**
**असि. कमिश्नर खाद्य एवं औषधि प्रशासन रायपुर**

### बसंत नामदेव अध्यक्ष द्वारका ध्रुव उपाध्यक्ष चुने गए

**धमतरी।** सदर दक्षिण वार्ड में वंदेमातरम् स्कूल में भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष बसंत नामदेव, उपाध्यक्ष द्वारका ध्रुव, सरोज नामदेव, महामंत्री नवल नामदेव,मंत्री संजय कौशिक, दिव्या निर्मलकर बबली को बनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ता मंजू नामदेव, गीता नामदेव, आशा नामदेव, पूर्णा साहू,सविता सारथी,चंद्रिका नामदेव,राजेन्द्र गुप्ता, कपूर नामदेव, अमित नामदेव, राजू ध्रुव, मदन निर्मलकर,महावीर पेंदरिया, राघवराम रणसिंह, भुवन यादव, गण कुमार ध्रुव, पृथ्वी दुग्गड़, आनंद सारथी, कौशल नामदेव उपस्थित थे।

**गाड़ियों की कीमत 12 लाख रुपए**

# पुलिस ने किया मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार, चोरी की गाड़ियां जब्त

पायनियर संवाददाता ✓ बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com




जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों एवं मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटना घटित हो रही थी। इसके बाद से ही थाना प्रभारी झगड़ाखांड, थाना प्रभारी मनेन्द्रगढ़ एवं पुलिस सहायता केंद्र खोंगापानी की टीम लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के थाना रामनगर क्षेत्र में रहने वाला पवन कुमार चंद्रवंशी 24 वर्ष अपने एक नाबालिग साथी के साथ चोरी की मोटरसाइकिल खपाने की फिराक में है। उक्त सूचना पर पवन चंद्रवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान पवन ने बताया कि जबरन उगाही के मामले में जेल में रहने के दौरान उसका परिचय चोरी के मास्टर माइंड राजू कश्यप से हुआ जो कि जाली नोट के मामले में फरार है । इसने अपने साथियों विजय यादव निवासी उमेश्वपुर थाना प्रेमनगर जिला सूरजपुर, सरनेम यादव निवासी अटारी थाना पसान जिला कोरबा, मुकेश मिंज निवासी सुकरा पारा पत्थलगांव जिला जसपुर, मुकेश यादव निवासी तेंदू डॉड़ थाना झगराखंड, अंकित टोप्पो मनेंद्रगढ़, विकास तिर्की निवासी कमलेश्वर पुर थाना कमलेश्वरपुर एवं दिल साय उरांव निवासी पत्थलगांव जिला जशपुर से परिचय कराया।

पवन इन सभी आरोपियों के साथ मिलकर थाना झगराखण्ड, थाना मनेन्द्रगढ़, थाना केल्हारी जिला कोरिया के सीमावर्ती राज्य मध्य प्रदेश के थाना रामनगर थाना, बिजुरी थाना कोतमा जिला अनूपपुर के विभिन्न क्षेत्रों से 20 मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना को स्वीकार किया। चोरी की गयी गाड़ियों की कीमत लगभग 12 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस द्वारा 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गाड़ियां जप्त की गयी है । मामले में तीन आरोपी सोमनाथ पिता तेजाराम, मास्टर माइंड राजू कश्यप निवासी झगराखण्ड फरार है। इनकी गिरफ्तारी होने पर और भी वाहन जप्त होने की संभावना है। इस कार्रवाई में निरीक्षक थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र देवांगन, थानां प्रभारी तेज नाथ सिंह, ओम प्रकाश दुबे, राकेश शर्मा, आशीष मिश्र, राम कृपाल सिंह, रवि शर्मा, शंभू यादव ललित यादव, विजय विश्वकर्मा, विनय तिवारी, जितेंद्र ठाकुर, धनंजय निषाद, लक्ष्मी चंद कश्यप, दीप दिवारी इस्तियक, विजय विश्वकर्मा, जितेंद्र ठाकुर की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने इस टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# गांधी विचार पदयात्रा का तीसरे दिन हुई 9 किमी की पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ✓ सूरजपुर.
www.dailypioneer.com




कांग्रेस के चल रहे ब्लाक स्तरीय पदयात्रा का तीसरे दिन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह व शहर कांग्रेस अध्यक्ष संजय ड़ोसी के नेतृत्व में बसदेइ भंडार से पदयात्रा निकाली गयी । पदयात्रा मे गांधी जी अमर रहे का नारा लगाते हुए बसदेइ से उचडीह, नेवरा,. डुमरिया, पर्री होते हुए लगभग 9 कि मी की पदयात्रा सम्पन्न हुई प्रतिदिन हर गांव से जिला मुख्यालय तक पदयात्रा किया जा रहा है कल रामनगर से सूरजपुर तक की पदयात्रा की जाएगी पदयात्रा में मुख्य रूप से एल्डरमेन मनोज डालमिया, बिजेंद्र गोयल, युकां जिलाध्यक्ष ज़फ़र हैदर, विष्णु कसेरा, नर्मदा तिवारी, पवन साहू, ईदरिश खान, शरद सिंह, आकाश साहू, लालचंद देवांगन, सुरेश राजवाड़े, रईश खान, ज़मील खान, लोल प्रसाद, आशा राजवाड़े, प्रवीण सोनी, संतोष देवांगन, जयसिंह, राधेश्याम राजवाड़े, मोहेलाल, विक्की, सरिमान, हीरालाल, दया राजवाड़े, शिवशंकर, पटेल, योगेन्द्र, महेश, बृजमोहन, जगधारी, नारायण सिंह, विशाल दीप, केमु, मनीष, संजय, सुखदास, देवशरण, रामफ ल, बुधराम, चरण, राजु, दिलबंधु, लवकेश, मनेश आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बच्चों ने पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर निरूशुल्क स्तन कैंसर जागरूकता माह के उपलक्ष्य में स्तन कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 35 मरीजों की जांच की गई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डीके तुर, डॉ रचना पदमवार, डॉ. रेहाना कदीर, समाजसेविका जानकी गुप्ता, अनुराग गुप्ता, भागेश्वर लोधी, डॉ. श्रीकांत मनोज वाधवानी, रवि यदु सोम प्रकाश तरूणा सतरूपा सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र इतवारी बाजार के स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे।

# दफ्तर है कि जुआ का अड्डा, रंग में डूबे कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

पीडब्लूडी विभाग इन दिनों ताशपत्ती के रंग में डूबा हुआ है जहां पर छुट्टी के दिन कर्मचारी दफ्तर के एक कमरे में बैठकर बड़े आराम से ताशपत्ती का मजा ले रहे है जब ताशपत्ती में डूबे कर्मचारीयो से मीडियाकर्मियों ने सवाल किया गया उनका कहना है कि छुट्टी का दिन है टाइमपास के लिए ताशपत्ती खेल रहे वही जब सरकारी दफ्तर में ताशपत्ती खेलने के ऊपर सवाल किया गया तो कर्मचारी वहाँ से भागते फि रे दरअसल शनिवार को 11.45 बजे जब मीडियाकर्मी पीडब्ल्यूडी दफ्तर पहुचे तो दफ्तर का नजारा देख हैरान हो गया वही विभाग के एक कमरे में तीन लोग टेबल पर बैठकर बड़े आराम से ताशपत्ती का मजा ले रहे थे तभी एक और शख्स इस ताशपत्ती में किस्मत आजमाने के लिए और पहुच गया जहां पर आराम से चारो लोग ताशपत्ती खेल खेलने में मस्त थे ये सारा नजारा मीडियाकर्मियों के कैमरे में कैद हो गया वही विभाग के कर्मचारी कुर्सी छोड़ कमरे से भागे फिरे तो एक कर्मचारी मोटरसाइकिल लेकर भागते बने कुछ कर्मचारियों दफ्तर में बैठे रहे ये चारों लोग पूछने पर दफ्तर के ही कर्मचारी होना बता रहे है और टाइमपास के लिए ताशपत्ती खेलने की बात कर रहे है वही जब टॉप न्यूज टीम ने पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार अधिकारी आर आर सूर्या को इस बात की सूचना दी तो वह भी हैरान हो गया।

# गांधी विचार पदयात्रा में पैदल चले कांग्रेसी




पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर में नया बस स्टैन्ड में ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित हुए और बापू के कारवां को आगे बढ़ाने के लिए नगर का भ्रमण किया यात्रा की अगुवाई कांग्रेस प्रत्याशी अनिल चन्द्रा ने किया । वही पर ब्लाक अध्यक्ष अमरसिंह ठाकुर पूर्व ब्लाक अध्यक्ष भीम चन्द्रा राजेश लहरे एवं नंद कुमार चन्द्रा के मार्ग दर्शन में हुआ। पद यात्रा के कारवां में रधुपति राघव राजा राम की धुन चल रही थी। जिसमे कांग्रेस के लोग पैदल यात्रा कर रहे थे। सत्य अहिंसा के पुजारी, विश्व मानवता के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150 वी जयंती पर यह आयोजन प्रदेश व्यापी गांधी विचार पदयात्रा के अंतर्गत ब्लाक कांग्रेस कमेटी जैजैपुर के द्वारा चलाया गया। गांधी जी के विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए चौक चौराहों पर बापू के उपदेशों पर प्रकाश डाले। वही पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी 10 माह की सरकार द्वारा चुनाव पूर्व जनता से किये गये 36 वादों में से इतने कम समय में 22 वादों को पूरा करने के बारे में जानकारी लोगों को दिया गया।

# संघ महर्षि बाल्मीकि के जन्मदिन और शरद पूर्णिमा पर किया श्रमदान



पायनियर संवाददाता ✓ बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा कवि महर्षि बाल्मीकि के जन्मदिन और शरद पूर्णिमा पर प्रेमा बाग मंदिर में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई। वहीं आज शाम 5:00 बजे परिवार मिलन एवं शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। इसमें शहर सभी स्वयंसेवक परिवार सहित उपस्थित रहेंगे। स्वच्छता अभियान में विभाग कोरिया कार्यवाह सिद्धिविनायक पांडे, सरगुजा व कोरिया विभाग विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अमित, शिवपूजन गुप्ता, विद्यार्थी विस्तारक कमलेश, कमलेश गुप्ता, राम चंद्र त्रिपाठी, शारदा गुप्ता, अमरजीत जसवाल, अथर्व श्रीवास्तव और स्वयं सेवक के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**दो साल पहले 10 मांगों को लेकर सत्याग्रह पदयात्रा निकाली गई थी**

# केशव चन्द्रा ने भी प्रारंभ किया सत्याग्रह पदयात्रा



पायनियर संवाददाता ✓ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जैजैपुर के विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा ने भी सर्वदलीय सत्याग्रह पदयात्रा में निकल यह पूर्व में किये गये यात्रा को बनाये रखने के लिए निकाला जा रहा है जिसमें 60 कि.मी. की दूरी में 24 मांग को लेकर कर रहे हैं । इस सत्याग्रह यात्रा में हजारों की संख्या में लोग उनके साथ हैं । इसके दो साल पहले 10 मांगों को लेकर सत्याग्रह पदयात्रा निकाली गई थी। लेकिन इस बार भोथिया से निकल कर दतौद ग्राम पंचायत जैजैपुर जनपद के अंतर्गत रहेगा। दुसरे दिन सोठी तीसरे दिन कलेक्टर कार्यालय पहुच कर अपना शक्ति प्रर्दशन करेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजक रमेश चन्द्रा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र चन्द्रा ब स पा नेता मनहर समेंत सैकड़ों की संख्या मे स्थानीय जनता सर्वदलीय सत्याग्रह पदयात्रा में शामिल हुए। हमारे क्षेत्रीय विधायक केशव प्रसाद चन्द्रा की कार्य की भूरी भूरी प्रसंशा होने पर अनेक विधायक इस कार्यक्रम मे शामिल होने के संकेत दिये है। जिनमें प्रमुख रूप से खैरागढ़ विधायक पामगढ़ विधायक् लोरमी विधायक.महासमुंद के पूर्व विधायक होंगे। भोथिया गांव में सत्याग्रह पदयात्रा की शुरूआत के पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा की पूजा और ध्वजारोहण के बाद की गई जहॉ पर स्थानीय लोगो के साथ पदयात्रा में पहुच संतो ने श्रीफ ल तोड़कर ओर हरी झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम की प्रारंभ किया गया। पदयात्रा करने वालो को गांधी टोपी से स्वागत किया गया और सभी लोगों ने गांधी की टोपी पहन कर यात्रा की शोभा को बढ़ाया जिससे लोगों का उत्साह और बढ़ गया इस तरह से जैजैपुर के विधायक केशव चन्द्रा ने 24 सूत्रीय मांग को लेकर पैदल सत्याग्रह आंदोलन की राह को अपनाये और महात्मा गांधी के कारवा को आगे लाया।

# गांधी के 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली जिले में पदयात्रा

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के अवसर पर गांधी जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक जिले में पदयात्रा की जा रही है। पदयात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गांधी जी के विचार धारा, आदर्श, सिद्धांतों के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2 अक्टूबर से संचालित जन कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी जा रही है। शनिवार को जिले भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा पदयात्रा निकाला गया जो जिले के गुरुर ब्लॉक के ग्राम भरदा से शुरु किया गया। यह पदयात्रा ग्राम करहीभदर, कन्नेवाडा, जमरुवा , सांकरा , जगतरा , पाकुरभाट से होते हुए झलमला में समापन किया गया। इस दौरान पदयात्रा में मुख्य रूप से क्षेत्र के सांसद मोहन मण्डावी, जनपद अध्यक्ष दयानंद साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, यज्ञदत्त शर्मा, केसी पवार ,सुरेंद्र देशमुख, गणेश साहू सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### सफाई कामगारों का हो रहा शोषण

**कोरबा।** निगम के सफ ाई कामगारों को शोषणमुक्त करने के लिए स्व.सहायता समूह का पंजीयन कर काम सौंपने की मांग की गई है। निगम आयुक्त को भारतीय संविदा मजदूर महासंघ ने लिखे पत्र में कहा है कि निगम में कार्यरत सफाई कामगारों का लगातार शोषण हो रहा है। इसकी शिकायत संघ को लंबे अरसे से मिल रही है। महासंघ के सचिव सीएस दुबे ने पत्र में कहा है कि स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संकलन का कार्य स्व.सहायता समूह को दिया गया है। उसी तरह से सफाई कार्य को भी नगर निगम में कार्यरत सफाई कामगारों को ही दिया जाए। संघ का मानना है कि सफाई कामगारों को स्व.सहायता समूह पंजीयन करा कर कार्य देने पर लगातार शिकायत मिलती है कि ठेकेदार से शासन से निर्धारित सुविधाओं का निर्वहन नहीं किया जाता है।

### टायर दुकान में आगजनी

**कोरबा।** बालको नगर परसाभाठा बाजार क्षेत्र में एक बार फिर शुक्रवार की रात 10.30 बजे क्षेत्र में पेट्रोल पंप के बाजू में स्थित मनोज टायर दुकान में आगजनी हुई। पेट्रोल पंप में मौजूद कर्मचारियों ने घटना की सूचना बालको पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची। बालको फायर ब्रिगेड की टीम ने घटना की सूचना मिलने पर वहां पहुंचकर आग बुझाया। यहां 5 वर्षो के दौरान 8 दुकान व 3 खडी ट्रकों में एकाएक आग लगने की घटना हो चुकी है। पुलिस को आगजनी की घटना रोकने के लिए बाजार में पुलिस का पहरा लगाना पड़ा था।

### गाली-गलौच कर मारपीट

**कोरबा।** बालको थाना के खरमोरा क्षेत्र में बजरंग चौक के पास रहने वाली पूर्णिमा यादव शुक्रवार की शाम 6 बजे घर के बाहर झाड़ू लगा रही थी। इस दौरान वहां नशे में राजकुमार देवांगन पहुंचा। उसने पूर्णिमा से उसके पति नारायण और बेटा कृष्णा के बारे में पूछा। साथ ही पुलिस केस वापस लेने बोला। पूर्णिमा ने पडोसी रमेश पाठक द्वारा उसके खिलाफ केस करना बताया। तब वह पाठक के घर चला गया।

### तिवरता से गांधी विचार पदयात्रा

**कोरबा।** गांधी विचार पदयात्रा के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार के तत्वावधान में तिवरता से पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। तिवरता से लिटियाखार, पखनापारा होते हुए बसीबार में पदयात्रा का समापन हुआ। इस दौरान गांधीजी के विचारों को उनके सत्य अहिंसावादी नीति को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया।

# आरक्षण पर भ्रांतियां, जो नहीं समझे वही अफवाह फैला रहे

## महाअधिवक्ता ने कहा सामान्य वर्ग को कुल मिलाकर 28 फीसदी मिल रहा आरक्षण

- कोर्ट ने सरकार के फैसले को गलत नहीं ठहराया है बल्कि सरकार के पूरा जवाब आने तक ओबीसी पार्ट पर ही स्टे दिया है


पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के महाअधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा ने पिछड़ा वर्ग को राज्य सरकार द्वारा आरक्षण प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के बाद हाईकोर्ट द्वारा स्टे दिए जाने को लेकर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि सरकार के निर्णय पर कोर्ट ने अभी अपना अभिमत नही दिया है और सरकार के जवाब पेश करने तक के लिए आरक्षण के ओबीसी हिस्से पर ही स्टे दिया है ।जो लोग सरकार के निर्णय का विरोध कर रहे है वे आरक्षण की वस्तुस्थिति से वाकिफही नही है । कोर्ट ने सिर्फस्टे दिया है सरकार के फैसले को गलत नही ठहराया है ।

प्रेसक्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए महाअधिवक्ता ने कहा कि आरक्षण समाप्त करने का काम संसद का है। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या जो लगभग 49 प्रतिशत है के आधार पर इस वर्ग का आरक्षण प्रतिशत बढ़ाया है जबकि सामान्य वर्ग की संख्या 9 प्रतिशत होने के बाद भी उसे कुल मिलाकर 28 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा है इस तथ्य को जाने समझे बगैर कुछ लोग सरकार के निर्णय का विरोध कर रहे है ।

### देश का पहला पूर्ण रूप से डिजिटिलाइजेशन एजी दफ्तर

छग हाईकोर्ट का महाअधिवक्ता श्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय का महाअधिवक्ता कार्यालय देश का एक मात्र ऐसा एजी कार्यालय है जो पूर्ण रूप से डिजिटीलाइजेशन है । छतीसगढ़ हाईकोर्ट वर्ष 2000 से है मगर दिल्ली रायपुर में एजी दफ्तर शुरू करने का सौभाग्य मुझे मिला । चूंकि एजी का पद सवैधानिक है और सरकार को सलाह देने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां है जिसके लिए सम्बंधित अधिकारियों को बार बार बिलासपुर बुलाकर चर्चा व सलाह सम्भव नहीं है इसलिए अब वे प्रत्येक शनिवार को रायपुर जाकर बैठते है। इसी तरह पहले दिल्ली में कार्यालय नही होने से सरकार के कई मामलों में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की तत्काल जानकारी नही हो पाती थी । मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद दिल्ली में दफ्तर शुरू कर पर्याप्त संख्या में लॉयर व कर्मियों को नियुक्ति कर दी गई है । एजी दफ्तर के अधिवक्ताओं ए पैनल लायरो के लिए पहली बार विधिक जानकारी के लिए शिवतराई में विधि व्याख्यान आयोजित कर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई । कोर्ट नोटिस समन्स आदि ईमेल व फैक्स से भेजने सम्बन्धी आदेश यदि हमे सुप्रीमकोर्ट से मिलता है तो यह व्यवस्था हम 15 दिन में लागू कर देंगे ।



श्री वर्मा ने कहा कि आरक्षण को लेकर अभी भी भ्रांतियां है । सरकार ने इसे लेकर मजबूती के साथ कोर्ट में पक्ष रखा है और आगे भी हम पूरी संजीदगी के साथ तथ्य पूर्वक कोर्ट के समक्ष अपनी बातें रखेंगे । इसी वजह से सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के विशेषज्ञ अधिवक्ताओं को नियुकित कर उन्हें कोर्ट में सरकार का पक्ष रखने बुलाया था । इस मामले में सरकार कोई चूक नही करना चाहती मगर आरक्षण प्रतिशत को लेकर कुछ जिम्मेदार और ऊंचे पदों पर बैठे लोग गैरजिम्मेदाराना बयान दे रहे है । उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के दौरान वर्ष 1980 में ओबीसी आरक्षण का प्रतिशत बढ़ाने रामजी महाजन आयोग का गठन किया था तब पुरानी सरकार के दौरान 58 प्रतिशत आरक्षण था । छत्तीसगढ़ में आरक्षण प्रतिशत को बढ़ाकर 82 प्रतिशत क्यो होना चाहिए इसका कारण कोई नही जानना चाहता । रामजी महाजन आयोग ने तब ओबीसी वर्ग की स्थिति पूरे प्रदेश में खराब होना बताया था । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पहले ही बयान दे चुके है कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर हम वैधानिक लड़ाई लड़ेंगे । पिछड़ा वर्ग का आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने को लेकर अभी सरकार और कोर्ट स्तर पर असेसमेंट चल रहा है ।

### सैकड़ों निर्दोष आदिवासियों, नेताओं व वकीलों को फंसाया गया

वर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस बयान को सही बताया कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा सैकड़ों निर्दोष आदिवासियों को नक्सली बताकर जेल भेजा गया था ऐसे निर्दोष लोगों को वर्तमान सरकार जेल से बाहर करेगी । वर्मा ने कहा कि पिछली सरकार सैकड़ों निर्दोष नेताओं और वकीलों को भी झूठे मामलों में फंसा कर जेल भेज दिया था । वे स्वयं ऐसे दर्जनों निर्दोष आदिवासियों के प्रकरण पर पैरवी करके हाईकोर्ट से उन्हें न्याय दिलवाया है जिन्हें जबरिया नक्सली बताकर गिरफ्तार किया गया था और जेल भेज दिया गया था।

### पूर्व एजी के मान, प्रतिष्ठा और सम्मान का ध्यान सरकार ने रखा है

महाअधिवक्ता ने कहा कि इस पद को लेकर कहीं कोई विवाद की स्थिति नही थी और न है । सरकार ने मुझे एजी बनाया तो मेरे पहले के एजी के मान सम्मान और प्रतिष्ठा का ध्यान रखा है । महाअधिवक्ता पद पर मेरी नियुकित सरकार की इच्छा पर निर्भर है । जब तक सरकार चाहेगी मैं महाअधिवक्ता रहूंगा और सरकार को सेवाएं दूंगा ।

# महापौर दावेदारों की उप समिति की सिफारिश पर नजर टिकी

- बड़े-बड़े दावेदार वार्डों में पार्षद का चुनाव लड़ने विवश होंगे

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



महापौर दावेदारों की नींद हराम हो गई है सम्भव है कल राज्य शासन का निर्णय भी आ जाये । सम्भावना तो यह भी जताई जा रही है कि नगरीय निकायों के चुनाव भी त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव की तरह गैरदलीय कराने की घोषणा न हो जाये हालांकि इसकी उम्मीद कम है मगर लोकसभा विधानसभा चुनावों में टिकट से वंचित अनेक नेताओ को महापौर की टिकट मिल जाने की पूरी उम्मीद थी और ऐसे नेता बड़े नेताओं की परिक्रमा भी लगाने शुरू कर दिए थे मगर मुख्यमंत्री के बयान के बाद उन्हें गहरा सदमा जैसे लग गया है ।

मुख्यमंत्री द्वारा दिये गए संकेत से महापौर चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को भले ही पीड़ा है मगर कांग्रेस के साथ भी भाजपा के अनेक बड़े नेताओं को राहत है वह इसलिए भी की मेरे समर्थक को यदि टिकट मिलने से वंचित होना प?ता तो गुटीय विरोधी नेता के समर्थक को भी अब टिकट नही मिलेगी । महापौर का चुनाव सीधे जनता के द्वारा नही होने की स्थिति में बड़े बड़े दावेदार को पहले पार्षद का चुनाव लड़ना पड़ेगा मगर उसके वार्ड यदि आरक्षित हो गया हो तो दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ना पड़ेगा मगर दूसरे वार्ड के दावेदार उन्हें झेल लेंगे या टिकट देने भी देंगे इसमें संदेह है । कोई भी बड़ा नेता दूसरे वार्ड से पार्षद का चुनाव लड़ने की स्थिति में नहीं है ।

महापौर का चुनाव यदि निर्वाचित पार्षद करेंगे तो सीधे चुनाव में होने वाले भितरघात की समस्या से कांग्रेस भाजपा दोनो को मुक्ति मिल जाएगी मगर पार्षदो का बहुमत नही होने की स्थिति में खरीद फरोख्त का खेल होने की पूरी आशंका है।

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर संशय की स्थिति बरकरार है। पंचायत चुनाव की तरह नगरीय निकाय के चुनाव दलीय आधार पर नहीं करने पर भी विचार हो रहा है। इस पर कैबिनेट उपसमिति की बैठक में चर्चा हो सकती है। बताया गया कि सरकार कैबिनेट उपसमिति की अनुशंसा पर कोई फैसला लेगी।

हालांकि सरकार के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव दलीय आधार पर ही होंगे। फिर भी उपसमिति की अनुशंसा पर ही कोई फैसला लिया जाएगा। संभावना जतायी जा रहा है कि महापौर.अध्यक्ष के चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली के जरिए होगा। यानी पार्षद ही महापौर अथवा अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। अविभाजित मध्यप्रदेश में वर्ष.1994 के चुनाव में भी इसी तरह की प्रणाली अपनाई गई थी। उस वक्त एक और भी बदलाव किया गया था दिग्विजय सिंह सरकार ने अंतिम समय में चुनाव को दलीय आधार पर नहीं कराने का फैसला लिया था। यह निर्णय तब हुआ था जब चुनाव चिन्ह का वितरण हो चुका था। बाद में वर्ष.1999 में बदलाव आया और महापौर.अध्यक्ष का चुनाव सीधे होने लगा और दलीय आधार पर किया गया। तब से अब तक पुरानी व्यवस्था लागू है।

सूत्रों के मुताबिक उपसमिति चुनाव को दलीय आधार पर नहीं करने पर भी चर्चा कर सकती है। इसको लेकर अलग.अलग स्तरों पर सुझाव भी दिए गए हैं। वैसे भी जिला और जनपद के चुनाव दलीय आधार पर नहीं होते हैं। कुछ इसी तरह की व्यवस्था इसमें भी अपनाने पर विचार हो रहा है। उपसमिति की बैठक में तमाम बिंदुओं पर विचार कर एक्ट में बदलाव को लेकर अनुशंसा की जाएगी। इसके बाद कैबिनेट की बैठक में अध्यादेश लाकर चुनाव कानून में बदलाव किया जाएगा।

# मारपीट में एक बुजुर्ग की मौत, दो घायल

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

दैहानपारा में दो परिवार के बीच जमीन को लेकर उपजे विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बाल्को पुलिस ने इस मामले में मारपीट करने वाले तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो के सिर में चोटें आई है। आरोपितों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

बाल्को थानांतर्गत दैहानपारा में बृजराम यादव पिता स्वर्गीय मुकुंदराम यादव 57 अपने परिवार के साथ निवासरत था। शुक्रवार की रात बृजराम के पडोस में रहने वाला घनश्याम यादव उसके घर में पत्थर बरसा रहा था। आवाज सुनकर बृजराम की बहू कलेश्वरी बाहर निकलकर देखी तो घनश्याम घर के पास ख?ा हुआ था। उसने पत्थर बरसाने का कारण पूछा तो घनश्याम उससे विवाद करने लगा। इसी बीच घनश्याम का भाई जगमोहन व पिता दरसराम लाठी लेकर मौके पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। बृजराम का पुत्र रामभरोस आवाज सुनकर घर से बाहर निकला तो देखा कि दरसराम, जगमोहन व घनश्याम उसके माता-पिता को मार रहे थे। लाठी से अपने बुजुर्ग पिता को मारते देख वह बीच बचाव के पहुंचा तो उसकी भी जमकर पिटाई कर दी गई। हंगामे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तब तक तीनों भाग चुके थे। घायल बृजराम, रामिन बाई व रामभरोस को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गयाए जहां चिकित्सकों ने बृजराम को मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलते ही परिजन जिला अस्पताल पहुंचे और हंगामा मचाना शुरू कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस केवरिष्ठ अधिकारी भी जिला अस्पताल पहुंच गए थे।

उन्होंने किसी तरह परिजनों को समझाकर शांत कराया। शनिवार की सुबह वैधानिक कार्रवाई पूरी कर मृतक का पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने इस मामले में मारपीट करने वाले दरसराम यादव पिता तुलाराम यादव 52, घनश्याम यादव पिता दरसराम 21 व जगमोहन यादव पिता दरसराम 29 को गिरफ्तार कर लिया है।

# मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता 'लोकवाणी' में लगातार बढ़ रही है श्रोताओं की भागीदारी

- पोषण पुनर्वास केंद्र के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की तय होगी जिम्मेदारी
- मुख्यमंत्रीबघेल गोवर्धन पूजा को मनाया जाएगा गौठान दिवस के रूप में

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की 'स्वास्थ्य एवं मातृशक्ति' पर आधारित मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी के तीसरी कड़ी को आज सुबह 10.30 बजे से 10.55 बजे तक मुंगेली जिले के लोगों ने भी तन्मयता से सुना। मुख्यमंत्री की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी को सुनने के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड लोरमी के ग्राम अमलडीही के अटल व्यावसायिक परिसर में की गई थी। जहां कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, जिले के पुलिस अधीक्षक सीडी टंडन, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष शत्रुहन सोनू चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मायारानी सिंह, आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्री खाण्डेकर सहित महात्मा गांधी विचार पदयात्रा में शामिल सैकड़ों जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों एवं स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सुना। जिले में मुख्यमंत्री की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी को सुनने के लिए कलेक्टर डॉ. भुरे ने व्यापक व्यवस्था की थी। जिसके परिणामस्वरूप लोकवाणी सुनने के लिए लगातार श्रोताओं की भागीदारी बढ़ रही है।



मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति में मातृशक्ति की पूजा की परम्परा का उल्लेख कर सबका नमन करते हुए अपनी बात की शुरुआत की। मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ी में दाई-बहिनी सियान-जवान, लइका जम्मो मन ला जय जोहार के सरल और सरस संबोधन ने सबका दिल जीत लिया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी में कहा कि मातृशक्ति के सम्मान तथा नारी के उत्थान के लिए सरकार द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2019 को 'सुपोषण अभियान' की शुरूआत की गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि जच्चा और बच्चा का बेहतर स्वास्थ्य पहली प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि महिलाओं में व्याप्त एनीमिया को दूर करने और कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए व्यापक कार्यक्रम बनाए गए है। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना' तथा 'मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना' की शुरूआत कर दी है। इन दो योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक बस्तियों और बसाहटों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा रहे हैं, ताकि अस्पताल की सुविधाएं उन सभी लोंगो तक पहुंचा दी जाए, जो इससे छूट गए है। साथ ही प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना के लिए बड़ा कार्यक्रम बनाया गया है, जिसके तहत प्रदेश में पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 25 उप स्वास्थ्य केन्द्र और जगदलपुर, रायगढ़ जिला चिकित्सालय में ट्रामा यूनिट, बिलासपुर में बर्न यूनिट आदि के लिए बजट प्रावधान किए गए है। बिलासपुर तथा जगदलपुर मेडिकल कालेज में मल्टी स्पेश्यालिटी हास्पिटल की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अपने मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी में कहा कि छत्तीसगढ़ में त्यौहारों की एक समृद्ध श्रृंखला है। यहां हरेली, तीजा के बाद इसी माह क्वांर में नवरात्र पर्व भी उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश के चारों ओर दंतेश्वरी मैया, बम्लेश्वरी मैया, चन्द्रहासिनी दाई, महामाया दाई और गांव-गांव में शीतला मैया, देवी के नौ स्वरूपों की धूमधाम से पूजा-अर्चना की गई। इसी तरह गांव-गांव में रामलीला और आदिवासी अंचल बस्तर में दशहरा पर्व की छटा सहित छत्तीसगढ़ की विविध लोक संस्कृति देश-दुनिया तक विख्यात है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि त्यौहारों की इस श्रृंखला में शरद पूर्णिमा, लक्ष्मी पूजा, गोवर्धन पूजा, मातर, भाई-दूज आदि का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हमारे यहां गौरा-गौरी, गोवर्धन पूजा और मातर-भाईदूज के साथ पड़की-सुवा और राउत नाचा से दीवाली के रंग चटख होते हैं। इसलिए गौरा-गौरी उत्सव और गोवर्धन पूजा को 'गौठान दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। उन्होने कहा कि आगामी 27, 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता होगी। चुने हुए नृत्य दल जिला तथा राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगे।

### रेडियो वार्ता में मुख्यमंत्री भूपेश ने की घोषणा, लोकवाणी को लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना

# बिलासपुर व जगदलपुर मेडिकल कालेज में मल्टी स्पेश्यालिटी हास्पिटल की सुविधा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की स्वास्थ्य एवं मातृशक्ति पर आधारित मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी के तीसरे प्रसारण को लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। बिलासपुर के लखीराम ऑडिटोरियम में लोकवाणी श्रवण की व्यवस्था की गई थी। जिसमें जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी,कर्मचारी तथा गणमान्य नागरिकों ने लोकवाणी को सुना। इसके अलावा जिले के नगर एवं ग्राम पंचायत तथा छात्रावास.आश्रमों के बच्चों ने भी लोकवाणी को सुना।



मुख्यमंत्री ने मासिक रेडियो वार्ता में छत्तीसगढ़ की संस्कृति में मातृशक्ति की पूजा की परम्परा का उल्लेख कर उनका नमन करते हुए अपनी बात की शुरुआत की। लोकवाणी में माताओं.बहनों ने राज्य सरकार के सुपोषण अभियान की सराहना करते हुए इसे गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए फायदेमंद बताया। खैरागढ़ में एक श्रोता से स्वास्थ्य सेवाओं के हाल और पोषण पुनर्वास केन्द्र के संचालन पर मिले फीडबेक पर मुख्यमंत्री लोकवाणी में कहा कि खैरागढ़ में 50 बिस्तर का अस्पताल खुलेगा और खैरागढ़ सहित पूरे प्रदेश में ष्पोषण पुनर्वास केन्द्रों के सुचारु संचालन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

बघेल ने लोकवाणी में कहा कि राज्य में हमारी सरकार आने के बाद यहां महिलाओं के हित तथा उत्थान पर विशेष ध्यान देते हुए पहली प्राथमिकता मातृशक्ति को दी गयी है। महिलाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में पहली बार तीजा तथा हरेली जैसे त्यौहारों में अवकाश घोषित किए गए। जिससे वे पूरे उत्साह तथा धूमधाम से पूरे परिवार के साथ खुशी.खुशी त्यौहार मनाएं। श्री बघेल ने लोकवाणी में यह जानकारी भी दी कि आगामी 27, 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता होगी। चुने हुए नृत्य दल जिला तथा राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इससे ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में गौरा.गौरी उत्सव और गोवर्धन पूजा को गौठान दिवस के रूप में मनाने का भी निर्णय लिया है। मातृशक्ति के सम्मान तथा नारी के उत्थान के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2019 को छत्तीसगढ़ में ष्सुपोषण अभियानष् की शुरूआत की गई है। सुपोषण अभियान बच्चों में कुपोषण दूर करने सहित गर्भवती माताओं तथा शिशुवती माताओं के लिए बहुत फायदेमंद है। जिन स्थानों में स्वास्थ्य अधोसंरचना उपलब्ध नहीं हैए वहां के निवासियों को इलाज से वंचित न होना पड़े। इसके लिए मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना तथा ष्मुख्यमंत्री शहरी स्लम योजना की शुरूआत कर दी गई है। प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना के लिए बड़ा कार्यक्रम बनाया गया है, जिसके तहत प्रदेश में पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 10 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, 25 उप स्वास्थ्य केन्द्र और जगदलपुर, रायगढ़ जिला चिकित्सालय में ट्रामा यूनिट, बिलासपुर में बर्न यूनिट आदि के लिए बजट प्रावधान किए गए है। बिलासपुर तथा जगदलपुर मेडिकल कालेज में मल्टी स्पेश्यालिटी हास्पिटल की सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी। सार्वभौम पीण्डीएसण् के माध्यम से सबको सस्ता अनाजए जरुरतमंदों को मिट्टी का तेलए आदिवासी अंचलों में नमक, चना तथा बस्तर में गुड़ आदि सुचारु रुप से प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। इतना ही नहीं शहरों में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजना शुरु की गई है। इससे अपने वार्ड स्थित कार्यालय में सबकी समस्या का हल हो जाए। मुख्यमंत्री ने लोकवाणी के दौरान श्रोताओं के अनेक प्रश्नों का भी जवाब दिया।

# साल्हेघोरी में आयोजित हुआ महात्मा गांधी विचार पदयात्रा



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर ग्राम साल्हेघोरी में आयोजित महात्मा गांधी विचार पदयात्रा कार्यक्रम में शासकीय हाईस्कूल साल्हेघोरी के विद्यार्थियों ने स्वच्छता संबंधी नाटक का मंचन किया। विद्यार्थियों ने अपने नाटक में स्वच्छता संबंधी विभिन्न आयामों की प्रस्तुति दी। जिसे कलेक्टर सहित महात्मा गांधी विचार पदयात्रियों और ग्रामीणों ने खूब सराहा। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, जिले के पुलिस अधीक्षक सीडी टंडन, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष शत्रुहन सोनू चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मायारानी सिंह, श्री खाण्डेकर, एसडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित स्थानीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### खैरागढ़ में खुलेगा 50 बिस्तर का अस्पताल

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी में जिले के खैरागढ़ में 50 बिस्तर अस्पताल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने खैरागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में संचालित पोषण पुर्नवास केन्द्र के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की बात भी कही। श्री बघेल ने लोकवाणी में खैरागढ़ के एक श्रोता मोहम्मद नासिर मेमन से खैरागढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं के हाल तथा पोषण पुर्नवास केन्द्र के संचालन के संबंध में मिले फ ीडबैक पर 50 बिस्तर अस्पताल खोलने की बात कही। बघेल ने कहा कि खैरागढ़ का पोषण पुर्नवास केन्द्र जल्द शुरू हो जाएगा। यहां 50 बिस्तर अस्पताल खोला जाएगा।

### अतिथि व्याख्याता और शिक्षक के लिए 17 तक आवेदन आमंत्रित

**राजनांदगांव।** जिले के पेण्ड्री और मानपुर में संचालित एकलव्य आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2019-20 में अध्यापन कार्य के लिए मानदेय पर अतिथि व्याख्याता (पीजीटी) एवं अतिथि शिक्षक (टीजीटी) रखे जाएंगे। इन पदों पर कार्य करने के इच्छुक योग्य अभ्यर्थियों से 17 अक्टूबर की शाम साढ़े 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कलेक्टोरेट परिसर स्थित सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में आवेदन जमा किए जा सकते हैं। इन पदों की पात्रता, शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्रारूप इस कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी के लिए जिले की वेबसाईट https://rajnandgaon.nic.in में अवलोकन किया जा सकता है।

### एकलव्य पेण्ड्री का मुकेश कैरम में विजयी

**राजनांदगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेण्ड्री, राजनांदगांव कक्षा 12वीं का छात्र मुकेश गावड़े पिता देवसाय गावड़े विषय गणित विगत दिनों बलौदा बाजार में आयोजित सीनियर वर्ग कैरम प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रमाण पत्र और ब्राउंज मेडल प्राप्त किया। इस विद्यालय और जिला को गौरवन्वित किया। विगत दिनों में संस्था के दाऊ.मंदाराजी ऑडिटोरियम में आयोजित पालक.बालक सम्मेलन के दौरान मुख्य अतिथि रमेश हिजामें के कर कमलों से प्रदान किया गया वही दूसरी ओर संस्था की ओर से संस्था के प्राचार्य उपेन्द्र देवाँगन द्वारा 2001 रू दो हजार एक मात्रद्ध का चेक छात्र मुकेश को सौजन्य भेंट की गई। उसकी इस उपलब्धि से संस्था में हर्ष व्याप्त है।

# निकाय चुनाव : पार्षद चुनेंगे अध्यक्ष, एक ही स्ट्रोक में ध्वस्त हो गई सारी रणनीति

## पुरानी प्रणाली दोहराने से दावेदारों के फूले हाथ-पांव

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ऐन नगरीय निकाय चुनावों से पहले प्रदेश कांग्रेस सरकार ने विपक्षी दलों और दावेदारों को तगड़ा झटका दिया है। लगभग यह तय है कि छत्तीसगढ़ में अब महापौर और अध्यक्षों का चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। लंबे समय से इसके कयास थे लेकिन उस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इन संभावनाओं को नकार कर मामला शांत करा दिया था। लेकिन हाल में ही उन्होंने इस चुनाव प्रणाली को जायज ठहराते हुए लगभग तय कर दिया है कि इस दफ नगरीय निकाय चुनाव में सिरमौर पार्षद ही होंगे।

चुनाव की इस पुरानी प्रणाली को दोहराने के राज्य सरकार के निर्णय से दावेदारों के हाथ.पैर फूलने लगे हैं। इन परिस्थितियों में दावेदारों के सामने नई चुनौती आ खड़ी हुई है। अब उन्हें पहले वार्ड से चुनकर सदन पहुंचना होगा। इसके बाद पार्षदों को अपने पक्ष में साधने का सिर फुटौव्वल उनके लिए सबसे बड़ी परेशानी बनकर सामने आएगा। वहीं जुलाई में राज्य सरकार ने वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर महापौर और अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की व्यय सीमा में संशोधन किया था। उसके मुताबिक नगर निगमों महापौर प्रत्याशी 10 से 20 लाख, नगर पालिकाओं में अध्यक्ष प्रत्याशी छह से आठ लाख और नगर पंचायतों के अध्यक्ष प्रत्याशी चार लाख तक खर्च कर सकते हैं। इसमें एक पेंच यह भी है कि निकाय चुनाव आरक्षण तब भी लागू होंगे जब पार्षद अध्यक्ष चुनेंगे। इस बड़े पेंच के चलते भी मामला फंसता नज़र आ रहा है। दावेदारों के सामने बड़ी चुनौती यही है कि वे किस वार्ड से चुनाव लड़कर सदन तक पहुंच पाएंगे। कई दावेदार ऐसे भी हैं जो आरक्षण के चलते अपने ही घरेलू वार्ड से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इन परिस्थितियों में उन्हें दूसरे वार्ड का रुख करना होगा और वहां पहले से मौजूदा उम्मीदवार उनकी दिक्कतें बढ़ा सकते हैं।

पायनियर नगर संग्राम




### लॉबिंग के बाद मिला झटका

नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण बाद राजनीतिक दलों में दावेदार लॉबिंग के लिए जी जान से जुटे हुए थे। कांग्रेस और भाजपा दोनों में ही ऐसे लोगों की कमी नहीं थी जो शहर से लेकर राजधानी तक रोजाना दौड़ लगा रहे थे। इन दावेदारों में अब असमंजस की स्थिति है। दरअसलए पूर्व में मुख्यमंत्री व मंत्री ने ऐसी किसी भी संभावना से इंकार कर राजनीतिक माहौल स्थिर रखा था लेकिन अब इसमें उठा.पटक की स्थिति निर्मित हो गई है।

### 1999 तक पार्षदों ने चुना था अध्यक्ष

1995 में जब फिर से चुनाव हुआए तो जनता ने पार्षदों और पार्षदों ने महापौर को चुना था। प्रदेश के बाकी नगरीय निकायों में यही नियम चल रहा था। यह व्यवस्था 1999 के पहले तक चली। इसके बाद नियम में बदलाव हुआ। जनता ही सीधे पार्षदों के साथ महापौर और अध्यक्षों का भी चुनाव करने लगी। 2000, 2004, 2009 और 2014 का चुनाव ऐसे ही हुआ।

### किसे फायदा, किसे नुकसान

पार्षदों के बूते निकाय की सत्यता का रास्ता तय करने को लेकर अब राजनीतिक विश्लेषकों की भौंहे तन गई है। आंकड़ों पर नज़र डाली जा रही है कि आखिर इस निर्णय से किसे फायदा और किसे नुकसान है। वर्तमान में प्रदेश भर के 151 निकायों में भाजपा पार्षदों की संख्या ज्यादा है। दूसरी ओर एक पक्ष यह भी है कि शहरी क्षेत्र में भाजपा का जनाधार अच्छा रहा है। हालांकि भाजपा स्वयं इस निर्णय की खिलाफत कर रही है। भाजपा नेता खुले तौर पर इस फैसले को जनता से धोखा बता रहे हैं।

राजनीतिक पंडितों की माने तो पार्षद से महापौर चुना जाएगा तो इसका सीधा नुकसान भाजपा पार्टी को उठाना पड़ सकता है। चूंकि राज्य में निकाय चुनाव को लेकर की गई भाजपा की तैयारियां ध्वस्त होती दिख रही हैं। वहीं देखा जाए तो जीते हुए पार्षदों को अपनी ओर करने कांग्रेस बड़े दांव.पेंच कर सकती है।



मुख्यमंत्री जी को डर किस बात का है ये समझ से परे है । पहले उन्होंने महासमुंद के एक कार्य म में कहा था कि जनता ही अपना महापौर चुनेगी, लेकिन अब अचानक से पैंतरा बदलते हुए वो अपनी बात से मुकर गए हैं । लोकतांत्रिक देश मे शहर के प्रथम नागरिक को चुनने का अधिकार जनता का होना चाहिए लेकिन प्रदेश में सत्ता पर काबिज कांग्रेस की सरकार भय की वजह से जनता से यह अधिकार छीन रही है ।

**-शोभा सोनी,** पूर्व महापौर राजनांदगांव

# 16 से शिक्षक फेडरेशन करेगा कलेक्टोरेट का घेराव



- अपनी 22 सूत्रीय मांगों को लेकर फेडरेशन ने तैयार की रणनीति

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन 16 अक्टूबर को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय. राजनांदगांव का अनिश्चितकालीन 24 घंटे दिन.रात घेराव करेगा। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिलाध्यक्ष शंकर साहू ने बताया कि विगत दिनों जिला कलेक्टरए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व जिला शिक्षाधिकारी को पूर्व से लम्बित मांगों को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने हेतु मांगपत्र सह अल्टीमेटम दिया गया था। आज पर्यंत हमारी मांगों पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया गया हैए जिसके कारण जिले भर के शिक्षकों में रोष व्याप्त हैए इस कारण आंदोलन में जाने के लिए बाध्य हो गए हैं, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन.प्रशासन की होगी।

उन्होंने कहा कि विगत लगभग एक वर्षों से लगातार ज्ञापन उच्चाधिकारियों को देकर बातचीत कर समस्यायों को हल करने का प्रयास फेडरेशन के द्वारा किया गयाए लेकिन किसी भी प्रकार से समस्यायों पर कोई कार्यवाही नही होने से जिले भर के शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। अब जिले भर के शिक्षको द्वारा 22 सूत्रीय मांगों के पूर्ति के लिए आर.पार की लड़ाई लड़ने के लिए संकुल स्तर से ब्लॉक व जिला स्तर पर बैठकों का दौर लगातार जारी है। 22 सूत्रीय मांगों को पूरा कराने के संबंध में राजनांदगांव जिले के छुरिया विधानसभा के विधायक. छन्नी चन्दू साहू व डोंगरगांव विधानसभा के विधायक. दलेश्वर साहू से भी सैंकड़ों की संख्या में फेडरेशन के साथी प्रदेश अध्यक्ष. मनीष मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर समस्याओं को हल कराने उचित पहल करने हेतु बातचीत भी किया गयाए जिसमे विधायकों ने जिला कलेक्टर से जल्द ही बातचीत कर मांगों की पूर्ति हेतु सार्थक पहल कर समाधान करने की बात कही। फेडरेशन ने कहा कि कलेक्ट्रेट घेराव को टालने के लिए विगत पूर्व में दो बार जिला शिक्षाधिकारी द्वारा फेडरेशन के नाम से 05 सूत्रीय मांगों को जल्द पूरा कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया गया था, लेकिन आज पर्यन्त तक उसमे भी किसी भी प्रकार से कोई कार्यवाही नही किया गया है।

# ग्राम तुमड़ीलेवा में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



ग्राम तुमड़ीलेवा में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के फ इनल मैच में बतौर विशिष्ट अतिथि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जोगी के जिलाध्यक्ष शमसुल आलम सम्मिलित हुए। जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने सभी खिलाड़ियों व दर्शको को संबोधित करते हुए अपने रैप गाने से मंत्रमुग्ध कर महिलाओं के सम्मान के प्रति प्रेरित करते हुए सभी खिलाड़ियों तथा ग्रामवासियों के हर मुद्दे पर साथ खड़े होकर शासन प्रशासन के खिलाफलड़ाई लड़ने का आश्वासन दिया। इसके अलावा जिलाध्यक्ष शमसुल आलम के साथ जिलाउपाध्यक्ष देव सिन्हा, युवा नेता अतुल पंसारी,राहुल गायकवाड़, आकाश यादव तथा मो शान भी अतिथि के रूप सम्मिलित हुए। शमसुल व युवा जनता कांग्रेस की टीम ने सभी ग्राम वासियों व युवा संगठन के लोगों का ह्रदय से आभार व्यक्त किया।



**किसान के खेत में पक रहा है सोना**

**राजनांदगांव। महीनों सहेजी, संभाली गई फसल अब पकने की ओर है। इस बार फिर बारिश ने किसानों से छल किया। इसके बाद जो कुछ भी बचा है वो अन्नदाता के लिए राहत की आखिरी किस्त है। इतने दिनों तक सहेजी गई फसल के पकते दानों को देखकर कई किसानों की आंखे झलक उठती हैं। आखिर में जो सही लेकिन उनकी मेहनत का सोना उनके हिस्से आया है।**

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

# क्षति निर्धारण के लिए किया जाता है रेण्डम पद्धति का प्रयोग

- सोयाबीन फसल में फसल कटाई प्रयोग शुरू
- अन्य बीमित फ सलों के लिए खसरा और प्लाट के चयन की प्रक्रिया जारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

फसलों को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन,कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान होने पर किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के अनुसार बीमा दावे के रूप में वित्तीय संरक्षण प्रदान किया जाता है। जिले में सोयाबीन फसल में फसल कटाई प्रयोग शुरू हो गया है। अन्य बीमित फसलों की फसल कटाई प्रयोग के लिए खसरा और प्लाट का चयन रैण्डम पद्धति से किया जा रहा है।

**खरीफ एवं रबी 2018.19 में किसानों को मिला लाभ :** जिले में पिछले खरीफ मौसम में 1 लाख 45 हजार 942 ऋणी एवं 68 हजार 354 अऋणी किसानों अर्थात 2 लाख 14 हजार 296 किसानों के 2 लाख 79 हजार 676 हेक्टेयर रकबे को बीमित किया गया। इसके लिए 20 करोड़ 29 लाख रूपए कृषक प्रीमियम राशि बीमा कंपनी को दी गई। फ सल कटाई उपरांत क्षति आंकलन के आधार पर 1 लाख 30 हजार 424 किसानों को 240 करोड़ रूपये का दावा भुगतान प्राप्त हुआ है।

इसी प्रकार रबी मौसम 2018.19 में 56 हजार 057 ऋणी एवं 15 हजार 818 अऋ णी किसानों कुल 71 हजार 875 किसानों के 1 लाख 02 हजार 248 हेक्टेयर रकबे की फसलों का बीमा किया गया। इस मौसम में 4 करोड़ 73 लाख रूपए की प्रीमियम राशि बीमा कंपनी को भुगतान किया गया। फसल कटाई के बाद आंकलन के आधार पर 23 हजार 580 किसानों को 17 करोड़ 66 लाख रूपए का बीमा दावा भुगतान प्राप्त हुआ है।

चालू खरीफ मौसम में योजना के अंतर्गत 1 लाख 95 हजार 615 ऋणी एवं 51 हजार 453 अऋ णी किसानों अर्थात कुल 2 लाख 47 हजार 068 किसानों के 2 लाख 86 हजार 757 हेक्टेयर रकबे की फसलों को बीमा दायरे में लाया गया हैं।

### फसल कटाई प्रयोग से क्षति निर्धारण

किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देने मात्र से दावा राशि की पात्रता नहीं बनती है और न ही अकालए सूखा अनावारी रिपोर्ट के आधार पर बीमा दावे का निर्धारण किया जाता है। योजना में बीमा दावे के भुगतान का निर्धारण बीमित ग्राम एवं फसल में पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा आयोजित दो.दो ;कुल 4 प्रति फसलद्ध फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज का निर्धारित थ्रेसहोल्ड उपज से तुलना के बाद बीमा कंपनी द्वारा बीमा राशि किसानों को दी जाती है।

### थ्रेसहोल्ड उपज

विगत 7 वर्षों के उपज आंकड़ों में से 2 वर्ष के आपदा वर्ष न्यूनतम उपज आंकड़ों को छोड़कर शेष 5 वर्षों के आंकड़ों के आधार पर बीमा इकाईवारध्फसल वार थ्रेसहोल्ड उपज का निर्धारण किया जाता है। फसल कटाई प्रयोग योजना की आत्मा हैए जिसके द्वारा गांव में फसल की क्षति निर्धारित होती है। रैण्डम पद्धति से चयनित खसरा.प्लाट में आयोजित फसल कटाई प्रयोग की औसत उपज से प्रति हेक्टेयर वास्तविक उपज का निर्धारण होता है। वर्तमान में योजना के अंतर्गत सोयाबीन फसल में फसल कटाई प्रयोग शुरू हो गया है। अन्य बीमित फसलों की फसल कटाई प्रयोग हेतु खसरा.प्लाट का चयन रैण्डम पद्धति से किया जा रहा है। जिसकी जानकारी किसान संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं पटवारी से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते हैं।

## तीसरी कड़ी में सीएम ने प्रदेशवासियों को दी स्वास्थ्य तथा मातृशक्ति पर केन्द्रित योजनाओं की जानकारी

# पोषण पुनर्वास केन्द्रों के संचालन के लिए तय की जाएगी अधिकारियों की जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज स्वास्थ्य एवं मातृशक्ति पर आधारित मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकवाणी के तीसरे प्रसारण की शुरूआत दाई.बहिनीए सियान.जवानए लइका जम्मो मन ला जय जोहार से की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में इस सरल और सरस संबोधन के साथ पूरे वातावरण को सहज बना दिया। मुख्यमंत्री ने मासिक रेडियो वार्ता में छत्तीसगढ़ की संस्कृति में मातृशक्ति की पूजा की परम्परा का उल्लेख कर उनका नमन करते हुए अपनी बात की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी का श्रोताओं से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस कार्यक्रम में श्रोताओं की लगातार बढ़ रही भागीदारी ने इस कार्यक्रम को और अधिक उपयोगी बना दिया है। श्रोता सरकार की योजनाओं पर अच्छे फीडबैक के साथ महत्वपूर्ण सुझाव भी दे रहे हैं। लोकवाणी में माताओं.बहनों ने राज्य सरकार के सुपोषण अभियान की सराहना करते हुए इसे गर्भवती और शिशुवती माताओं के लिए फायदेमंद बताया। खैरागढ़ में एक श्रोता से स्वास्थ्य सेवाओं के हाल और पोषण पुनर्वास केन्द्र के संचालन पर मिले फीडबेक पर मुख्यमंत्री लोकवाणी में ही कहा कि खैरागढ़ में 50 बिस्तर का अस्पताल खुलेगा और खैरागढ़ सहित पूरे प्रदेश में पोषण पुनर्वास केन्द्रों के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति देश.दुनिया तक विख्यात :** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी में कहा कि राज्य में हमारी सरकार आने के बाद यहां महिलाओं के हित तथा उत्थान पर विशेष ध्यान देते हुए पहली प्राथमिकता मातृशक्ति को दी गयी है। महिलाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य में पहली बार तीजा तथा हरेली जैसे त्यौहारों में अवकाश घोषित किए गए। जिससे वे पूरे उत्साह तथा धूमधाम से पूरे परिवार के साथ खुशी.खुशी त्यौहार मनाएं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में त्यौहारों की एक समृद्ध श्रृंखला है। यहां हरेलीए तीजा के बाद इसी माह क्वांर में नवरात्र पर्व भी उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश के चारों ओर दंतेश्वरी मैया, बम्लेश्वरी मैया, चन्द्रहासिनी दाई, महामाया दाई और गांव.गांव में शीतला मैया, देवी के नौ स्वरूपों की धूमधाम से पूजा.अर्चना की गई। इसी तरह गांव.गांव में रामलीला और आदिवासी अंचल बस्तर में दशहरा पर्व की छटा सहित छत्तीसगढ़ की विविध लोक संस्कृति देश.दुनिया तक विख्यात है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी में यह जानकारी भी दी कि आगामी 27, 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता होगी। चुने हुए नृत्य दल जिला तथा राज्य स्तर पर प्रदर्शन करेंगे। इससे ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर तक प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलेगा। महोत्सव में पूरे देश से आए आदिवासी नृत्य दलों का प्रदर्शन भी होगा, जो छत्तीसगढ़ को सांस्कृतिक तौर पर पूरे देश और दुनिया से जोड़ेगा।

### गौठान दिवस के रूप में मनाया जाएगा गोवर्धन पूजा

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि त्यौहारों की इस श्रृंखला में शरद पूर्णिमा के अवसर पर रात में अमृत बरसेगा और यहां रामधुनी का कार्य म लोगों में उल्लास भरेगा। इसके बाद लक्ष्मी पूजाए गोवर्धन पूजा, मातर, भाई.दूज आदि का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। हमारे यहां गौरा.गौरी, गोवर्धन पूजा और मातर.भाईदूज के साथ पड़की.सुआ और राउत नाचा से दीवाली के रंग चटख होते हैं। इसलिए हमने गौरा.गौरी उत्सव और गोवर्धन पूजा को श्गौठान दिवस्य के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। त्यौहारों का पूरा सिलसिला हमारी समृद्ध संस्कृति के स्मरण और उत्थान तथा हमारी मातृशक्ति को जागृत करता है। इस मातृशक्ति के सम्मान तथा नारी के उत्थान के लिए हमारी सरकार द्वारा महात्मा गांधी 150वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2019 को छत्तीसगढ़ में सुपोषण अभियान्य की शुरूआत की गई है।

### स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है सुपोषण अभियान

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि सुपोषण अभियान बच्चों में कुपोषण दूर करने सहित गर्भवती माताओं तथा शिशुवती माताओं के लिए बहुत फायदेमंद है। जच्चा और बच्चा का बेहतर स्वास्थ्य हमारी पहली प्राथमिकता में है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में 15 से 49 वर्ष की 47 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित है। अठारह साल सेए कम से कम 35 साल तक की उम्र तक आमतौर पर गर्भवती माताओं के रूप में महिलाओं को बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। यदि 15 से 49 वर्ष तक की महिलाओं में खून की कमी होगीए तो वे अपने परिवार की इस सबसे बड़ी जिम्मेदारी को कैसे निभा पाएंगे। अगर माता ही कुपोषित हैए खून की कमी की शिकार है तो वह किस प्रकार से स्वस्थ्य शिशु को जन्म देगी। यही वजह है कि पांच वर्ष से कम आयु के 37.5 प्रतिशत बच्चे कुपोषित रह जाते है। अर्थात् जिस नींव परए जिस बुनियाद पर परिवार, प्रदेश और देश की ईमारत खड़ी होनी है, उस ईमारत को कमजोर छोड़कर कैसे मजबूत प्रदेश और मजबूत भारत की बातें कर सकते है। इसे ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार द्वारा समुदाय की समुचित भागीदारी,स्थानीय जनता की रूचि और स्थानीय पोषण सामग्री के उपयोग पर बल दिया गया और पहले की पूरक.पोषण आहार देने की व्यवस्था में आमूल.चूल बदलाव कर प्रदेश भर में सुपोषण अभियान का यह महत्वपूर्ण कार्य म लागू किया गया है।

## विश्व हृदय दिवस पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में सीएमई का आयोजन

# भागदौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति तनावग्रस्त हृद्य रोग की बीमारियों से बचने सजग रहें

### हृद्य रोग संबंधित बीमारियों में आज की चुनौतियों पर विशेषज्ञों ने अपने अनुभव शेयर किए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स मोवा के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को विश्व हृद्य दिवस के अवसर पर एक निजी होटल में सीएमई आयोजन किया गया। जहां हृद्य रोग विशेषज्ञ एवं चिकित्सा जगत से जुड़े तमाम डॉक्टर्स ने सेमिनार में न केवल शामिल हुए बल्कि उन्होंने आज के दैनिक जीवन में खासतौर पर हृद्य से संबंधित रोग में चिकित्सकीय चुनौतियों से कैसे निपटे इस पर चिकित्सकों ने विचार मंथन कर अपने अनुभव शेयर किए। इस सीएमई में विशेषज्ञों ने स्कीन डिजिस, हार्ट अटैक और सर्जरी के दौरान किन-किन परिस्थितियों से होकर गुजरना पड़ता है, इसकी तकनीकी जानकारियां दी। विशेषज्ञों के अनुसार बदलते जीवनशैली और खान-पान की वजह से हृदयरोग से संबंधित बीमारियां काफी आम हो गई हैं। जीवन की आपाधापी के बीच सेहत और दिल को दुरुस्त रखना चुनौती बन रहा है। इनसे बचने के लिए खुद को तैयार करना होगा। लोगों को दिल की बीमारियों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन एवं श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के संयुक्त तत्वावधान में विश्व हृदय दिवस मनाया गया। जिससे लोग हृदय रोग की बीमारियों से सजग रहें भाग-दौड़ भरी जिंदगी में हर व्यक्ति तनावग्रस्त है। यही कारण है कि वृद्धावस्था में होने वाली दिल की बीमारी अब छोटी उम्र के लोगों को भी निशाना बना रही है। चिकित्सकों की मानें तो प्रदेश में 25 से 30 प्रतिशत लोग हृदय रोग संबंधित बीमारियों से ग्रसित हैं। महिलाओं में भी यह रोग तेजी से बढ़ रहा है। दिल का सबसे बड़ा दुश्मन तनाव है। इसका बड़ा कारण जीवनशैली है। इसके अलावा बिगड़ी दिनचर्या, गलत खानपान, प्रदूषण के चलते दिल से जुड़ी बीमारियां काफी बढ़ रही हैं। अब कम उम्र में भी इस बीमारी का सामना करना पड़ रहा है।







### दिल को दुरूस्त रखने के लिए सही खान–पान जरूरी

सीएमई में चिकित्सकों ने बताया कि दिल को दुरुस्त रखने के लिए सही खानपान, एक्सरसाइज और तनाव को दूर भगाना सबसे जरूरी है। तनाव के कारण मस्तिष्क से जो रसायन स्रावित होता हैं वे हृदय की पूरी प्रणाली खराब कर देते हैं। हृदय हमारे शरीर का ऐसा अंग है जो लगातार पंप करता है और पूरे शरीर में रक्त प्रवाह को संचालित करता है। हृदय संचार प्रणाली के मध्य में होता है और धमनियों और नसों जैसी रक्त वाहिनियां अशुद्ध रक्त को शरीर के हर भाग से हृदय तक ले जाती हैं और शुद्ध रक्त को हृदय से शरीर के हर भाग तक पहुंचाती हैं। हृदय की बीमारी का इलाज बचाव है। बचाव का सबसे सरल तरीका लाइफ स्टाइल में सही बदलाव है। एक जगह लगातार छह घंटे तक बैठना हृदय रोग का कारण बन सकता है।





### ये थे खास मेहमान

सीएमई में मुख्यतौर पर श्रीबालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के मेडिकल डायरेक्टर गेस्ट्रो व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. देवेन्द्र नायक ने भी अपने चिकित्सकीय अनुभवों को साझा किया। वहीं, डीएम कार्डियो सर्जन डॉ. बविन्दर चुघ, डीएनबी, कार्डियो डॉ. असलम खान एवं एमसीएच, सीटीवीएस डॉ शशिकांत वी ने हृद्य रोग संबंधित चुनौतियों को बड़े ही आसान तरीके से निपटने के बारे में विस्तृतरूप से बताया। वहीं, कार्यक्रम के अध्यक्ष के तौर पर एम्स के डायरेक्टर डॉ. नितिन एम नागरकर, डॉ. शशांक गुप्ता, डॉ. एसके गोयल एवं डॉ. आशीष महोबिया शामिल हुए। इस अवसर पर आईएम प्रेसिडेंट डॉ. अनिल जैन, सीएमई को-ऑर्डिनेटर आईएमए रायपुर डॉ. विजय पी माखिजा, आईएमए रायपुर सेक्रेटरी डॉ. आशीष जैन, हिमांशु साहू, नितिन पटेल, डॉ. शुभम अवस्थी सहित प्रदेशभर से आए चिकित्सकों ने सीएमई में शिरकत की।






# बिलासपुर–रायगढ़ रूट की ट्रेनें कल से 23 अक्टूबर तक अनियमित रहेगी

### दर्जनों लोकल–पैसेंजर रहेंगी रद्द, कई गंतव्य से पूर्व होगी समाप्त

- दपूमरे के हथबंद स्टेशन पर बिलासपुर-रायपुर लाइन में लॉन्ग लूप का चलेगा कार्य

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल अंतर्गत हथबंद स्टेशन पर बिलासपुर रायपुर लाइन इलेक्ट्रिफिक्रेशन ए रूट सेक्शन में प्री एनआई / एनआई कमिश्निंग ऑफलॉन्ग लूप का कार्य चलने के कारण 13 से 23 अक्टूबर तक कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इनमें कई ट्रेनें रद्द रहेंगी तो वहीं कई ट्रनों को गंतव्य से पहले और कुछ ट्रेनों को रिशेड्यूल कर चलाया जाएगा।

**रद्द रहने वाली ट्रेनें:**

➢68746 रायपुर गेवरारोड मेमू 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक 08 दिनों के लिये रद्द रहेगी ।

➢68745 गेवरारोड- रायपुर मेमू 14 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 08 दिनों के लिये रद्द रहेगी ।

➢58204 रायपुर- गेवरा रोड पैसेंजर 13 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक 08 दिनों के लिये रद्द रहेगी ।

➢58203 गेवरा रोड -रायपुर 14 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक 08 दिनों के लिये रद्द रहेगी।

➢12856 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक 07 दिनों के लिये रद्द रहेगी।

➢12855 बिलासपुर -इतवारी इंटरसिटी एक्सप्रेस 14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक 07 दिनों के लिये रद्द रहेगी।

➢22886 टाटा- एलटीटी एक्सप्रेस 13 अक्टूबर एवं 17 अक्टूबर तक 02 दिनों के लिये रद्द रहेगी।

➢22885 एलटीटी -टाटा एक्सप्रेस 15 अक्टूबर एवं 19 अक्टूबर तक 02 दिनों के लिये रद्द रहेगी।

➢17005 हैदराबाद -रक्सौल एक्सप्रेस 17 अक्टूबर को 01 दिन के लिये रद्द रहेगी।

➢17006 रक्सौल- हैदराबाद एक्सप्रेस 20 अक्टूबर को 01 दिन के लिये रद्द रहेगी।

➢17007 सिकंदराबाद -दरभंगा एक्सप्रेस 15 अक्टूबर एवं 19 अक्टूबर तक 02 दिनों के लिये रद्द रहेगी।

श्री बालाजी
हॉस्पिटल मोवा, रायपुर
न्यूरो सर्जरी, अस्थि एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग
घुटना प्रत्यारोपण
(TOTAL KNEE REPLACEMENT)
₹ 1,50,000/-*
कूल्हा प्रत्यारोपण
(TOTAL HIP REPLACEMENT)
₹ 1,60,000/-*
स्पाईन सर्जरी
₹ 70,000/-*
आयुष्मान से इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा भी उपलब्ध
*नियम व शर्तें लागू
दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
9926191294,9340098466

# आदिवासी संस्कृति को सहेजने 'विश्व आदिवासी सांस्कृतिक महोत्सव' का आयोजन प्रशंसनीय कदम

- **मुख्यमंत्री की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी में आम नागरिकों ने दी प्रतिक्रिया**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी आज रायपुर के मठपुरेना स्थित व्यायामशाला में उत्साह के साथ सुनी गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लोकवाणी कार्यक्रम में बताया गया कि विभिन्न पहलुओं पर मठपुरेना निवासी श्री कोमल प्रसाद देवांगन ने त्वरित प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी माह नवम्बर में विश्व आदिवासी सांस्कृति महोत्सव का आयोजन राजधानी रायपुर में किया जा रहा है, यह आदिवासी संस्कृति को सहेजने के लिए प्रशंसनीय कदम है। वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजन के पहले विकासखण्ड स्तर और जिला स्तर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद चयनित सांस्कृतिक दलों को राजधानी में आयोजित विश्व स्तरीय आदिवासी संस्कृति महोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यह आदिवासी संस्कृति को बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम होगा। वार्ड पार्षद अमित दास ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने लोकवाणी के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को कुपोषण और खून की कमी से निजात दिलाने के लिए प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों में उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम किए जाने की बात बतायी, वह आम गरीबों एवं प्रदेश वासियों के लिए उल्लेखनीय कदम है। लोकवाणी कार्यक्रम को जोन कमिश्नर श्री विनय मिश्रा सहित सर्वश्री सुकालू साहू, शंकर सोनवानी, प्रभात तिवारी, बाबूलाल धीवर, रामचरण साहू तथा बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने उत्साह के साथ सुना।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी
- पिताशय की पथरी (गाल ब्लेडर स्टोन)
- हर्निया • एपेन्डिक्स
- पाईल्स एवं फिस्टुला
- थायराइड एवं स्तन की गांठ
- आंतों के गाँठ एवं कैंसर
- आँतों का फटना एवं रूकना
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
9827143060/8871003060
Ajay Advt.

14 October PIONEER BAZAAR 2019

15 वर्षो से विश्वसनीय अब तक हजारों संतुष्ठ ग्राहक
गंजापन से आजादी मात्र 1 घंटे में
लेटेस्ट सिलिकान बॉडिंग
Free Demo
बिना सर्जरी के अमेरिकन, (ट्रांसपेरेंट पैच) तकनीक से
मनचाहा हेयर स्टाईल पायें
Man & Woman
हेयर एण्ड केयर विविंग प्वांइट
Before After
रायपुर शॉप नं.-19, प्रथमतल समवेत शिखर परिसर, एकात्म परिसर के सामने रजबंधा मैदान, रायपुर, मो.: 98271-03630, फोन: 0771-6451630
बिलासपुर ए-214, सी.-1 श्रीनारायण प्लाजा, दूसरी मंजिल, श्रीकांत वर्मा मार्ग के सामने, लिंक रोड, बिलासपुर, मो.: 93006-60864, 98271-03630

ITR TDS GST
इनकम टैक्स रिटर्न फाईल मात्र 500/-
GST नम्बर / रिटर्न फाईल- TDS रिफंड
संपर्क करें शेखर गुप्ता 9300755544 9425165464
हमारे Tax Expert आपकी मदद करनें हेतु तैयार हैं।
देवेन्द्र नगर, रायपुर
WWW.ONLYTDS.COM

लोन लोन लोन लोन
50 हजार से 50 करोड़ तक के होम, मोर्टगेज एवं इंडस्ट्रियल लोन, प्रॉपर्टी टेकओवर, कंस्ट्रक्शन, सीसी लिमिट, पशुपालन, पोल्ट्रीफार्म, डेयरीफार्म, एग्रीकल्चर एवं बड़े-छोटे व्यापारों के लिए बिज़नेस व पर्सनल लोन आदि नेशनल एवं प्राइवेट बैंकों द्वारा फाइनेंस कराया जाता है। अधिक जानकारी के लिए
संपर्क- 8770775909, रायपुर। शर्तें लागू

होमलोन व मार्डगेजलोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रियकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होमलोन ब्याज दर मात्र 8.85 %*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 10 %*
• कोई छुपा खर्च नही • कोई कमीशन नहीं
• फास्ट प्रोसेसिंग • घर बैठे सुविधा
वर्तमान होम लोन, मार्डगेज लोन एवं सी सी लिमिट को ट्रांसफर कराएँ कम ब्याज दर पर कोई प्रोसेसिंग शुल्क नही लिया जायेगा।
*शर्तें लागू
Shri Siddhi Vinayak Finance
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, RAIPUR (C.G.)
Mo.9329002356

दोना पत्तल मशीन
सेमी आटोमेटिक मशीन में दोना पत्तल बनाओ और बना हुआ माल हमे वापस देकर एक निश्चित आय का साधन बनावें। पिछले 11 वर्षों का विश्वनीय संस्थान
नोट:- कोर्ट एग्रीमेन्ट वालो से सावधान रहे। कादम्बरी ट्रेडर्स हिरापुर रोड, महोबा बाजार अंडर ब्रिज के पास रायपुर
मो:8982606073, 9424215173

Toner Toner Toner Toner Toner Toner
12a Cartridge@400/-* (Compatible)
12a Refilling @200/-*
12a Refilled Cartridge @300/-*
On spot refilling also available
*Condition Apply
Callaway
Ajit Tower, Ramsagarpara, Raipur
9302787900, 9425211789

विज्ञापन हेतु जगह उपलब्ध
9827146567, 7723917757, 9329846567, 9303903469

Contact for Advertisement- 7723917757, 9827146567, 9329846567, 9303903469

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403